CMYK

तापमान अधिकतम :34°C न्यूनतम: 21°C
सेंसेक्स 80,288.38 निफ्टी 24,335.95
सोना 98,835 चांदी 1,00,500

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, बुधवार 30 अप्रैल 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 267 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 | 1 जिलकदा 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**कनाडा चुनाव में रचा गया इतिहास, फिर जीती ट्रूडो की पार्टी**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**पहली गेंद पर छक्का लगाना मेरे लिए आम बात: वैभव**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## जम्मू: सुरक्षा चिंताओं के बीच 48 पर्यटन स्थल बंद

■ जो पर्यटन स्थल खुले हैं वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में प्राधिकारियों ने सुरक्षा चिंताओं को ध्यान में रखते हुए घाटी के कम से कम 48 रिजॉर्ट और पर्यटन स्थलों को 'बंद' कर दिया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

यह निर्णय पिछले सप्ताह पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद सभी जिलों में किए गए व्यापक सुरक्षा ऑडिट के बाद लिया गया है। हमले में 25 पर्यटक और एक स्थानीय निवासी मारे गए थे। सुरक्षा ऑडिट का उद्देश्य सुरक्षा चूक का आकलन करना और सुप्रसिद्ध पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा उपायों को मजबूत करना था। पर्यटकों के लिए अब प्रतिबंधित प्रमुख स्थलों में बांदीपोरा जिले में गुरेज घाटी, बड़गाम में यूसमर्ग और दूधपथरी, दक्षिण कश्मीर में अहरबल, कोंसरनाग और वेरीनाग, बारामूला में कमान पोस्ट और कुपवाड़ा में सुरम्य बंगस घाटी शामिल हैं। एक अधिकारी ने कहा कि यह बंद अस्थायी है और आने वाले दिनों में बदलती सुरक्षा स्थिति के आधार पर इसकी समीक्षा की जाएगी। अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि जो पर्यटक स्थल खुले हैं, वहां पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। केन्द्रशासित प्रदेश वन विभाग ने भी पर्यटकों के लिए अपने सभी ट्रैकिंग रूट बंद कर दिए हैं। पिछले चार वर्षों में स्थानीय और गैर-स्थानीय दोनों तरह के पर्यटक कश्मीर के मैदानों और अल्पाइन ट्रेल्स पर खास तौर पर गर्मियों के ट्रैकिंग सीजन के दौरान आते रहे हैं।

### पाकिस्तानी सेना ने लगातार 5वीं रात नियंत्रण रेखा पर की गोलीबारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तान और भारत के बीच लगातार पांचवीं रात गोलीबारी हुई। सेना ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संघर्ष विराम उल्लंघन की खबरें कश्मीर के कुपवाड़ा और बारामूला जिलों और जम्मू के अखनूर सेक्टर से आई हैं। सेना ने मंगलवार को कहा कि 28-29 अप्रैल 2025 की रात को, पाकिस्तानी सेना ने कुपवाड़ा और बारामूला जिलों के साथ-साथ अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। भारतीय सेना ने उकसावे का जवाब दिया। गोलीबारी के दौरान किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

## एक लाख का इनामी जितेंद्र मुठभेड़ में ढेर

**मैनपुरी, वार्ता**



**उत्तर प्रदेश** में मैनपुरी के एलाऊ क्षेत्र में सोमवार देर रात एसटीएफ और स्थानीय पुलिस के साथ एक सशस्त्र मुठभेड़ में एक दुर्दांत अपराधी को मार गिराया गया।

मैनपुरी जिले की पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में एलाऊ क्षेत्र में बीती देर रात को हुई मुठभेड़ में एक लाख रुपये का इनामी बदमाश मारा गया। मारे गए बदमाश पर हाथरस जिले के राशन डीलर योगेश उपाध्याय की हत्या सहित कई अन्य मामले दर्ज थे। एलाऊ थाना क्षेत्र के तारापुर कट पर जितेंद्र उर्फ जीतू निवासी हाथरस और एसटीएफ की टीम के बीच हुई मुठभेड़ में जितेंद्र मारा गया। खुद को पुलिस से घिरा देख जितेंद्र ने पुलिस पर फायरिंग की। दोनों तरफ से हुई फायरिंग में जितेंद्र गोली लगने से मारा गया।

### भारत-पाक के बीच तनाव का गुबार बरकरार

# पीएम की सेना को खुली छूट

## हाई लेवल मीटिंग में राजनाथ सिंह, सीडीएस व एनएसए डोभाल रहे मौजूद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को देश के शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और तीनों सेनाओं के प्रमुख शामिल हुए।

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान भी इस बैठक का हिस्सा थे। बैठक करीब डेढ़ घंटे तक चली। यह बैठक उस समय हुई है, जब दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत जवाबी कार्रवाई के विकल्पों पर विचार कर रहा है। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें से अधिकांश पर्यटक थे। सरकारी सूत्रों के अनुसार, बैठक में प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद पर करारी चोट करना हमारा राष्ट्रीय संकल्प है। पीएम मोदी ने सशस्त्र बलों की पेशेवर क्षमताओं पर पूरा विश्वास और भरोसा जताया। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें (सशस्त्र बलों को) हमारी प्रतिक्रिया के तरीके, लक्ष्य और समय तय करने की पूरी स्वतंत्रता है। पीएम मोदी ने वादा किया है कि इस हमले के पीछे जो आतंकवादी और उनके मददगार हैं, उन्हें दुनिया के आखिरी छोर तक ढूंढ कर -शेष पृष्ठ दो पर

■ शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ बैठक में कहा- जवाब कब व कैसे देना है, यह तय करने के लिए सेना स्वतंत्र

### पाक नागरिकों के मेडिकल वीजा की डेडलाइन भी खत्म

■ भारत नहीं छोड़ने पर तीन लाख जुर्माना व तीन साल जेल, अब तक 800 से ज्यादा पाक नागरिक लौटे

**नई दिल्ली।** पहलगाम में आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार के आदेश पर पाकिस्तानी नागरिकों के भारत छोड़ने का सिलसिला जारी है। मंगलवार सुबह अटारी बॉर्डर से बड़ी संख्या में पाकिस्तानी नागरिक भारत से वापस चले गए। मंगलवार को पाकिस्तानी नागरिकों को जारी मेडिकल वीजा की वैधता भी खत्म हो गई।

मेडिकल वीजा पर आए पाकिस्तानियों ने आज भारत नहीं छोड़ा, तो उन्हें गिरफ्तार कर केस चलाया जाएगा। उन्हें तीन साल जेल या तीन लाख रुपये जुर्माना या फिर दोनों की सजा हो सकती है। अटारी बॉर्डर पर प्रोटोकॉल अधिकारी अरुण पाल ने बताया कि पाकिस्तानी नागरिकों के लिए शॉर्ट टर्म वीजा की वैधता 27 अप्रैल को ही खत्म हो गई थी। सोमवार तक 800 से ज्यादा पाकिस्तानी नागरिक अटारी बॉर्डर के जरिये भारत से गए हैं। वहीं, 1000 भारतीय नागरिक पाकिस्तान से भारत वापस लौटे हैं। भारत सरकार ने 25 अप्रैल को पाकिस्तानी नागरिकों के देश से जाने के आदेश को लेकर नोटिस जारी किया था।

## पहलगाम हमला: खड़गे व राहुल ने की विशेष सत्र बुलाने की मांग

■ कांग्रेस नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर पहलगाम आतंकी हमले के कारण उपजी स्थिति पर विचार विमर्श के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने का आग्रह किया है।

कांग्रेस अध्यक्ष तथा पूर्व अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को सोमवार को लिखे अलग- अलग पत्र में कहा है कि यह वक्त देश की एकजुटता को प्रदर्शित करने का है, इसलिए संसद के दोनों सदनों का विशेष सत्र बुलाकर यह कड़ा संदेश देना आवश्यक है कि देश संकट की घड़ी में एकजुट है। पार्टी ने दोनों पत्र मंगलवार को मीडिया के लिए जारी किए हैं।इस समय जब एकता और एकजुटता बहुत जरूरी है, विपक्ष का मानना है कि संसद के दोनों सदनों का विशेष सत्र जल्द से जल्द बुलाना जरूरी है। यह 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर हुए क्रूर आतंकी हमले से निपटने के लिए हमारे सामूहिक संकल्प और इच्छाशक्ति का एक शक्तिशाली प्रदर्शन होगा।

### IMF के पाकिस्तान को ऋण देने के प्रस्ताव का विरोध करे भारत: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) अपने लचीलापन और स्थिरता सुविधा नीति के तहत पाकिस्तान को भारी भरकम ऋण देने के लिए अगले माह बैठक कर रहा है, जिसका भारत को कड़ा विरोध करना चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने यह जानकारी देते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने घोषणा की है कि उसकी कार्यकारी बोर्ड की बैठक नौ मई को होगी, जिसमें लचीलापन और स्थिरता सुविधा के तहत पाकिस्तान को 13,000 लाख डॉलर के नए ऋण के अनुरोध पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपेक्षा करती है कि भारत, आईएमएफ द्वारा पाकिस्तान के लिए प्रस्तावित इस सहायता का दृढ़ता से विरोध करेगा।

### बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठियों की भी यूपी से होगी विदायी

**लखनऊ।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद उत्तर प्रदेश से शत-प्रतिशत पाकिस्तानी नागरिकों की वापसी सुनिश्चित करने के बाद सुरक्षा बलों के निशाने पर अब बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठिए हैं।

अधिकृत सूत्रों के अनुसार राज्य में बांग्लादेशी और रोहिंग्या की तलाश तेज कर दी गई है। पाकिस्तानियों के बाद रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों को चिन्हित कर उन्हें खदेड़ा जाएगा। इसके लिए सभी जिलों के पुलिस प्रमुखों और गुप्तचर एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सभी जिलों के डीएम, कप्तान और पुलिस कमिश्नर को निर्देश भेजे गए कि नाम बदल कर रह रहे बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की तलाश तेज की जाए ताकि उन्हें उनके गंतव्य की ओर रवाना किया जा सके।

### अहमदाबाद में बांग्लादेशी घुसपैठियों के अवैध निर्माण पर एक्शन

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद के चंडोला तालाब क्षेत्र में मंगलवार से बांग्लादेशी घुसपैठियों के अवैध निर्माण पर बुलडोजर एक्शन शुरू हो गया है। गुजरात पुलिस ने सोमवार रात से ही तैयारियां शुरू कर दी थीं। यहां 50 बुलडोजर और 36 डंपर लगाए गए हैं। अब तक की 2000 वर्ग गज यानी 18 हजार वर्ग फुट में फैले क्षेत्र के अतिक्रमण को साफ किया जा चुका है।

### भारत का लड़ाकू विमान गिराने का पाकिस्तानी सेना का दावा झूठा: सरकार

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान समर्थित अनेक सोशल मीडिया खातों में भारतीय वायुसेना के एक लड़ाकू विमान को गिराए जाने के दावे को झूठ बताते हुए कहा है कि यह भ्रामक तथा निराधार दुष्प्रचार है और भारत का कोई विमान नहीं गिराया गया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि पाकिस्तान का समर्थन करने वाले अनेक सोशल मीडिया खाते झूठा दावा कर रहे हैं कि पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास भारत के राफेल लड़ाकू विमान को गिरा दिया है। पत्र सूचना कार्यालय ने कहा है कि पाकिस्तान ने भारत के किसी लड़ाकू विमान को नहीं गिराया है। पाकिस्तान समर्थित सोशल मीडिया खातों में जो वीडियो साझा किया जा रहा है वह जून 2024 में महाराष्ट्र में दुर्घटनाग्रस्त हुए सुखोई-30 लड़ाकू विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने का है। पत्र सूचना कार्यालय ने लोगों को इस तरह के बिना प्रमाणित दावों से संबंधित पोस्ट को साझा करने में एहतियात बरतने की सलाह दी है।

### मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने वाला गिरफ्तार

**अगरतला।** त्रिपुरा पुलिस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाना बनाकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट करने के आरोप में यहां के गोमती जिले में महारानी निवासी समीद मिया नामक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि समीद गिरफ्तारी से बचने के लिए अपने घर में नहीं रह रहा था। उसे सोमवार को सिपाहीजाला जिले के सोनामुरा के तेलकाजला इलाके से गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद उपजे तनाव को देखते हुए केंद्र सरकार ने राज्यों से राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है। हिंदू जागरण मंच के प्रतिनिधियों ने समीद मिया द्वारा प्रधानमंत्री के बारे में कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी करने के बाद मामला दर्ज कराया है। पुलिस आपत्तिजनक पोस्ट के पीछे के मकसद की जांच कर रही है।

### रेलवे परीक्षाओं में इलेक्ट्रॉनिक सामान पेन व पेंसिल बैन

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षाओं में इलेक्ट्रॉनिक सामान के अलावा पेन, पेंसिल, टोपी, पर्स एवं पानी की बोतल लाने को भी प्रतिबंधित कर दिया है और परीक्षार्थियों को हाथों पैरों में मेहंदी लगा कर आने पर भी रोक रहेगी। रेल मंत्रालय ने सभी रेलवे भर्ती बोर्डों के अध्यक्षों को एक परिपत्र भेजा है जिसमें कॉल लेटर में दिए गए निर्देशों में संशोधन किया गया है। इसमें परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश के लिए प्रतिबंधित वस्तुओं की नई सूची जारी की गई है। परिपत्र में कहा गया है कि आरआरबी द्वारा आयोजित परीक्षाओं में कुछ निश्चित नियम होते हैं, जिसके कारण परीक्षा केन्द्रों में कुछ वस्तुओं को ले जाने पर प्रतिबंध लगाया जाता है।

## राजस्थान में रिकॉर्ड गर्मी यूपी में छाये रहे बादल

■ जैसलमेर-बाड़मेर में पारा 46 डिग्री पार, बिहार में आंधी- तूफान का येलो अलर्ट

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं। राजस्थान में सोमवार को गर्मी ने 7 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। जैसलमेर में दिन का तापमान 46.2 डिग्री सेल्सियस था।

यह अप्रैल महीने में अब तक का सबसे ज्यादा तापमान है। इससे पहले जैसलमेर में 30 अप्रैल 2018 को तापमान 46.1 डिग्री था। जैसलमेर के अलावा बाड़मेर में तापमान 46.4 डिग्री दर्ज हुआ। जोधपुर में पारा 44.4 डिग्री पहुंच गया। जयपुर, अलवर, भीलवाड़ा समेत बाकी शहरों में भी तापमान 40 डिग्री के ऊपर रहा। मौसम विभाग ने कहा है कि राज्य में दो दिन भीषण गर्मी होगी। दूसरी तरफ, मध्य प्रदेश और यूपी में मंगलवार को बारिश का अलर्ट है। इससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल सकती है। मध्य प्रदेश में 2 मई और यूपी में 3 मई तक बूंदाबांदी जारी रहेगी। लखनऊ में सुबह से बादल छाए हैं। ठंडी हवाएं चल रही हैं। यूपी के 35 से ज्यादा जिलों का तापमान 40 डिग्री से कम हो गया है।

## पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने वाले की पीट-पीटकर हत्या

**बेंगलुरु, वार्ता**

■ पुलिस ने घटना के सिलसिले में 12 लोगों को गिरफ्तार किया

**कर्नाटक के गृह मंत्री** डा. जी. परमेश्वर ने मंगलवार को बताया कि मंगलुरु में एक स्थानीय क्रिकेट मैच के दौरान एक व्यक्ति की कथित तौर पर 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाने पर दर्शकों में आक्रोश फैल गया और उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने घटना के सिलसिले में करीब 12 लोगों को गिरफ्तार किया है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, विवाद तब शुरू हुआ जब व्यक्ति को मैच के दौरान कथित तौर पर नारे लगाते हुए सुना गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि लोगों के एक समूह ने हिंसक प्रतिक्रिया व्यक्त की और मौके पर ही उस व्यक्ति पर हमला कर दिया। शुरू में माना जा रहा था कि व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, लेकिन बाद में अधिकारियों ने पुष्टि की कि पीड़ित चोटों के कारण सदमे में था और फिर दम तोड़ दिया। कानून प्रवर्तन अधिकारी मौके पर पहुंचे और कई संदिग्धों को हिरासत में लिया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है और घटनाओं के क्रम का पता लगाने और नारे के दावे की प्रामाणिकता को सत्यापित करने के लिए जांच चल रही है। मृतक की पहचान अभी तक उजागर नहीं की गई है और अधिकारियों को अभी भी इसमें शामिल लोगों की सांप्रदायिक पृष्ठभूमि की पुष्टि करनी है। घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए डा. परमेश्वर ने जनता से शांत रहने और समय से पहले निष्कर्ष निकालने से बचने का आग्रह किया।

## टैलेंट, टेम्परामेंट और टेक्नोलॉजी भारत का भविष्य बदलेगी: पीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ कहा: एआई को देश के लिए उपयोगी बनाएगी सरकार

■ 25 साल में विकसित भारत बनाने का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में वाईयूजीएम कॉन्क्लेव में शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते कहा कि टैलेंट, टेम्परामेंट और टेक्नोलॉजी ही भारत के भविष्य को ट्रांसफॉर्म करेगी। हमारा मकसद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को भारत के लिए मददगार बनाना है।

मोदी ने कहा कि हमें भविष्य की हर तकनीक में भारत को दुनिया में सबसे बेहतर बनाने के लिए काम करना होगा। भारत में दुनिया के टॉप संस्थानों के कैंपस खुलने की शुरुआत हो चुकी है। अब विदेशों में हमारे प्रमुख संस्थानों के कैंपस खुल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि हमने विकसित भारत के लक्ष्य के लिए अगले 25 साल की समयसीमा तय की है। हमारे पास समय सीमित है, लक्ष्य बड़े हैं। इसलिए यह जरूरी है कि हमारे विचार से लेकर प्रोटोटाइप तक का सफर भी कम से कम समय में पूरा हो। कॉन्क्लेव का मकसद इनोवेशन का एक इकोसिस्टम बनाना है, जिससे निजी क्षेत्र के निवेश को रिसर्च के क्षेत्र में बढ़ावा दिया जा सके। कॉन्क्लेव के जरिये गवर्नमेंट, एकेडेमिया, इंडस्ट्री और इनोवेशन क्षेत्र के प्रमुख लोगों को एक साथ लाना है। इसके लिए कान्क्लेव में हाई लेवल मीटिंग्स और पैनल डिस्कशन होंगे। इनमें सरकारी अधिकारी, प्रमुख उद्योगपति और शिक्षाविद शामिल होंगे। साथ ही कॉन्क्लेव में इनोवेशन क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए करीब 1,400 करोड़ रुपये का निवेश होगा। इसमें सरकार और गैर-सरकारी संस्थाओं ने निवेश किया है। इस कार्यक्रम से कई अहम प्रोजेक्ट्स की शुरुआत होगी। आईआईटी कानपुर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई और इंटेलिजेंट सिस्टम का सुपरहब बनेगा। आईआईटी बॉम्बे में बायोसाइंसेज, बायोटेक्नोलाजी, हेल्थ और मेडिकल के क्षेत्र में सुपरहब स्थापित किए जाएंगे। कई प्रमुख रिसर्च इंस्टीट्यूट्स में वाधवानी इनोवेशन नेटवर्क (विन) सेंटर्स की स्थापना की जाएगी, ताकि रिसर्च वर्क को बिजनेस लेवल तक लाया जा सके। कॉन्क्लेव में स्पेशल स्टार्टअप्स की प्रदर्शनी भी लगेंगी इस कान्क्लेव में पूरे भारत से बेहतरीन डीप टेक स्टार्टअप्स के इनोवेशंस को भी प्रदर्शित किया जाएगा।

## पेगासस रिपोर्ट सार्वजनिक करने से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

### कहा: देश की सुरक्षा और संप्रभुता से जुड़ी जानकारी सड़क पर चर्चा के लिए नहीं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**इस बात की जांच करनी होगी जानकारी किस हद तक साझा की जा सकती है**



**नई दिल्ली।** पेगासस जासूसी रिपोर्ट को सार्वजनिक करने से सुप्रीम कोर्ट ने इन्कार कर दिया है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन. कोटेश्वर सिंह की बेंच ने मंगलवार को कहा कि देश की सुरक्षा और संप्रभुता से जुड़ी किसी भी रिपोर्ट का खुलासा नहीं किया जाएगा।

बेंच ने कहा कि व्यक्तिगत आशंकाओं का समाधान किया जा सकता है, लेकिन टेक्निकल पैनल की रिपोर्ट सड़कों पर चर्चा के लिए नहीं हो सकती। इस बात की जांच करनी होगी कि जानकारी किस हद तक साझा की जा सकती है। अगली सुनवाई 30 जुलाई को होगी। 2021 में एक पोर्टल ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि केंद्र सरकार ने 2017 से 2019 के दौरान करीब 300 भारतीयों की पेगासस स्पाइवेयर के जरिये जासूसी की। इनमें पत्रकार, वकील, सामाजिक कार्यकर्ता, विपक्ष के नेता और बिजनेसमैन शामिल थे। अगस्त 2021 में मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। कोर्ट ने अक्टूबर 2021 में जांच के लिए रिटायर्ड जस्टिस आरवी रवींद्रन की अध्यक्षता में कमेटी बनाई। अगस्त 2022 में इसकी रिपोर्ट आई। इसमें कहा गया कि 29 फोन की जांच की गई, उनमें पेगासस का कोई सबूत नहीं मिला, लेकिन उनमें से 5 में मैलवेयर पाया गया।

याचिकाकर्ता के वकील श्याम दीवान ने 22 अप्रैल को मामला सुप्रीम कोर्ट में उठाया था। उन्होंने सीलबंद लिफाफे में सौंपी गई रिपोर्ट को बिना किसी संशोधन के सार्वजनिक करने के निर्देश देने की मांग की। उन्होंने कहा कि 2021 में बनाए गए टेक्निकल पैनल की रिपोर्ट सभी को देने का निर्देश दिया गया था, लेकिन ऐसी कोई रिपोर्ट शेयर नहीं की गई। पेगासस मामले में पत्रकार परंजाय गुहा ठाकुरता की ओर से पेश वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि व्हाट्सएप ने खुद ही खुलासा किया है कि हैकिंग हुई थी। उस समय सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस ने भी हैकिंग होने के संकेत नहीं दिए थे। यहां तक कि एक्सपर्ट्स ने भी ऐसा नहीं कहा था। अब आपके पास व्हाट्सएप से मिला सबूत है। हम उसे सार्वजनिक करेंगे। पेगासस जांच रिपोर्ट का संशोधित हिस्सा उन लोगों को मिलना चाहिए, जिनकी जासूसी हुई है। हालांकि केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ स्पाइवेयर का इस्तेमाल करने में कुछ भी गलत नहीं है और उन्हें निजता का अधिकार नहीं दिया जा सकता। भारत सरकार ने 2017 में इजरायली कंपनी एनएसओ ग्रुप से जासूसी सॉफ्टवेयर पेगासस खरीदा था।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान जिन्दाबाद का नारा लगाने वालों के खिलाफ मुकदमा

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के बघौचघाट क्षेत्र में पाकिस्तान जिन्दाबाद का नारा लगाने वालों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। बघौचघाट क्षेत्र में पहलगाम में आतंकवादी हमले के विरोध 27 अप्रैल को कैंडल मार्च निकाल रहे लोगों में से कुछ ने पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई और वीडियो की जांच शुरू कर दी। आज पुलिस ने इस मामले में मुकदमा भी दर्ज किया है। अपर पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार वर्मा ने सोमवार को यहां बताया कि उक्त प्रकरण के संबंध में कैण्डल मार्च से सम्बन्धित वीडियो को एकत्र कर क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा साइबर सेल की मदद से वृहद् गहनता से जांच की जा रही है।

### जाति के नाम पर वैमनस्यता फैला रहा है विपक्ष: भाजपा

**लखनऊ( ब्यूरो )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने आरोप लगाया कि विपक्ष लगातार झूठ और भ्रम फैलाने की राजनीति कर रहा है। जाति व वर्ग के नाम पर समाज में वैमनस्यता फैला रहा है। प्रतापगढ़ में अनुसूचित जाति संवाद कार्यक्रम में सिंह ने सोमवार को कार्यकर्ताओं से कहा कि हमें लोगों के बीच में जाकर विपक्ष के द्वारा फैलाए जा रहे झूठ और भ्रम को समाप्त करना है तथा सभी को भाजपा की राष्ट्रवादी विच.रधारा से जोड़ना है। पार्टी के प्रत्येक पूर्व पदाधिकारी को संगठन के कार्यों से जोड़ना है तथा संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता की संगठनात्मक कार्यों में भूमिका सुनिश्चित करते हुए कार्ययोजना तैयार करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा के अनुशासित व परिश्रमी कार्यकर्ताओं के बल पर भाजपा का विजय परचम पूरे देश में फहरा रहा है। उन्होंने पार्टी के पूर्व, निवर्तमान तथा वर्तमान मंडल अध्यक्षों की बैठक को भी संबोधित किया और जनप्रतिनिधियों के साथ चर्चा की। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह प्रदेश में लगातार उन विधानसभाओं के मंडल अध्यक्षों व शक्तिकेन्द्र संयोजकों के साथ बैठक कर रहे है, जहां पिछले चुनाव में भाजपा को अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी।

### निजी मेडिकल कॉलेज में मिला नर्स का शव

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के तिलहर क्षेत्र में सोमवार को एक निजी मेडिकल कॉलेज में कार्यरत नर्स का शव उसके कमरे में पाया गया। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने सोमवार को बताया कि थाना तिलहर क्षेत्र के वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में नर्स की पढ़ाई करने के बाद करने के बाद आरती देवल (26) उसी कॉलेज में नौकरी करने लगी यह मेडिकल कॉलेज कैंपस में ही बने आवास में रहती थी। आज जब यह अस्पताल नहीं पहुंची तो इसके सहकर्मियों ने इसके आवास पर जाकर देखा, तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई पुलिस ने जब कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर देखा तो वहां पर आरती देवल मृत पड़ी थी। पुलिस ने बताया कि ऐसा अनुमान है कि इसमें बेहोशी की अत्यधिक मात्रा में दवाई ली थी जिसके चलते इसकी मौत हो गई, लेकिन परिजन हत्या का आरोप लगा रहे है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, जिसकी रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## आतंकी हमले पर सपा नेताओं का बयान शर्मनाक: योगी

# जातिवाद की राजनीति से सुरक्षा खतरे में

देवरिया, वार्ता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले पर समाजवादी पार्टी के नेताओं के काफी शर्मनाक बयान सामने आए हैं। उनके बयान से यह पता लगाने में काफी मुश्किल हो रही है कि वह सपा के नेता का बयान है या फिर पाक का प्रवक्ता बयान दे रहा है।

योगी ने कहा कि सोमवार को मुंबई में सपा के एक पदाधिकारी ने शर्मनाक बयान दिया। आतंकवादियों ने कानपुर के शुभम द्विवेदी की निर्मम हत्या कर दी। इस पर जब पत्रकारों ने सपा अध्यक्ष से उनके घर पर न जाने की वजह पूछी तो उन्होंने जवाब दिया कि वह हमारी पार्टी का नहीं था। यह बयान काफी दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक है। उन्होने कहा कि पूरा देश पार्टी लाइन से ऊपर उठकर घटना की निंदा कर रहा है और सपा के नेता दुर्भाग्यपूर्ण बयान दे रहे हैं। सपा का एक राष्ट्रीय महासचिव बयान देता है कि हिंदू ने ही हिंदू को मारा है यानी पाकिस्तान को क्लीन चिट देने की कुत्सित चेष्टा की जा रहा है। सपा और कांग्रेस के नेता जातिवाद, विभाजनकारी और तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं। यह लोग ही आप सबकी सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने का कुत्सित प्रयास करते हैं। योगी ने कहा कि आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। वहीं पूरा देश एक स्वर में आतंकवाद के खिलाफ खड़ा है। उन्होंने कहा कि देवरिया में वर्ष 2017 से पहले बीमारी, गुंडागर्दी, अराजकता, अव्यवस्था का माहौल था। उस दौरान त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से नहीं मनाए जा सकते थे। उस समय नौजवान पलायन और किसान आत्महत्या के लिए मजबूर होता था। यहां पर मुसहर, वनटांगिया जैसी तमाम जातियां भूखमरी का शिकार थीं। वहीं उस दौरान जो सत्ता में थे, वह चैन की बंसी बजा रहे थे क्योंकि वह स्वयं के परिवार तक ही सीमित रह गये थे। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को बटन दबाकर देवरिया में 676 करोड़ की 501 परियोजनाओं में से 341 परियोजनाओं का लोकार्पण और 160 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होने सीएम युवा उद्यमी योजना के तहत ऋण की चेक, स्वयं सहायता समूह की दीदियों को 7 करोड़ 87 लाख 50 हजार धनराशि का चेक, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना की चाबी, ट्रैक्टर की चाबी, पट्टा योजना के तहत 37 लाभार्थियों को पट्टा, दिव्यांग पेंशन, निराश्रित पेंशन की चेक सौंपी। वहीं हाईस्कूल में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्रीति कुशवाहा और इंटरमीडिएट की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली श्वेता प्रसाद को प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देवरिया में वर्ष 2017 से पहले इंसेफलाइटिस से हजारों बच्चों की मौत होती थी, लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। आज देवरिया के साथ पूरे उत्तर प्रदेश में विकास की गति तेज हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश ने माफिया मुक्त, दंगा मुक्त और विकास की दिशा में तेज़ी से बढ़ने वाले राज्य के रूप में अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि देवरिया में चार मंजिला सरकारी डिग्री कॉलेज का उद्घाटन किया गया है, जो कि इस क्षेत्र में पहली बार है। इसमें कला, विज्ञान और वाणिज्य की कक्षाएं एक साथ शुरू की जाएंगी। इसके साथ ही पथरदेवा में एक नया डिग्री कॉलेज शुरू किया जा रहा है, जिसमें वाणिज्य की कक्षाएं शुरू की जाएंगी। इस अवसर पर मंत्री सूर्य प्रताप शाही, योगेंद्र उपाध्याय, दया शंकर सिंह, राज्य मंत्री रजनी तिवारी, विजय लक्ष्मी गौतम, सांसद शशांक मणि त्रिपाठी, विधायक जय प्रकाश निषाद, शलभ मणि त्रिपाठी, दीपक मिश्रा, सुरेंद्र चौरसिया, पूर्व सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रमा पति राम त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।

### पाक को क्लीन चिट देने का कुत्सित प्रयास



- अखिलेश ने कहा था कि पहलगाम में मारा गया शुभम उनकी पार्टी का नहीं था
- सपा का एक नेता कहता है कि हिन्दू ने ही हिन्दू को मारा है

### अखिलेश के पास नहीं थी निर्णय लेने की क्षमता

**लखनऊ( ब्यूरो )।** उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री रहते न तो काम करने की इच्छा शक्ति दिखाई और न निर्णय लेने में सख्ती बरती और इसीलिए जनता ने उन्हें सत्ता से बेदखल किया। आईपीएस से राजनेता बने अरुण ने पिछली अखिलेश सरकार में वंचित वर्गों पर हुए अत्याचारों को उजागर करते हुए योगी सरकार की विकास और युवा कल्याण योजनाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव की छोटी सोच और भेदभावपूर्ण नीतियों के कारण जनता ने उन्हें सत्ता से बाहर किया। उन्होंने कहा कि 2012-2017 के बीच सपा सरकार में अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्ग के लोगों पर अत्याचार हुए जो आज भी जनता के जेहन में हैं। अखिलेश ने बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का अपमान किया। उन्होंने कन्नौज में बाबा साहब के नाम पर बने मेडिकल कॉलेज का नाम बदल दिया। इसके अलावा भगवान बुद्ध की प्रतिमा स्वीकार करने से इनकार किया और उनकी माता महामाया के नाम पर बने जिले के नाम पर अपनी काली कलम चलाई। उन्होंने कहा कि आखिर इसके पीछे अखिलेश यादव की मंशा क्या थी, उन्हें जनता को बताना चाहिए और उन्हें इसके लिए जनता से माफी मांगनी चाहिए।

## 2029 में यूपी बनेगा वन ट्रिलियन डॉक्टर की इकोनॉमी: सीएम

लखनऊ, वार्ता

- यूपी के पास एक्सप्रेस-वे व रेलवे का सबसे बड़ा नेटवर्क

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को भरोसा दिलाया कि 2029 में उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनेगा और उत्तर प्रदेश देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में अपने आप को स्थापित करेगा।

योगी ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने पिछले आठ सालों में मजबूती के साथ सफलता की ओर कदम बढ़ाए हैं। बिना रुके, बिना थके, बिना डिगे यह यात्रा अनवरत जारी रहेगी। आज उत्तर प्रदेश में एक्सप्रेसवे का सबसे बड़ा नेटवर्क है। सर्वाधिक मेट्रो का संचालन उत्तर प्रदेश कर रहा है। रेलवे का सबसे बड़ा नेटवर्क यूपी के पास है। देश की पहली रैपिड रेल यूपी में चल रही है और देश का पहला इनलैंड वॉटरवेज यूपी में है। भारत सरकार द्वारा संचालित 45 से अधिक स्कीम को उत्तर प्रदेश लीड करता है। यह नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है और नया उत्तर प्रदेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को जमीनी धरातल पर उतार कर अपने सामर्थ्य को देशवासियों के सामने रख रहा है। उत्तर प्रदेश जो 2017 में सातवीं अर्थव्यवस्था था, आज देश की नंबर दो अर्थव्यवस्था बन चुका है। 1 ट्रिलियन डॉलर इकोनामी बनने के लिए उत्तर प्रदेश ने जो कदम बढ़ाए हैं, उसको आगे बढ़ाते हुए हम मानकर चलते हैं कि 2029 में उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनेगा और उत्तर प्रदेश देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में अपने आप को स्थापित करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत की आबादी का सबसे बड़ा राज्य है और देश का हृदय स्थल भी है। भारत की आत्मा उत्तर प्रदेश में निवास करती है, लेकिन जिन लोगों का एजेंडा विकास नहीं था, जिन लोगों ने उत्तर प्रदेश की इस आत्मा को पहचानने का कभी प्रयास नहीं किया, वह लोग उत्तर प्रदेश के बारे में अपने एजेंडे को जबरन उत्तर प्रदेश पर थोपते थे। इसके चलते उत्तर प्रदेश जो व्यापक संभावनाओं वाला प्रदेश था वह 2014 के पहले पहचान के संकट से गुजर रहा था। नौजवान पहचान के लिए मोहताज हो गया, अन्नदाता किसान आत्महत्या के लिए मजबूर हो गया, यहां का श्रमिक भुखमरी का शिकार हो गया, बेटी और व्यापारी दोनों की सुरक्षा में सेंध लग चुकी थी, पर्व और त्योहार दहशत के माहौल में मनाने को मजबूर होना पड़ता था। उत्तर प्रदेश की पहचान एक सामर्थ्यवान और असीम संभावनाओं वाले प्रदेश के रूप में नहीं बल्कि एक बीमारू राज्य के रूप में होने लगी।

## बसपा की छवि धूमिल करने का कोई मौका नहीं छोड़ता विपक्ष: मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को कहा कि विपक्षी दल सर्व समाज में लोकप्रिय उनकी पार्टी की छवि को धूमिल करने की जुगत में हर समय तैयार रहते हैं।

सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा- देश के दलित व अन्य उपेक्षितों के हितैषी बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान के कारवां को सत्ता की मंज़िल तक पहुंचाने के मिशन में तत्पर बीएसपी में कार्यरत लोगों के आने-जाने में कुछ भी निजी नहीं, बल्कि यह पार्टी व मूवमेन्ट के हित पर पूर्णत: निर्भर। साथ ही विरोधी पार्टियों के षड्यन्त्र के तहत पार्टी के कुछ लोग, उनके बहकावे में आकर जब अपनी खुद की पार्टी को कमज़ोर करने में लग जाते हैं, या फिर पार्टी में अनुशासनहीनता अपनाने व परिपक्वता के साथ कार्य ना करने के कारण तब उन्हें मजबूरी में, पार्टी हित में निकालना पड़ता है। उन्होंने कहा कि जल्दी ही उनके समझ में आने व गलती का अहसास करने के बाद जब उन्हें पार्टी में वापस ले लिया जाता है, तो तब फिर कांग्रेस, बीजेपी व अन्य विरोधी पार्टियां इसे आया राम व गया राम की संज्ञा देकर, पार्टी की छवि को धूमिल करने की पूरी-पूरी कोशिश करती हैं और जब यही कार्य विरोधी पार्टीयाँ करती हैं, तब उसे वे पार्टी हित का मामला कहकर टाल देती हैं, लेकिन बीएसपी के मामले में इसे ये किस्म-किस्म की संज्ञा देकर इस पार्टी की छवि को खराब करने की कोशिश करती हैं। यह सब इनका दोहरा मापदण्ड नहीं है, तो और क्या है। पार्टी के लोग सतर्क रहें।



- पार्टी के कुछ लोग उनके बहकावे में आते हैं, तो मजबूरी में उन्हें पार्टी से निकालना पड़ता है

## कश्मीरी छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करें शाह: महबूबा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बढ़ते तनाव के बीच केंद्र शासित प्रदेश के बाहर पढ़ रहे कश्मीरी छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया। सुश्री महबू.बा ने कहा कि उन्हें देश भर के छात्रों से धमकी भरे कॉल मिल रहे हैं, जो मौजूदा स्थिति के कारण डर में जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां कुछ शैक्षणिक संस्थानों ने परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं और छात्रों को सामान्य स्थिति बहाल होने तक घर लौटने की सलाह दी है, वहीं अन्य ने कक्षाएं जारी रखने का विकल्प चुना है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मैं अमित शाह और सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से हस्तक्षेप करने और सभी छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह करती हूं, जब तक कि वे सुरक्षित रूप से घर नहीं लौट जाते। इसके अलावा सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक नफरत फैलाने वालों को एक कड़ा संदेश दिया जाना चाहिए। शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए ऐसी विभाजनकारी ताकतों की पहचान की जानी चाहिए और उनसे सख्ती से निपटा जाना चाहिए।

## प्रेमिका से मिलने गए युवक की हत्या

इटावा, वार्ता

- गोली मारकर मार डाला, पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार किया

उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के चौबिया इलाके में प्रेमिका से मिलने उसके घर गए युवक की प्रेमिका के पिता ने गोली मार कर हत्या कर दी। हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने मंगलवार को बताया है कि चौबिया क्षेत्र के ग्राम खेड़ा हेलू में अनिल यादव ने अपने घर में रिश्तेदारी में आए लवकुश पाल (21) की गोली मारकर हत्या कर दी। लव कुश अनिल यादव की दीवार से फर्स्ट फ्लोर पर चढ़ा था। चढ़ते समय ही अनिल यादव ने पीछे से लव कुश की कमर में गोली मार दी, जिससे वह वहीं गिर पड़ा और उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि औरैया जिले के दिबियापुर इलाके के कमालपुर गांव निवासी लवकुश पाल अपने बहनोई राजेश पाल के यहां आता जाता रहता था। सोमवार शाम को भी आया हुआ था रात करीब पौने आठ बजे घर से निकला। गांव में ही अनिल कुमार यादव का भी घर है। रात करीब पौने 11 बजे अनिल के घर से गोली चलने की आवाज सुनाई दी, जिसके बाद गांव वाले मौके पर पहुंचे, तो लवकुश का रक्तरंजित शव जमीन पर पड़ा था। अनिल अपने हाथ में अवैध हथियार पकड़े था। काफी समय से लव कुश की मेल मुलाकात अनिल यादव की बेटी से हो रही थी, जिसकी जानकारी अनिल के अलावा गांव के अन्य लोगों को भी थी। अनिल यादव ने जैसे ही लवकुश को अपने घर की दूसरी मंजिल पर देखा वैसे ही गोली मार दी, घटनास्थल पर ही लव कुश की मौत हो गई। हत्या की सूचना पर थाना प्रभारी विपिन मलिक पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए और अनिल यादव को अपनी गिरफ्त में ले लिया। अनिल यादव के पास से अवैध हथियार बरामद किया गया है, जिससे हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है। हत्याकांड के बाद खेड़ा हेलू गांव में अजीब सा सन्नाटा पसरा हुआ है, गांव का कोई भी व्यक्ति इस हत्याकांड पर कुछ भी खुलकर नहीं बोल पा रहा है।

### दबंगों ने मारी तीन सगे भाइयों को गोली, एक की मौत

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के चौक कोतवाली क्षेत्र में मामूली विवाद के बाद दबंगों ने तीन सगे भाइयों को गोली दी जिनमें से एक की मौत हो गई है। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने मंगलवार को बताया कि चौक कोतवाली क्षेत्र के अजीजगंज निवासी कमलेश का बीती रात शेरू से विवाद हो गया था। विवाद के बाद शेरू ने अपने साथियों रामनिवास, सुमित, रामकिशोर व एक अन्य को मौके पर बुला लिया और कमलेश की पिटाई शुरू कर दी, इसके बाद उन लोगों ने कमलेश को गोली मार दी।

## अर्थ व्यापार

### शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन भी तेजी

मुंबई, वार्ता

विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई मजबूत लिवाली से शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में आई जबरदस्त उछाल बाद में मुनाफावसूली की भेंट चढ़ गया लेकिन अंत में मामूली बढ़त पर टिकने में सफल रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 70.01 अंक बढ़कर 80,288.38 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 7.45 अंक की मामूली बढ़त लेकर 24335.95 अंक पर रहा। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.23 प्रतिशत चढ़कर 43,194.16 अंक और स्मॉलकैप 0.09 प्रतिशत उठकर 48,238.69 अंक हो गया।



इस दौरान बीएसई में कुल 3083 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1806 में तेजी जबकि 1144 में गिरावट रही, वहीं 133 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई 2933 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1365 में लिवाली जबकि 1478 में बिकवाली हुई, वहीं 90 में टिकाव रहा। बीएसई के आठ समूहों में तेजी का रुख रहा, जबकि अन्य में मुनाफावसूली हुई। इस दौरान सीडी 0.19, ऊर्जा 0.27, इंडस्ट्रियल्स 0.70, आईटी 1.13, कैपिटल गुड्स 0.94, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.60, टेक 0.76 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.23 प्रतिशत उछल गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रुझान सकारात्मक रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.22, जर्मनी का डैक्स 0.74, जापान का निक्केई 0.38 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.16 प्रतिशत चढ़ गया जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.05 प्रतिशत की गिरावट रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 179 अंक की छलांग लगाकर 80,396.92 अंक पर खुला और दमदार लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 80,661.31 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, ऊंचे भाव पर हुई मुनाफावसूली से यह दोपहर से पहले 80,122.02 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

### यूपी में 2030 तक सौर ऊर्जा से 500 गीगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 2030 तक सौर ऊर्जा संयंत्रों के जरिये 500 गीगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी क्रम में सरकार ने हाल ही में स्मार्ट एनर्जी काउंसिल ऑफ ऑस्ट्रेलिया एवं हिंदुजा समूह के साथ एक मेमोरंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) भी साइन किया है। सरकार का मानना है कि इससे न सिर्फ परंपरागत तापीय और जल विद्युत संयंत्रों से मिलने वाली बिजली से निर्भरता कम होगी बल्कि सोलर पैनलों के निर्माण, इंस्टालेशन, रखरखाव, ग्रिड के एकीकरण और ट्रांसमिशन के क्षेत्र में बड़ी संख्या में स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

### खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा

नई दिल्ली, वार्ता

विदेशी बाजारों में जारी गिरावट के प्रभाव से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 30 रिंगिट उतरकर 4010 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.40 सेंट की गिरावट लेकर 50.06 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8400-8500 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3550-3650 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल: सरसों तेल 15385 रुपये, मूंगफली तेल 19047 रुपये, सूरजमुखी तेल 16703 रुपये, सोया रिफाइंड 14835 रुपये, पाम ऑयल 13553 रुपये और वनस्पति तेल 16484 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।



## राम मंदिर में लगा 44 फिट ऊंचा ध्वज दंड

**अयोध्या।** यूपी के अयोध्या में स्थित राम मंदिर में 500 साल बाद ध्वज दंड की स्थापना के मौके पर माहौल जय श्रीराम के नारे से गुंजायमान हो गया। यह ध्वज दंड गुजरात में तैयार किया गया, जो 44 फिट है और वजन करीब 5 टन है। मंगलवार को वैशाख शुक्ल द्वितीया 29 अप्रैल 2025 को प्रभु श्रीराम के जन्मस्थल पर बने भव्य श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य शिखर पर पावन ध्वज दण्ड का प्रतिष्ठापन सुबह 6:30 बजे विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के बीच पूरा हुआ।

लगभग डेढ़ घंटे तक चले इस अनुष्ठान के बाद सुबह 8 बजे जैसे ही ध्वज दण्ड प्रतिष्ठित हुआ, पूरी अयोध्या नगरी 'जय श्रीराम' के जयकारों से गूंज उठी। यह ध्वज दंड सिर्फ एक प्रतीक नहीं है, बल्कि यह धर्म, संस्कृति और भक्ति का अद्वितीय चिन्ह है। यह ध्वज प्रभु श्रीराम के अद्भुत, मर्यादा और आदर्शों का प्रतिनिधित्व करता है। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने इस ऐतिहासिक क्षण की तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में मंदिर का गौरवमय स्वरूप और दिव्यता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। चंपत राय ने बताया कि ध्वज दंड स्थापना का यह काम शास्त्रेक्त विधि और गुरुजनों के मार्गदर्शन में पूरा हुआ, जिससे मंदिर की आभा और भी निखर उठी है। इस खास अवसर पर मंदिर परिसर में मौजूद संतों, पुजारियों और राम भक्तों ने सामूहिक रूप से वैदिक मंत्रोच्चार और प्रभु श्रीराम के भजन-कीर्तन से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**पीएम की ...** कल्पना से परे सख्त सजा दी जाएगी। यह पाकिस्तान की ओर इशारा माना जा रहा है, जिसका भारत में आतंकवाद फैलाने का इतिहास रहा है। इससे पहले आज केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने भी एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें तीन अर्धसैनिक बलों के प्रमुख और दो अन्य सुरक्षा एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। हालांकि बैठक के एजेंडे पर कोई आधिकारिक जानक.ारी नहीं दी गई। इससे पहले सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी से उनके आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर मुलाकात की थी। यह बैठक उस दिन हुई, जब सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने राजनाथ सिंह को पहलगाम आतंकी हमले के बाद लिए गए कुछ फैसलों की जानकारी दी। पहलगाम हमले के बाद सरकार ने एक सर्वदलीय बैठक भी बुलाई थी। इसमें विपक्षी दलों ने आतंकियों के खिलाफ सरकार किसी भी कार्रवाई को पूरा समर्थन देने की बात कही। हमले के अगले दिन कैबिनेट सुरक्षा समिति (सीसीएस) की बैठक भी हुई थी। इस बैठक में बताया गया कि इस आतंकी हमले के तार सीमा पार से जुड़े हुए हैं। साथ ही यह भी कहा गया कि यह हमला ऐसे समय हुआ है जब जम्मू-कश्मीर में चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुए हैं और राज्य धीरे-धीरे आर्थिक प्रगति की ओर बढ़ रहा है। सीसीएस की बैठक में पाकिस्तान के खिलाफ पांच बड़े फैसले लिए गए थे। इसमें सिंधु जल संधि को तत्काल स्थगित करना, अटारी चेक पोस्ट को बंद करना, पाकिस्तानी नागरिकों को सार्क वीजा के तहत भारत में प्रवेश की अनुमति खत्म करना, पाकिस्तानी उच्चायोग में तैनात रक्षा, सैन्य, नौसेना और वायु सेना के सलाहकारों को एक हफ्ते के भीतर देश छोड़ने का आदेश जैसे फैसले शामिल थे।

## सौर ऊर्जा को बढ़ावा देना वक्त की जरूरत: राहुल

रायबरेली, वार्ता



- दो दिवसीय दौरे पर रायबरेली पहुंचे राहुल

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार को रायबरेली पहुंचे। सुबह जैसे ही वह अमौसी एयरपोर्ट पहुंचे, कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी और पार्टी विधायक आराधना मिश्रा 'मोना' ने उनका स्वागत किया। कांग्रेस ने रायबरेली और अमेठी को लेकर अपनी रणनीति में बदलाव किया है।

एयरपोर्ट से राहुल गांधी सीधे रायबरेली के कुंदनगंज पहुंचे, जहां उन्होंने विशाखा इंडस्ट्री लिमिटेड परिसर में स्थापित दो मेगावाट के सोलर रूफटॉप प्लांट और इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन 'एटम इलेक्ट्रिक चार्जिंग प्वाइंट' का उद्घाटन किया। इस मौके पर स्थानीय कांग्रेस नेताओं, पार्टी कार्यकर्ताओं और उद्योगिक इकाई के कर्मचारियों मौजूद रहे। राहुल गांधी ने इस मौके पर कहा कि सौर ऊर्जा के प्रयोग को बढ़ावा देना वक्त की जरूरत है। इससे पर्यावरण को फायदा होगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वो हरित ऊर्जा क्षेत्र में आगे आएं और देश को आत्मनिर्भर बनाएं। इसके बाद राहुल गांधी शहर के सिविल लाइन चौराहे पहुंचे, जहां उन्होंने नेता जी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का अनावरण किया। यहां भी भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। बोस की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद राहुल गांधी बचत भवन पहुंचे, जहां वह केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए आयोजित दिशा समिति की बैठक में शामिल हुए। इस बैठक में जिले के विधायक, जिलाधिकारी और अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

### वो चुप रहे, मुझे बोलना पड़ा: मंत्री

दिशा बैठक से निकलने के बाद योगी सरकार में राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने बैठक के बारे में जानकारी दी और राहुल गांधी के चुनाव के पहले चुरूवा स्थित हनुमान मंदिर में दर्शन करने और बाद में दर्शन न करने के सवाल पर निशाना भी साधा। दिनेश प्रताप सिंह ने राहुल गांधी को नकली गांधी और फसली हिन्दू बताते हुए कहा कि बैठक से पहले पहलगाम के शहीदों को उन्होंने श्रद्धांजलि देना भी उचित नहीं समझा उन्होंने दावा किया कि बैठक के अध्यक्ष के नाते श्रद्धांजलि का प्रस्ताव उन्हें लाना चाहिए था, लेकिन वो चुप रहे। जिसके बाद मुझे बोलना पड़ा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिसीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू से मिले मुख्यमंत्री धामी

# हवाई कनेक्टिविटी में बड़ा बदलाव जल्द

■ पंतनगर एयरपोर्ट को मिलेगा नया रूप, सीएम धामी सक्रिय
पर्यटन को पंख देने की तैयारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू से मिले मुख्यमंत्री धामी केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को दिल्ली में भेंट की।
बैठक में राज्य में विमानन क्षेत्र के विकास, हवाई कनेक्टिविटी में सुधार, और उत्तराखण्ड के पर्यटन को बढ़ावा देने के विषय में विस्तृत चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि पन्तनगर एयरपोर्ट की रनवे लम्बाई को 1,372 मीटर से बढ़ाकर 3,000 मीटर किये जाने के लिये उत्तराखण्ड सरकार द्वारा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को कुल 524.78 एकड़ भूमि हस्तांतरित कर दी गयी। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा पन्तनगर एयरपोर्ट का मास्टर प्लान तैयार किया गया है। उन्होंनें केन्द्रीय मंत्री से भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को तत्वरित कार्य प्रारंभ करने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री से जौलीग्रान्ट एयरपोर्ट के विस्तारीकरण और रात्रि कालीन ऑपरेशन संचालन को मध्यरात्रि तक बढ़ाने का अनुरोध किया।

सरकार के इस कदम से अधिक यात्रियों को हवाई सेवाओं को लाभ मिल सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्रीय सम्पर्क योजना के अर्न्तगत नैनीसैनी एयरपोर्ट (पिथौरागढ़) से इन्दिरागाँधी अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (नई दिल्ली) के लिए (आरसीएस उड़ान) के अर्न्तगत नियमित वायुयान सेवा प्रारंभ करने का अनुरोध किया। जिससे स्थानीय लोगों को फायदा होगा। साथ ही आरसीएस उड़ान स्वीकृति से पिथौरागढ़ से धारचूला एवं पिथौरागढ़ से मुनस्यारी के लिए हवाई सेवा आरम्भ करने से स्थानीय लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि नैनी सैनी एयरपोर्ट पर रात्रिकालीन ऑपरेशन संचालन के दृष्टिगत एयरपोर्ट के वॉच एक्सटेंशन को बढ़ा दिया जाये जिससे अधिक यात्री वायुयान सेवा का लाभ ले सकेगें। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिथौरागढ़ उत्तराखण्ड का एक दूरस्थ जनपद है, जहाँ स्थानीय लोगों के आवागमन के लिए हवाई सम्पर्क मार्ग अत्यन्त उपयोगी होगा। पिथौरागढ़ जनपद की सीमा तिब्बत (चीन) एवं नेपाल से लगी होने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से भी काफी संवेदनशील है।

मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय उड्डयन मंत्री से देहरादून, पिथौरागढ़ और पंतनगर हवाई अड्डों पर 'हाउस ऑफ हिमालयाज' स्टॉल खोले जाने का अनुरोध किया है, ताकि स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन मिल सके। धामी ने देहरादून-हल्द्वानी, दून-पंतनगर व दून-नागपुर के लिए सीधी हवाई सेवाएं शुरू करने व जॉलीग्रांट एयरपोर्ट से अंतरराष्ट्रीय हवाई सेवाएं प्रारंभ किए जाने का भी आग्रह किया। चिन्यालीसौड़ व गौचर हवाई पट्टी का निरीक्षण कर हवाई सेवा का संचालन किये जाने को कार्यवाही प्रारंभ करने का अनुरोध किया।केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने सभी प्रस्तावों पर सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## जलविद्युत परियोजनाओं के लिए सीएम धामी ने केंद्रीय मंत्री से किया अनुरोध

■ 647 मेगावाट क्षमता की कुल सात और 114 मेगावाट की एक परियोजना शामिल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** नई दिल्ली में जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उत्तराखण्ड के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को गति देने के लिए 08 जलविद्युत परियोजनाओं के विकास और निर्माण के लिए अनुरोध किया है। इन आठ परियोजनाओं में 647 मेगावाट क्षमता की कुल 7 और 114 मेगावाट की एक परियोजना शामिल है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड सरकार मां गंगा एवं अन्य समस्त नदियों की निर्मलता, अविरलता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और विशेषज्ञों की संस्तुतियों का पालन करते हुए सतत विकास के लक्ष्य को आगे बढ़ा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 114 मेगावाट की सेला उर्थिंग जलविद्युत परियोजना धौलीगंगा पर पिथौरागढ़ में है। यह उत्तराखंड राज्य की सीमाओं के भीतर गंगा बेसिन का हिस्सा नहीं है। राज्य में गंगा और उसकी सहायक नदियों के अतिरिक्त अन्य नदी घाटियों पर परियोजनाओं पर प्रतिबंध नहीं है। इसलिए सेला उर्थिंग जल विद्युत परियोजना जो कि गंगा बेसिन का हिस्सा नहीं है, की स्वीकृति दी जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से संबंधित अधिकारियों को इसके लिए आवश्यक निर्देश देने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से कैबिनेट सचिव भारत सरकार की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा दी गई संस्तुतियों और राज्य सरकार के अनुरोध के क्रम में कुल 647 मेगावाट क्षमता की 7 जलविद्युत परियोजनाओं की अनुमति दिये जाने का भी आग्रह किया।

## श्रद्धालुओं की सुखद यात्रा एवं सकुशल वापसी हमारी प्राथमिकता: मुख्य सचिव

■ मुख्य सचिव ने लिया जिलाधिकारियों से चारधाम यात्रा की तैयारियों का जायजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** चारधाम यात्रा की तैयारियों के सम्बन्ध में मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने मंगलवार को सचिवालय में जायजा लिया। उन्होंने सम्बन्धित जिलाधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा के लिए उत्तराखण्ड आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा को अपनी शीर्ष प्राथमिकता पर रखा जाए। मुख्य सचिव ने बुधवार से शुरू हो रही गंगोत्री धाम एवं यमुनोत्री धाम की यात्रा के लिए जिलाधिकारी उत्तरक. ाशी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षित, सुखद यात्रा और सकुशल वापसी हमारी जिम्मेदारी है।

मुख्य सचिव ने चारधाम यात्रा मार्गों में आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति करने वाले वाहनों को प्राथमिकता दिए जाने की बात कही। किसी भी प्रकार की समस्या के लिए कमिश्नर और आईजी सिंगल कॉन्टैक्ट पॉइन्ट होंगे। यात्रा मार्गों पर ओवर रेटिंग पर भी निगरानी रखे जाने के निर्देश दिए।

### स्वास्थ्य सचिव ने भी किया आश्वासत

मुख्य सचिव ने चारों धामों में स्वास्थ्य सुविधाओं की तैयारी के लिए सचिव स्वास्थ्य से अद्यतन जानकारी लेते हुए केदारनाथ में नवनिर्मित अस्पताल को शीघ्र शुरू किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों से अधिक से अधिक यात्रियों के स्वास्थ्य परीक्षण पर फोकस किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां पर श्रद्धालु वाहनों से उतरते हैं, वहां पर स्वास्थ्य परीक्षण कराए जाने के लिए रिकॉर्डेड जागरूकता संदेश लगातार चलाया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग स्वास्थ्य परीक्षण कराएं। ऐसे स्थलों में होमगार्ड एवं पीआरडी जवानों की संख्या भी अधिक रखी जाए। मुख्य सचिव ने चारधाम यात्रा मार्ग पर सड़कों की स्थिति की भी जानकारी ली।

### जिलाधिकारियों ने दी जानकारी

जिलाधिकारी उत्तरकाशी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते यात्रा मार्ग पर शौचालय, पार्किंग और यातायात प्रबंधन को सुदृढ़ किया गया है। यात्रियों की बढ़ती संख्या और वाहनों के बढ़ते दबाव को देखते हुए प्रमुख मार्गों को सुगम और सुरक्षित बनाने का प्रयास किया गया है। जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग डॉ. सौरभ गहरवार एवं जिलाधिकारी चमोली डॉ. संदीप तिवारी ने भी चारधाम यात्रा की तैयारियों की जानकारी दी। इस अवसर पर एडीजी डॉ. वी. मुरूगेशन, सचिव डॉ. आर. राज. ेश कुमार, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, अपर सचिव रीना जोशी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के प्रयास लगातार जारी: डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर, सर्वसुलभ और सुदृढ़ बनाने के प्रयास लगातार जारी हैं। डॉ रावत ने कहा कि हाल ही में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को 45 विशेषज्ञ चिकित्सक मिले हैं। प्रदेश के चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि राज्य सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण को लेकर लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में सरकार ने प्रदेशभर के विभिन्न जनपदों की चिकित्सा इकाईयों में 45 विशेषज्ञ चिकित्सकों को तैनाती दी है। जिसमें ऊधमसिंह नगर में 4 विशेषज्ञ चिकित्सकों को तैनात किया गया है। इसी प्रकार उत्तरकाशी, बागेश्वर, चमोली और पिथौरागढ़ में 3-3, रूद्रप्रयाग, टिहरी, चम्पावत व देहरादून में 2-2, हरिद्वार में 1, पौड़ी व नैनीताल में 6-6 और अल्मोड़ जनपद में 8 विशेषज्ञ चिकित्सकों को तैनाती दी गई है। ये सभी चिकित्सक अपनी पीजी की पढ़ाई के लिये देशभर के प्रतिष्ठित मेडिकल संस्थानों में गये थे। डॉ. रावत ने कहा कि इन विशेषज्ञ चिकित्सकों में सर्जन, जनरल मेडिसिन, ऑब्स एंड गायनी, कम्युनिटी मेडिसिन, फॉरेसिंक मेडिसिन, ईएनटी, बाल रोग विशेषज्ञ, एनेस्थीसियोलॉजिस्ट, ऑप्थॉमेलॉजिस्ट, रेस्पेरेट्री मेडिसिन आदि शामिल हैं।

# चारधाम यात्रा: 43 सौ से अधिक घोड़ा-खच्चर संचालक देंगे सेवाएं

■ दोनों धामों के लिए कुल आठ हजार से अधिक घोड़े-खच्चरों का पंजीकरण
पैदल मार्ग पर खच्चरों के लिए गरम पानी और विश्राम की भी व्यवस्था

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** गंगोत्री ओर यमुनोत्री जी के कपाट खुलने के साथ ही बुधवार से पवित्र चारधाम यात्रा, शुरु होने जा रही है। चारधाम यात्रा, उत्तराखंड की आर्थिकी में भी महत्वपूर्ण योगदान देती है। यात्रा से होटल-लॉज संच. ालक, परिवहन कारोबारियों से लेकर घोड़े खच्चर संचालकों तक की आजीविका चलती है। इसी क्रम में केदारनाथ और यमुनोत्री पैदल मार्ग पर इस बार 4300 से अधिक घोड़े खच्चर संचालक अपनी सेवा देंगे।

### केदारनाथ - पांच हजार का पंजीकरण

केदारनाथ धाम जाने के लिए तीर्थयात्रियों को गौरीकुंड से करीब 18 किमी लंबा पैदल रास्ता तय करना पड़ता है। इस कारण बड़ी संख्या में यात्री घोड़े- खच्चरों की सेवा लेते हैं। इस बार केदारनाथ धाम के लिए अब तक 2493 संचालकों ने पांच हजार से अधिक घोड़े खच्चरों का पंजीकरण करवा लिया है। पशुपालन विभाग ने स्वास्थ्य परीक्षण के आधार पर घोड़े खच्चरों का फिटनेस सर्टिफिकेट जारी किए हैं। विभाग की ओर से सोनप्रयाग, गौरीकुंड, लिंचौली और केदारनाथ में पशु चिकित्सालय बनाए जाने के साथ ही पांच डॉक्टर और सात पैरावेट भी नियुक्त किए गए हैं, पैदल मार्ग के 13 जगहों पर गरमपानी की भी व्यवस्था की गई है।



» श्रद्धालुओं की यात्रा, सुखद और आरामदायक हो, इसके लिए सड़क परिवहन से लेकर हेली और घोड़े खच्चरों की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। पशुपालन विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं, पूरी तरह स्वस्थ घोड़े खच्चरों को ही यात्रा में भेजा जाए। साथ ही यात्रा मार्ग पर भी घोड़े खच्चरों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाए...

**पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड**

### यमुनोत्री- 3700 पंजीकरण

यमुनोत्री धाम के लिए 3700 से अधिक घोड़े खच्चरों का पंजीकरण किया गया है। यमुनोत्री यात्रा में इस्तेमाल होने वाले घोड़े खच्चरों की जांच, टीकाकरण, चिकित्सकीय सहायता एवं उपचार की व्यवस्था के लिए जानकीचट्टी में अस्थाई पशु चिकित्सालय की स्थापना की गई है। जहां चार पशु चिकित्सकों के साथ ही चार पशुधन प्रसार अधिकारी एवं दो पशुधन सहायकों को तैनात किया गया है। यात्रा मार्ग पर कुल छह गीजर स्थापित किए गए हैं।

### प्रीपेड काउंटर से बुकिंग

केदारनाथ के लिए सोनप्रयाग, गौरीकुंड, भीमबली, लिंचौली और रुद्र प्वाइंट में पांच प्री पेड बुकिंग काउंटर बनाए गए हैं। इसी तरह यमुनोत्री के लिए जानकी. चट्टी में जिला पंचायत के द्वारा प्रीपेड काउंटर स्थापित किया गया है। यमुनोत्री के लिए घोड़े - खच्चर संचालकों को नंबर युक्त जैकेट प्रदान की जा रही है और एक दिन में केवल एक ही बार धाम तक आवागमन की अनुमति होगी।

## प्रदेश भर में 14777 पॉली हाउस का निर्माण कार्य मार्च 2026 तक करें पूरा: जोशी

■ प्रदेश के कृषि मंत्री ने की नाबार्ड की वित्त पोषित योजना रुरल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट फण्ड के तहत पॉलीहाउस स्थापना कार्यों की समीक्षा



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने नाबार्ड की वित्त पोषित योजना रुरल इन्फ्रास्ट्रक्चर डवलपमेन्ट फण्ड (आरआईडीएफ) के तहत प्रदेश में पॉली हाउस स्थापना कार्यों की जिलेवार समीक्षा की तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

कहा कि प्रदेशभर में 14777 पॉली हाउस का निर्माण कार्य हर हाल में मार्च 2026 तक अनिवार्य रुप से पूरा कर लिया जाय। उन्होंने निदेशक बागवानी मिशन को निर्देश दिये कि वे जिले स्तर से मुख्य/जिला उद्यान अधिकारियों से प्रतिमाह पॉली हाउस निर्माण हेतु सूची प्राप्त करते हुए कार्यदायी संस्था बेथवेट प्राईवेट लिमिटेड के नोडल अधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निदेशक बागवानी मिशन को निर्देश दिये कि कार्यदायी संस्था बेथवेट प्राईवेट लिमिटेड के नोडल अधिकारी को प्रतिमाह 1500 पॉलीहाउस की सूची उपलब्ध कराये ताकि कार्यदायी संस्था प्रतिमाह 1500 पॉलीहाउस का निर्माण कर निर्धारित समयावधि में 14777 पॉली हाउस के निर्माण लक्ष्य को प्राप्त कर सके। बैठक में सचिव कृषि व कृषक कल्याण एसएन पाण्डे, निदेशक बागवानी मिशन महेन्द्र पाल, कार्यदायी संस्था बेथवेट प्राईवेट लिमिटेड से नोडल अधिकारी एमसी जैन आदि उपस्थित थे।

## मुख्य रावल अमरनाथ नम्बूद्री ने देवप्रयाग में मां गंगा और भगवान रघुनाथ का किया पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** आगामी चार मई को भगवान बदरीनाथ के कपाट विधिवत रूप से खोले जाएंगे और इसी कड़ी में परंपरागत धार्मिक परंपराओं के अनुरूप बदरीनाथ धाम के मुख्य रावल अमरनाथ नम्बूद्री मंगलवार को देवप्रयाग तीर्थ पहुंचे। यहां उन्होंने पतित पावनी मां गंगा और भगवान रघुनाथ का विधिवत पूजन कर देश-दुनिया से चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की मंगलमय और निर्विघ्न यात्रा की कामना की।
मुख्य रावल अमरनाथ नम्बूद्री के देवप्रयाग आगमन पर तीर्थपुरोहित समाज द्वारा उनका पारंपरिक विधि-विधान से स्वागत किया गया। जय बदरीनाथ और जय मां गंगा के गगनभेदी नारों के बीच मुख्य रावल का अभिनंदन किया गया, जिससे तीर्थ नगरी में धार्मिक उल्लास का माहौल बन गया। केरल से बदरीनाथ धाम की यात्रा पर निकले रावल, परंपरानुसार देवप्रयाग के पवित्र संग. मकृजहां भागीरथी और अलकनंदा का मिलन होता हैकृपर मां गंगा का विशेष पूजन करने पहुंचे।
देवप्रयाग, भगवान बदरीनाथ के तीर्थ पुरोहितों का स्थायी निवास स्थान है और धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, हर वर्ष भगवान बदरीनाथ के कपाट खुलने से पूर्व मुख्य रावल यहां मां गंगा और भगवान रघुनाथ का पूजन कर यात्रा का शुभारंभ करते हैं। रावल ने भगवान नारायण के अवतार भगवान रघुनाथ के मंदिर में विधिवत दर्शन-पूजन कर क्षेत्रीय धर्म परंपरा का निर्वहन किया।

मुख्य रावल ने मां गंगा और भगवान रघुनाथ से चारधाम यात्रा पर आने वाले समस्त श्रद्धालुओं की सुरक्षा, कल्याण और सफल तीर्थ यात्रा की प्रार्थना की।

## उत्तराखण्ड के वनों को मिला नया सुरक्षा कवच

■ वन मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर किया बोलेरो वाहनों का शुभारंभ



**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड के वन क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण, वन्यजीव संरक्षण और आपदा प्रबंधन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मंगलवार को प्रदेश के वन मंत्री सुबोध उनियाल ने उत्तराखण्ड कैम्पा के तहत क्रय किए गए 8 बोलेरो नियो वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में परचेज ऑफ फील्ड व्हीकल्स फॉर क्रिटिकल फॉरेस्ट रंगेस योजना के तहत ये वाहन खरीदे गए हैं। इनका उपयोग दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों और घने जंगलों में गश्त, अवैध कटान एवं शिकार पर नियंत्रण, मानव-वन्यजीव संघर्ष समाधान, वृक्षारोपण निगरानी और वनाग्नि जैसी आपात स्थितियों में त्वरित कार्रवाई के लिए किया जाएगा।

इस अवसर पर वन मंत्री उनियाल ने कहा कि वन विभाग को आधुनिक संसाधनों से लैस करना हमारी प्राथमिकता है। ये वाहन वन कर्मियों की क्षमता को बढ़ाएंगे और राज्य के पर्यावरणीय संसाधनों की रक्षा में सहायक सिद्ध होंगे।
कार्यक्रम के बाद संबंधित प्रभागों को वाहन हस्तांतरित कर दिए गए, जिससे आगामी वनाग्नि सीजन में त्वरित प्रतिक्रिया और क्षेत्रीय निगरानी को बल मिलेगा।

इस मौके पर मुख्य वन संरक्षक हॉफ डॉ. धनंजय मोहन डॉ. समीर सिन्हा मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैंपा), प्रमुख वन संरक्षक (प्रशासन) बी.पी. गुप्ता, रंजन कुमार मिश्र, डॉ. विवेक पाण्डेय, निशान्त वर्मा, नरेश कुमार, मीनाक्षी जोशी, सुशान्त पटनायक, मुख्य वन संरक्षक डॉ. पराग मधुकर धकाते, मुख्य वन संरक्षक, पर्यावरण, प्रसन्न कुमार पात्रो, राहुल, राजीय धीमान और नीरज शर्मा सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली राज्य विरोधी: भट्ट

■ चार धाम यात्रा के पहले दिन पावन कार्यों में विघ्न संतोषी रवैया बताया
कहा- कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति नॉन स्टॉप जारी




**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने चार धाम यात्रा शुरुआत के दिन, कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली को, राज्य विरोधी और पावन कार्यों में विघ्न संतोषी रवैया बताया है।

प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि कांग्रेस का इस मुद्दे को उठाना, बिल्ली के सौ चूहे खाकर हज करने जैसा है। लिहाजा उनमें थोड़ी सी भी नैतिकता शेष है तो राज्यहित और देशहित में उन्हें इस कार्यक्रम को रद्द करना चाहिए और यात्रा में सहयोग के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस के अभियान की टाइमिंग और औचित्य पर कई गंभीर सवाल खड़े करते हुए कहा कि सभी जानते हैं कि चार धाम यात्रा उत्तराखंड की आर्थिक रीढ़ का काम करती है। लिहाजा जब बुधवार से इस यात्रा का शुभारंभ हो रहा है तो ऐसे में मुख्य विपक्षी पार्टी का राजनैतिक कार्यक्रम करना उनके नकारात्मक रुख को स्पष्ट करता है। कांग्रेस पार्टी नहीं चाहती है कि राज्य का विकास जारी रहे और उसकी देवभूमि छवि की कीर्ति में वृद्धि हो।

इसलिए वह यात्रा व्यवस्था में जुटे प्रशासन और आम लोगों के प्रयासों में विघ्न डालने के लिए यह कार्यक्रम करना चाहते हैं। विगत वर्ष में भी यात्रा प्रभावित करने के लिए कांग्रेस ने इसी तरह के अनेकों राजनैतिक प्रपंच किए थे। जो यात्रा के अंतिम दिनों तक केदारनाथ प्रतिष्ठा यात्रा के रूप में जारी रहे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस का यह प्रयास और भी दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण हो जाता है कि ये सब उस समय किया जा रहा हो जब देश पहलगाम हमले से दुख और आक्रोश में है। वो पीएम मोदी के नेतृत्व में दुश्मनों को करारा जवाब देने की तैयारी में जुटा हुआ है। लेकिन कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति नॉन स्टॉप जारी है।

उन्होंने कांग्रेस पार्टी के नेताओं से आग्रह किया कि यदि उनमें थोड़ी सी भी नैतिकता बची हो तो वह यात्रा को देखते हुए प्रदेश हित में अपने राजनैतिक कार्यक्रम को स्थगित कर दे। बेहतर हो कि उनके कार्यकर्ता भी यात्रा प्रबंधन में सहयोग और तीर्थयात्रियों की मदद के लिए आगे आएं।

इस दौरान पत्रकार वार्ता में प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश कोली, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी राजेंद्र सिंह नेगी, संजीव वर्मा, प्रदेश प्रवक्ता कमलेश रमन, सुनीता विद्यार्थी व राजकुमार पुरोहित मौजूद रहे।

### कहा - हताशा व निराशा में लगातार देश में भ्रम और झूठ फैलाने की राजनीति को आगे बढ़ा रहा विपक्ष

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि आज पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत, तीव्र गति से विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में एकजुटता से बढ़ रहा है। वहीं अपने नकारात्मक रुख के चलते, कांग्रेस पार्टी और उनकी सहयोगी पार्टियों को अपना राजनैतिक भविष्य शून्य की तरफ खिसकता नजर आ रहा है। यही वजह है कि वे हताशा निराशा में लगातार देश में भ्रम और झूठ फैलाने की राजनीति को आगे बढ़ा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी की प्रस्तावित संविधान बचाओ यात्रा भी, देश समाज को बरगलाकर, अराजक माहौल पैदा कर, जनता के आत्मविश्वास को कमजोर करने की इसी साजिश का हिस्सा है। अभिव्यक्ति की आजादी, प्रत्येक पार्टी को अपनी बात रखने का अवसर देती है,

### आंदोलन के औचित्य पर खड़े किए सवाल

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने कहा कि कांग्रेस के इस आंदोलन के औचित्य पर सवाल खड़े करते हुए कहा, सबसे हैरानी की बात यह भी है कि संविधान बचाने का दावा वह पार्टी जिसके हाथ लोकतंत्र और संविधान के खून से रंगे हुए हैं। देश के लोकतान्त्रिक इतिहास में सबसे काला अध्याय है यदि कोई है तो वह है आपातकाल, जिसके रचयिता कोई और नहीं कांग्रेस पार्टी है। देश ने देखा कि किस तरह हाईकोर्ट के निर्णय से खुद का सिंहासन हिलते देख तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश के लोकतंत्र को बंधक बनाकर, आपातकाल थोप दिया था। संसद, न्यायपालिका, कार्यपालिका और पत्रकारि. कता सभी का गला घोंटने का प्रयास किया।

## कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली आज, माहरा की अग्निपरिक्षा

■ प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा समेत प्रदेश के बड़े नेता करेंगे सभा को संबंधित



**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की और से कल (आज) को प्रात: दस बजे से रेंजर्स कालेज ग्राउंड में संविधान बचाओ रैली का आयोजन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करण माहरा की अध्यक्षता में आयोजित की जा रही है जिसे प्रदेश कांग्रेस प्रभारी पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव कुमारी शैलजा समेत सभी प्रमुख नेता संबोधित करेंगे।

जानकारी आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन व प्रशासन सूर्यकांत धस्माना ने दी। उन्होंने बताया कि रैली में पूरे प्रदेश के सभी जिलों व सभी विधानसभा क्षेत्रों से पार्टी के प्रमुख नेता गण व पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि रैली को प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी सरदार परगट सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री हरिश रावत, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व अध्यक्ष प्रीतम सिंह, पूर्व अध्यक्ष गणेश गोदियाल, पूर्व मंत्री डॉक्टर हरक सिंह रावत समेत अनेक वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे। धस्माना ने कहा कि रैली की तैयारियों का जायजा लेने प्रदेश के सह प्रभारी एआईसीसी के सदस्य सरदार परगट सिंह देहरादून पधार गए हैं और सभी वरिष्ठ नेताओं व पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से रैली की सफलता के लिए संपर्क कर रहे हैं।

### नेताओं ने लिया रेंजर्स कालेज का जायजा

प्रदेश कांग्रेस द्वारा बुधवार अप्रैल को प्रस्तावित संविधान बचाओ रैली की तैयारियों का जायजा लेने रैली की व्यवस्थाएं देख रहे प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन व प्रशासन सूर्यकांत धस्माना के साथ प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी सरदार परगट सिंह , प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा,नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य,विधायक लखपत बुटोला,प्रदेश उपाध्यक्ष आरेंद्र शर्मा, डॉक्टर जसविंदर सिंह गोगी,दिनेश कौशल, मोहन काला,जगदीश धीमान,प्रदेश महामंत्री नवीन जोशी , अरुण वाल्मीकि, आदि रेंजर्स कालेज ग्राउंड पहुंचे ।

## एक नजर

### रोजगार मेले में पांच छात्राओं का चयन

**काशीपुर।** सत्येन्द्र चन्द्र गुड़िया इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट एवं लॉ कालेज, काशीपुर में आईसीए एजुकेशन स्किल्स, काशीपुर के साथ मिलकर रोजगार मेला-2025 का आयोजन किया गया, जिसमें देश की जैनपैक्ट, विप्रो, ओम लॉजिस्टिक्स, एक्सिस बैंक, पेटीएम, एसबीआई कार्ड, सिद्धि इन्फोनेट इण्डिया प्रालि. जैसी कई प्रतिष्ठित कम्पनियों ने छात्र-छात्राओं को रोजगार के अवसर प्रदान किये। इस रोजगार मेले में चन्द्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, काशीपुर की 24 छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जिसमें 5 छात्रायें कु. अंजलि भारती, न्यासा सूर्यवंशी, कु. अनुष्का गुप्ता, कु. दर्शिका का सिद्धि इन्फोनेट इण्डिया प्रालि., ग्रेटर नोएडा में टीएसई के पद पर एवं कु. रिया का इसी कम्पनी में एचआर के पद पर चयन हुआ है। इन छात्राओं के चयनित होने पर महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्या डॉ. दीपिका आत्रेय ने छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।

### विद्यार्थियों ने सीखे कचरा प्रबंधन के उपाय

**पंतनगर।** पंतनगर विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के दूसरे दिन विद्यार्थियों को ठोस कचरा प्रबंधन की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन डा. पूनम व पर्यवेक्षक डा. छाया शुक्ला द्वारा किया गया। विषय विशेषज्ञ डा. संध्या रानी, डा. मानसी और डा. सोनू रानी ने छात्रों को 3आर सिद्धांत (कम करना, पुनः उपयोग, पुनर्चक्रण), कूड़ा वर्गीकरण, प्लास्टिक के विकल्प और पर्यावरण संरक्षण के सरल उपायों पर जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को जागरूक बनकर समाज में स्वच्छता का संदेश फैलाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर, बाल निलियम जूनियर हाई स्कूल और आदर्श राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे। सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया।

### सड़कें हों गड्ढामुक्त, डीएम ने दिए सख्त निर्देश

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने बीआरओ अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उनके अधीन सभी सड़क मार्गों को गड्ढामुक्त और सुगम बनाया जाए। उन्होंने कहा कि जनता को सुरक्षित यातायात सुविधा देना प्रशासन की प्राथमिकता है और इस कार्य में कोई ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में भारतमाला परियोजना के तहत बैजनाथ- बागेश्वर-शामा-रामगंगा पुल मार्ग के चौड़ीकरण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए डीएम ने इसमें तेजी लाने और वन भूमि हस्तांतरण से जुड़े मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने बीआरओ अधिकारियों को उपजिलाधिकारियों के साथ समन्वय कर संयुक्त निरीक्षण शीघ्र पूरा करने को भी कहा। बीआरओ के मंडलीय अभियंता गणेश सिंह खाती ने डीएम को सड़कों की मरम्मत और परियोजना की प्रगति की जानकारी दी।

### सत्यापन: तीन मकान मालिकों का चालान

**बागेश्वर।** जनपद पुलिस द्वारा जिले में लगातार सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार शाम से मंगलवार तक कोतवाली पुलिस द्वारा नगर क्षेत्र में सत्यापन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 16 लोगों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। तीन मकान मालिकों का दस-दस हजार का चालान किया गया। पुलिस की सख्ती के चलते उन मकान मालिकों में हड़कंप मचा हुआ है, जो बगैर सत्यापन के किरायेदार रख रहे हैं। पुलिस अधीक्षक अजय साह के नेतृत्व में कौलवाल कैलाश सिंह नेगी व पुलिस टीम ने नदीगांव क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाया। अभियान के दौरान किराएदारों, श्रमिकों का सत्यापन न कराने पर कुल 16 व्यक्तियों के विरु) उत्तराखंड पुलिस अधिनियम के अंतर्गत चालानी कार्रवाई की। साथ ही, 83 पुलिस अधिनियम के अंतर्गत तीन मकान मालिकों द्वारा किराएदारों का सत्यापन न कराए जाने पर उनके विरुद्ध चालानी कार्रवाई की। उनसे 10-10 हज़ार रुपये का कोर्ट चालान किया है।

### यूसीसी पंजीकरण: छह अधिकारी सम्मानित

**बागेश्वर।** जिले में यूनिफाइड सिविल कोड (यूसीसी) पंजीकरण अभियान के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छह ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों/सब रजिस्ट्रारों को जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डीएम ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए अन्य कर्मचारियों को भी प्रेरणा लेने की बात कही। सम्मानित अधिकारियों में गरुड़ विकासखंड के तनुज अवस्थी (332 पंजीकरण), हेमा जोशी (239), नारायण सिंह (228), बागेश्वर से गौरव कुमार सिंह (191), कपकोट से देवेंद्र गढ़िया (172) और बसंत बल्लभ (130) शामिल हैं। इस अवसर पर सीडीओ आरसी तिवारी, जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या और ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर रोहित बहुगुणा भी उपस्थित रहे।

### सुरक्षित दवा सुरक्षित जीवन अभियान का समापन

**अल्मोड़ा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से दो दिवसीय विशेष अभियान का समापन हो गया। सुरक्षित दवा सुरक्षित जीवन अभियान के तहत मंगलवार को मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण किया। मेडिकल स्टोरों में एक्सपायरी बाक्स नहीं मिलने पर नाराजगी जताई। मौके पर स्टोरों में एक्सपायरी दवाओं की जांच के साथ ही मेडिकल स्टोर संचालकों के लाइसेंस को चेक किया गया। निरीक्षण टीम ने एक्सपायरी दवाओं के सेवन होने वाले दुष्प्रभावाओं की जानकारी दी। कहा कि एक्सपायरी दवा का सेवन खतरनाक हो सकता है। किसी भी मरीज को दवा देने से पहले तिथि को जरूर चेक किया जाना चाहिए। निरीक्षण के दौरान टीम को अधिकतर मेडिकल स्टोरों में एक्सपायरी बाक्स नहीं मिले।

# योजनाओं का क्रियान्वयन सही से हो

## हर लाभार्थी को मिलना चाहिए योजनाओं का लाभ: सौरभ बहुगुणा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** पशुपालन एवं दुग्ध विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा का प्रथम द्वाराहाट आगमन पर भारतीय जनता पार्टी सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने जोरदार स्वागत किया। दो दिवसीय भ्रमण पर पहुंचे बहुगुणा ने सोमवार को ब्लॉक के तल्ली मिरई में भीम देव के घर पहुंच लाभार्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने ग्रामीणों एवं पशु पालकों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मुर्गी पालन, गोट वैली, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में सब्सिडी भी दी जा रही है। चौखुटिया, द्वाराहाट, भिक्यासैंण में पशुपालकों के लिए पायलट प्रोजेक्ट भी भी चल रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रत्येक जिले में योजनाओं की जानकारी देने व लाभार्थियों तक पहुंचाने का प्रयास जारी रहेगा। जिससे कि योजनाओं का क्रियान्वयन सही से हो। इस दौरान विभागीय अफसर मौजूद रहे। इंजी. नियरिंग कॉलेज के विश्राम ग्रह में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कैबनेट मंत्री का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष घनश्याम भट्ट, मंडल अध्यक्ष विजय बजेठा, कैलाश भट्ट, भूपेंद्र कांडपाल, विनोद भट्ट, नवल किशोर आर्या, राजेंद्र सिंह, सूरज उपाध्याय, चिंटू गोस्वामी, बीरेंद्र नेगी आदि मौजूद रहे। सोमवार को कैबिनेट मंत्री पीडब्लूडी गेस्ट हाउस रुके हुए थे। सुबह-सुबह कालीखोली से मुख्य बाजार होते हुए दूनागिरी रोड साइन बाबा मंदिर तक गए। वहां से लौटते वक्त बाजार में लोगों से मिले हाल-चाल जाना। इस दौरान मंत्री ने कहा कि द्वाराहाट बहुत खूबसूरत स्थल है। पुनः आकर दूनागिरी मंदिर, महावतार बाबा की गुफा, दूनागिरी उद्यान व क्षेत्र के दुग्ध उत्पादकों से भी मुलाकात करूंगा।

### दुग्ध विकास सहित अन्य संगठनों ने दिए ज्ञापन

**द्वाराहाट।** मंत्री सौरभ बहुगुणा के सम्मुख दूध का क्रय मूल्य बढ़ाने, सचिवों के लिए भविष्य निधि कोष का गठन, विकासखंड में पशुधन प्रसार अधिकारियों की नियुक्ति करने सहित अन्य मांगें रखीं। इसके अतिरिक्त उक्रांद के प्रदेश प्रवक्ता बीरेंद्र बजेठा ने डढ़ोली तथा गौचर क्षेत्र में व्याप्त पानी की कमी को दूर करने, रानीखेत डिपो की दिल्ली चलने वाली बस को असगोली तक चलाने के अतिरिक्त बेसहारा छोड़ दिए गए गोवंशियों और बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की आवाज भी उठाई।

# समस्याएं: सड़कों पर उतरने की चेतावनी दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** खूंट क्षेत्र की तमाम समस्याओं का निराकरण नहीं होने से ग्रामीणों में रोष बढ़ता जा रहा है। नाराज ग्रामीण तीन सूत्रीय मांगों के निदान के लिए 15वें दिन मंगलवार को भी गांधी पार्क में धरने पर डटे रहे। मांग पूरी नहीं होने पर सड़कों पर उतकर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। शासन प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप लगाया। मौके पर लोगों ने कहा कि जीआईसी खूंट में पेयजल व्यवस्था कराने समेत ग्राम पंचायत खूंट-धामस-सैनार-रौन-डाल-चाण में कोसी नदी पर पुल बनाने और सड़क पर डामरीकरण करने की मांग को लेकर 15 दिनों से ग्रामीण आंदोलनरत हैं। जबकि इससे पूर्व भी ग्रामीण विभिन्न माध्यमों से समस्याओं के समाधान की मांग उठा चुके हैं। लेकिन अब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो सका है। कहा कि शासन प्रशासन की ओर से ग्रामीणों की समस्याओं को अनुसना किया जा रहा है। चेतावनी दी कि यदि शीघ्र उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो मजबूरन उग्र आंदोलन को बाध्य होना पड़ेगा। यहां विनोद तिवारी, गोविंद प्रसाद, सुशील साह, जोगा सिंह, महेश चंद्र, शहाबुद्दीन, देवेंद्र मेहता आदि शामिल रहे।



# मेयर ने सीएम से किया तीन सड़कों के नामकरण का अनुरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से काशीपुर की सनातनी जनता की भावनाओं के अनुरूप गुरुद्वारा श्री ननकाना साहिब, डॉ. भीमराव अंबेडकर और स्व. कैलाश गहतोड़ी के नाम पर तीन सड़कों का नाम रखे जाने का अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में महापौर श्री बाली ने कहा है कि काशीपुर नगर निगम एवं तहसील के अंतर्गत आने वाले स्टेडियम मोड़ से मानपुर रोड एवं नागनाथ मंदिर होते हुए जसपुर रोड तक के मार्ग का नाम गुरुद्वारा श्री ननकाना साहिब मार्ग तथा चैती चौराहा से शुगर मिल जाने वाले मार्ग का नाम भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के नाम पर और चीमा चौराहे से कुंडेश्वरी को जाने वाले रोड का नाम स्वर्गीय कैलाश चंद्र गहतोडी के नाम पर करने की स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करें, क्योंकि गुरुद्वारा ननकाना साहिब जहां एक ओर हमारी उच्च धार्मिक भावनाओं का ध्योतक है वही भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर हमारे लिए एक आदर्श और पूजनीय है वही स्वर्गीय कैलाश चंद्र गहतोड़ी उत्तराखंड की राजनीति में त्याग समर्पण और धार्मिक तथा सामाजिकता के पुराधा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि बीती 18 अप्रैल को भी महापौर श्री बाली ने मुख्यमंत्री से मिलकर नगर में कई स्थानों का नाम बदलने का अनुरोध किया था।

# प्रताड़ना का आरोपी पति गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** यूसीसी का उल्लंघन कर शादी पंजीकृत न कराने, शादी के बाद पत्नी को दहेज के लिए प्रताड़ित करने, पत्नी को मानसिक रुप से प्रताड़ित व मारपीट कर भ्रूण हत्या कारित करने, फोन पर तीन तलाक आदि के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बीती 27 अप्रैल को पीड़िता द्वारा तहरीर देकर कोतवाली जसपुर में मुकदमा धारा 85/89/115/351(2)/352 बीएनएस व मुस्लिम महिला अधिनियम तीन तलाक अधिनियम व दहेज अधिनियम बनाम मो. नावेद आदि पंजीकृत कर आरोप लगाये गये थे कि शादी के बाद से ही पति नावेद व ससुराल वाले दहेज में आल्टो कार, एसी व नगद पांच लाख रुपये न लाने के लिए मानसिक रूप से प्रताड़ित कर गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने लगे। पीड़िता के प्रेग्नेन्ट होने के पश्चात पति नावेद पुत्र इलियास निवासी पप्पू कालौनी जसपुर ने पीड़िता को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर मारपीट करते हुए ऐसी परिस्थिति पैदा की जिससे पीड़िता का मिसकैरज हो गया। इसके बाद पति नावेद पीड़िता को उसके मायके यह कहकर छोड़ आया कि आज के बाद मेरा इससे कोई वास्ता नहीं। मायके छोड़ने के पश्चात पति नावेद द्वारा पीड़िता को फोन पर तीन तलाक दिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकान्त मिश्रा द्वारा घटना का संज्ञान लेकर त्वरित जांच करते हुए पीड़िता को न्याय दिलाने हेतु अधीनस्थों को आदेशित किया गया, जिसके पश्चात पुलिस अधीक्षक काशीपुर अभय सिंह व क्षेत्राधिकारी काशीपुर दीपक कुमार के निर्देशन में कोतवाली जसपुर के प्रभारी निरीक्षक जगदीश सिंह ढकरियाल एवं महिला उपनिरीक्षक रुचिका चौहान द्वारा जांच करते हुए आज पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। ससुराल पक्ष के अन्य लोगों के विरुद्ध जांच जारी है। जांच के दौरान पाया गया कि वर्तमान में उत्तराखण्ड सरकार द्वारा उत्तराखण्ड राज्य में यूसीसी लागू किया गया है, जिसके तहत 2010 के बाद हुई शादी का रजिस्ट्रेशन कराया जाना अनिवार्य है। परन्तु मो. नावेद द्वारा पीड़िता से पीछा छुड़ाने के उद्देश्य से यूसीसी के नियम का उल्लंघन कर शादी का पंजीकरण नहीं कराया गया था।



# संविधान बचाओ यात्रा ढकोसला: बिष्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** भाजपा पार्टी जिला कार्यालय में राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि कांग्रेस का संविधान बचाओ यात्रा एक ढकोसला है।

### राज्यमंत्री ने कांग्रेस पर साधा निशाना



संविधान का अपमान करने वाली पार्टी लोगों को बरगलाने का काम कर रही है। मंगलवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में मंत्री बिष्ट ने कहा कि 1949 में कांग्रेस सरकार ने 370 को जम्मू कश्मीर में मुख्य धारा से अलग कर दिया। देश में दो निशान, दो संविधान और दो प्रधान प्रदान किया। 1951 में अनुच्छेद 19 के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को खत्म किया। मीडिया की आवाजों को राजनीतिक विरोधियों को निशाना बनाया। 1954 में वक्फ अधिनियम 1954 को पारित कर वोट बैंक को खुश किया। 25 जून 1975 में इंदिरा गांधी ने चुनाव को निष्पक्ष घोषित किया। 25 जून 1975 देश में आपातकाल लगाया। आठ दिसंबर 1971 में भारत के संपत्ति के मौलिक अधिकार को समाप्त किया। सन 1977 में संविधान की मूल संरचना को बदल दिया। इंदिरा गांधी ने न्यायपालिका को कमजोर करने का काम किया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने विपक्षी दलों के इतिहास में पहली बार राज्यसभा के सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाकर उनका अपमान किया। कांग्रेस सरकार द्वारा लगातार संविधान का अपमान करने का काम किया जा रहा है। संविधान बचाओ अभियान का भारतीय जनता पार्टी घोर निंदा करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपना अस्तित्व बचाने के लिए अब संविधान का सहारा ले रही है। कांग्रेस के लोग पीड़ित, दलित, पिछड़े वर्ग के लोगों में संविधान का भय पैदा कर उनका वोट हासिल करना चाहती है। जबकि देश के प्रधान मंत्री के कुशल नेतृत्व वाली सरकार सबका साथ विकास की सोच लेकर सभी के लिए काम कर रही है। उसी का नतीजा है कि आज देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार प्रचण्ड बहुमत से जीता रही है। इस मौके पर बागेश्वर विधायक पार्वती दास, जिलाध्यक्ष भाजपा प्रभा गढ़िया, जिला मीडिया प्रकाश शाह, जिला महामंत्री संजय परिहार, खड़क टंगड़िया आदि मौजूद रहे।

# आतंकी हमले के विरोध में रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** पब्लिक स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन बागेश्वर ने पहलगाम में आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। हमले के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की है। एसडीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा है। एसोसिएशन से जुड़े सभी विद्यालयों के छात्र छात्राएं व शिक्षक मंगलवार को नुमाइशखोत मैदान में एकत्रित हुए। यहां से आक्रोश रैली निकाली गई। रैली नगर के सड़कों से होते हुए तहसील परिसर में पहुंची। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि आतंकी हमले में देश के निर्दोष लोग मारे गए हैं। घटना को अंजाम देने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। इस संबंध में उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन भेजा। जिसमें सरकार के साथ आतंकवाद के खिलाफ लड़ने के लिए अपना समर्थन दिया। इस मौके पर संरक्षक नंदाबल्लभ भट्ट, घनानंद जोशी, अध्यक्ष चंदन परिहार, सचिव हरीश पांडे, कमलेश उपाध्याय, दुर्गा असवाल, उमेश जोशी, रीता पांडे, शोभा खेतवाल व गौरव पंत आदि मौजूद रहे।



# रानीखेत ने अल्मोड़ा को हराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रानीखेत।** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ अल्मोड़ा के तत्वाधान में नर सिंह ग्राउंड रानीखेत में चल रही अंडर 19 पुरुष जिला लीग मैच में रानीखेत क्रिकेटर्स ने सर्विसेस क्लब अल्मोड़ा को 209 रन से हराया। आज खेले गए मैच में रानीखेत क्रिकेटर्स ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और 39.1 ओवरों में 301 रन में ऑल आउट हो गए। रानीखेत क्रिकेटर्स के गौरव ने 71 रन, संचित ने 56 रन और पर्व ने 43 रन बनाए। सर्विसेस क्लब के लिए विवेक ने 4 विकेट एवं उत्कर्ष ने 2 विकेट लिए। दूसरी पारी में 302 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सर्विसेस क्लब ने मात्र 19 ओवर में 92 रन में ऑल आउट हो गई। सर्विसेस क्लब के दीक्षांत ने 15 रन और काव्यराज ने 13 रन बनाए। रानीखेत क्रिकेटर्स के तुषार ने 4 विकेट और दिविक ने 3 विकेट लिये। इस अवसर पर क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ अल्मोड़ा संरक्षक संजय मेहरा, प्रदीप मेहरा, अध्यक्ष हरीश मनराल, उपाध्यक्ष हेमंत बिष्ट, सचिव हर्ष गोयल, उप सचिव धीरज वर्मा, दीप उपाध्याय, परम मेहरा, कैलाश मेहरा, राहुल नेगी आदि मौजूद रहे। कल का मैच क्लब केआरसी एवं रानीखेत क्लब के बीच खेला जाएगा। मैच के अंपायर विजय आर्या एवं मानस तथा स्कोरर हिमांशु रहे।



### कांग्रेस ने संविधान के साथ किया खिलवाड़: टम्टा

**अल्मोड़ा।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कांग्रेस की संविधान बचाओ यात्रा पर कड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतिहास खुद संविधान के साथ खिलवाड़ करने का रहा है। मंत्री अजय टम्टा ने आरोप लगाया कि पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के शासनकाल में संविधान का बार-बार दुरुपयोग किया गया। उन्होंने कहा कि उस दौर में सिर्फ गांधी परिवार को विशेष दर्जा देने के लिए कानून बनाए गए और संस्थाओं को कमजोर किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि आज भी कांग्रेस पार्टी बिना कारण राष्ट्रपति, न्यायपालिका और सेना जैसी संवैधानिक संस्थाओं पर हमले कर रही है। राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए अजय टम्टा ने कहा कि वे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश की छवि को धूमिल करने का कार्य कर रहे हैं।

# जनता के साथ धोखा कर रही कांग्रेस: भसीन

## कांग्रेस की संविधान बचाओ यात्रा पर भाजपा नेता ने कसा तंज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** कांग्रेस ने संविधान का लगातार उल्लंघन किया और संविधान के शिल्पी डॉ. भीम राव अंबेडकर का सदा अपमान किया। जब संविधान बचाने का नारा देती है तो यह केवल हास्यास्पद ही नहीं निंदनीय भी है। यह बात उत्तराखंड राज्य उच्च शिक्षा उन्नयन समिति के उपाध्यक्ष व भाजपा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र भसीन ने आज यहाँ विधायक त्रिलोक सिंह चीमा के कार्यालय में पत्रकारों से कहीं। उन्होंने कहा कि संविधान को तोड़ मरोड़कर देश में आपातकाल लगाने वाली और एक सौ से अधिक बार निर्वाचित राज्य सरकारों को भंग करने वाली कांग्रेस ने अपने राजनीतिक हितों के लिए देश के संविधान का एक बार नहीं अनेक बार अपमान किया और तोड़ा मरोड़ा। उन्होंने कहा कि देश के संविधान की मूल प्रति पर सिंधु घाटी सभ्यता, भगवान राम, भगवान कृष्ण, महापुरुषों व ऐतिहासिक नायकों से सम्बंधित सुंदर चित्र थे, लेकिन सनातन विरोधी नेहरू जी ने धर्म निरपेक्षता के नाम पर संविधान से ये सभी चित्र हटवा दिए। यह कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति का प्रमाण है। डॉ. भसीन ने कहा कि तत्काल प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में मुकदमा हार जाने के बाद संविधान के अनुसार त्यागपत्र देने के स्थान पर संविधान को रौंद कर देश में आपातकाल लगा दिया और जबरन सत्ता में बनी रही। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड भी संविधान का भाग नहीं था, लेकिन कांग्रेस सरकार ने वक्फ बोर्ड बनाया और धीरे-धीरे उसे इतना शक्तिशाली कर दिया गया कि वह बिना प्रमाण के किसी की संपत्ति पर दावा कर दे। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान क्षेत्रीय विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, काशीपुर जिला अध्यक्ष मनोज पाल, गुरविंदर सिंह चंडोक मौजूद थे।

# शिक्षा का बुरा हाल, फर्नीचर तक नहीं था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने विद्यालय की

### जीजीआईसी का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

### अव्यवस्थाओं पर असंतोष जताया



व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने छात्राओं की शिक्षा व सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विद्यालय प्रबंधन को कई निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्कूल परिसर का भ्रमण किया और छात्राओं से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को जाना। उन्होंने बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली की स्थिति की जांच की और इसके नियमित क्रियान्वयन पर जोर दिया। विद्यालय में फर्नीचर की उपलब्धता की स्थिति पर असंतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी छात्राओं को उचित बैठने की व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने शौचालयों की दुर्दशा को गंभीरता से लिया और उनकी त्वरित मरम्मत एवं सफाई के निर्देश दिए। साथ ही पीने के पानी की सुविधा की भी जांच की गई, जिस पर उन्होंने सुनिश्चित करने को कहा कि सभी छात्राओं को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो। मिड-डे मील की गुणवत्ता की भी जांच की गई, जिस पर जिलाधिकारी ने पौष्टिकता एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षकों से मुलाकात कर शैक्षिक उपकरणों की उपलब्धता, स्मार्ट क्लास की स्थिति और छात्रों की शैक्षणिक प्रगति पर चर्चा की। छात्राओं से बात करते हुए जिलाधिकारी ने उन्हें आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और भरोसा दिलाया कि प्रशासन उनकी हर जरूरत का ध्यान रखेगा। उन्होंने विद्यालय प्रशासन को बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता संबंधी सभी आवश्यक संसाधन समय पर उपलब्ध कराने को कहा।जिलाधिकारी का यह दौरा न केवल व्यवस्थाओं का मूल्यांकन था, बल्कि शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम भी था।

### एसजे भवन बना कबड्डी चैंपियन

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**पंतनगर।** विश्वविद्यालय अर्न्तछात्रावास कबड्डी (पुरुष) प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन 23 से 28 अप्रैल तक स्टीवेन्सन स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता में 10 छात्रावासों की टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबले में एसजे भवन ने टैगोर भवन को 50-20 से हराकर खिताब अपने नाम किया। मुख्य अतिथि डा. आनन्द सिंह जीना (अधिष्ठाता, छात्र कल्याण) ने विजेता टीम को पुरस्कृत किया। एसजे भवन के भावेश सिंह बानी को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। आयोजन में डा. ओम प्रकाश, डा. राजीव कुमार रंजन, डा. विरेन्द्र सिंह, डा. जीएस बोहरा और डा. पूनम त्यागी सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का सफल आयोजन डा. विरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में हुआ।

# रोबोटिक तकनीक से गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जरी में आ रही क्रांति: डा. राजेश

## कम संक्रमण का खतरा इसे बनाता है प्रभावी विकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल (जीआई) सर्जरी में रोबोटिक तकनीक एक नई क्रांति ला रही है। यह उन्नत तकनीक पाचन तंत्र से जुड़ी जटिल सर्जरी को बेहद सटीकता और कम इनवेसिव तरीके से संभव बना रही है। पारंपरिक ओपन या लैप्रोस्कोपिक सर्जरी की तुलना में रोबोटिक सर्जरी में कम चीरे लगते हैं, जिससे मरीज को कम दर्द होता है, तेजी से रिकवरी होती है और अस्पताल में कम समय रहना पड़ता है। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नोएडा के वरिष्ठ सर्जन डा. राजेश कपूर ने बताया कि रोबोटिक सर्जरी में ऑपरेशन रोबोट नहीं, बल्कि विशेषज्ञ सर्जन करते हैं जो कंप्यूटर कंसोल से रोबोटिक आर्म्स को नियंत्रित करते हैं। यह तकनीक 3डी हाई-डेफिनिशन कैमरा और कंपन-मुक्त सटीक मूवमेंट के जरिए सर्जन को बेहतर दृश्य और नियंत्रण प्रदान करती है। डा. कपूर के अनुसार, इस तकनीक का उपयोग कोलोरेक्टल कैंसर, अल्सरेटिव कोलाइटिस, रेक्टल प्रोलैप्स, इसोफैगेक्टोमी, हायटल हर्निया, फंडोप्लिकेशन, गैस्ट्रेक्टोमी, बैरियाट्रिक सर्जरी, विभिन्न प्रकार के हर्निया और हेपाटो- पैंक्रियाटिक-बिलियरी सर्जरी में किया जा रहा है। हालांकि, रोबोटिक सर्जरी की लागत अधिक होती है और इसके लिए विशेष प्रशिक्षण की जरूरत होती है, लेकिन इसके लाभ जैसे कम रक्तस्राव, कम संक्रमण का खतरा, और तेज़ रिकवरी इसे एक प्रभावी विकल्प बनाते हैं। अब यह तकनीक भविष्य नहीं, बल्कि वर्तमान की जरूरत बन चुकी है।



## मॉरिसन मेमोरियल चर्च में भूमाफिया के कब्जे की कोशिश, 27 पर एफआईआर

■ स्थानीय ईसाई समुदाय ने ट्रस्ट पर उठाए गंभीर सवाल, पादरियों समेत कई प्रभावशाली लोगों पर जमीन बेचने की साजिश का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** ईस्टर के पावन पर्व पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब लगभग 100 लोगों की भीड़ ने मॉरिसन मेमोरियल चर्च पर सुनियोजित हमले के तहत मुख्य गेट तोड़कर जबरन घुसपैठ की और चर्च में प्रार्थना कर रहे सदस्यों पर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भीड़ का नेतृत्व चर्च से जुड़े पादरी विशाल चरण और एस.पी. लाल कर रहे थे। इनके साथ सीएनआई से जुड़े कुछ प्रमुख नाम जैसे कृ जॉन नंदा , नितेश एंड्रयू , रेबेका सिंह , वी. शेयरिंग , कर्नल सुनील सरकार , स्टीफन सिंह, प्रोमिला सिंह और पादरी पी.जे. सिंह शामिल थे।

स्थानीय समुदाय का आरोप है कि आगरा डायोसीस ट्रस्ट एसोसिएशन पहले ही सेंट थॉमस चर्च की जमीन बेच चुका है और अब मॉरिसन मेमो. रियल चर्च को भी भूमाफिया को सौंपने की तैयारी कर रहा है। चर्च सदस्यों का कहना है कि इस साजिश में पादरियों की मिलीभगत है, जिन्होंने कथित रूप से भू-माफियाओं से अग्रिम राशि भी ले ली है।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दंगा, मारपीट, जबरन घुसपैठ और महिलाओं के साथ बदसलूकी के गंभीर आरोपों में 27 लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है। घटना ने पूरे देहरादून के ईसाई समुदाय में रोष की लहर फैला दी है, जो अब अपनी धार्मिक और ऐतिहासिक धरोहरों को बचाने के लिए एकजुट हो रहे हैं।

ष्हम अपनी जमीन नहीं जाने देंगेष् कृ चर्च सदस्य स्थानीय चर्च सदस्य और सामाजिक कार्यकर्ता अब इस मुद्दे को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उठाने की तैयारी में हैं।

# यात्रा से पहले 7 कुंतल नकली पनीर जब्त

## दो गिरफ्तार, सहारनपुर से आ रहा था नकली पनीर

■ सहारनपुर से नकली पनीर की बड़ी खेप की एसएसपी को मिली थी गोपनीय सूचना

पूछताछ में सहारनपुर फैक्ट्री में नकली पनीर के तैयार होने की मिली थी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** आगामी चार धाम यात्रा के दौरान मिलावटी खाद्य पदार्थों पर कार्यवाही हेतु मुख्यमंत्री द्वारा कडे निर्देश निर्गत किये गये हैं। जिसके अनुपालन में पुलिस द्वारा नियमित रूप से मिलावटी खाद्य पदार्थों की कालाबाजारी तथा विक्रय में लिप्त व्यक्तियों पर लगातार सतर्क दृष्टि रखते हुए प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। चार धाम यात्रा में नकली



पनीर की सप्लाई होने के लिये नकली पनीर की बडी खेप सहारनपुर से देहरादून आ रही है।

सूचना पर एसएसपी देहरादून द्वारा थाना रायपुर तथा एसओजी की संयुक्त टीम गठित कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये गये। रायपुर क्षेत्र के अपर ईश्वर विहार में स्थित एक दुकान में दबिश दी गई तो उक्त दुकान के बाहर एक पिकअप वैन के माध्यम से लाई गयी पनीर की खेप उतरती हुई दिखाई दी। मौके पर पुलिस द्वारा उक्त दुकान में बने गोदाम से लगभग 6 क्विंटल नकली पनीर तथा पिकअप वैन से लगभग 01 क्विंटल 20 किलो नकली पनीर बरामद किया गया। मौके पर फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट की टीम व उनकी टेस्टिंग वैन को बुलाया गया, जिनके द्वारा उक्त पनीर का परीक्षण करने के उपरान्त उसका नकली होना बताया गया, जिस पर पुलिस टीम द्वारा उक्त दुकान स्वामी अब्दुल मन्नान व वाहन चालक आरिफ को हिरासत में लिया गया।

दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर रायपुर थाने लाया गया थाने में पूछताछ के दौरान पकड़े गए दोनों आरोपियों ने बताया कि नकली पनीर को मनोज, नरेन्द्र चौधरी तथा शाहरूख नाम के व्यक्तियों द्वारा उन्हें देहरादून में सप्लाई करने हेतु दिया गया था, जिन्हें उनके द्वारा सहारनपुर में बसेबाग से आगे कासमपुर में जंगलों के बीच स्थित एक प्लाट में बनी फैक्ट्री/गोदाम से लाया गया था। फैक्ट्री मनोज, नरेन्द्र चौधरी तथा शाहरूख द्वारा पार्टनरशिप में चलाई जा रही है, जिस पर तत्काल थाना रायपुर पर अभियुक्त मनोज, नरेन्द्र चौधरी, शाहरूख तथा उक्त दोनो व्यक्तियों के विरूद्ध बीएनएस की धारा: 123/125 के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। दोनो अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए प्रकाश में आये 03 मुख्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमों को सम्भावित स्थानों पर रवाना किया गया।

फैक्ट्री से उक्त नकली पनीर के सप्लाई होने की सूचना पर तत्काल एसएसपी देहरादून द्वारा सहारनपुर में मण्डलायुक्त खाद्य सुरक्षा विभाग से सम्पर्क कर उक्त नकली पनीर फैक्ट्री के सम्बन्ध में उन्हें जानकारी दी गई। प्राप्त सूचना पर मण्डलायुक्त खाद्य सुरक्षा विभाग के नेतृत्व में सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा विभाग, उप जिलाधिकारी बेहट, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सहारनपुर द्वारा मय टीम के उक्त नकली पनीर फैक्ट्री में छापेमारी की कार्यवाही की गई तो मौके से टीम को 16 क्विंटल नकली पनीर , कैमीकल व उपकरण बरामद हुए।

## डॉ. अम्बेडकर के सिद्धांतों को जीवन में करें आत्मसात : जोशी



■ कैबिनेट मंत्री ने थानीगांव निवासी राजपाल सिंह को भेंट की डा. अम्बेडकर की जीवनी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी के डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों के तहत बुद्धिजीवी वर्ग से भेंट के क्रम में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी मंगलवार को ओल्ड मसूरी रोड स्थित थानीगांव (वार्ड 01 मालसी) में राजपाल सिंह के आवास पहुंचे और उन्हें भारत रत्न डा भीमराव अम्बेडकर की जीवनी पर आधारित पुस्तक भेंट की।

कैबिनेट मंत्री ने स्थानीय नागरिकों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में डॉ. अम्बेडकर के सिद्धांतों को आत्मसात करने का आह्वान किया और सभी से सामाजिक एकता व सद्भाव बनाए रखने की अपील की। कैबिनेट मंत्री जोशी ने क्षेत्रवासियों की समस्या को भी सुना और समस्या के समाधान का भरोसा भी दिलाया। भाजपा के मण्डल अध्यक्ष राजीव गुरुंग, महामंत्री देवेन्द्र रावत, दीपक अरोड़ा, अनुसूया रौतेला, सरोज, सुनीता, हिमानी, रक्षा, मीनू, हरप्रीत कौर, सीमा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## भारत सरकार के अधिकारियों ने सगन्ध पौधा केंद्र का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** भारत सरकार के अधिकारियों ने उत्तराखंड सगन्ध पौधा केंद्र सेलाकुई भ्रमण किया ए अधिकारियों में सुनील बर्थवालवाणिज्य सचिव, अभिषेक देव, चेयरमैन एपिडा एवं सीवी सिंह, डिप्टी जीएम एपीडा शामिल रहे ए

सचिव एवं टीम का सगन्ध फसल उत्कृष्टता केन्द्र में आगमन हुआ जहां पर सगन्ध पौधा केन्द्र, सेलाकुई के निदेशक, डा० नृपेन्द्र चौहान द्वारा स्वागत करते हुए रोजमैरी प्लान्टस भेंट किया गया। इसके उपरान्त सचिव एवं भ्रमण दल को उत्कृष्टता केन्द्र में स्थापित बीज बुवाई क्षेत्र, बीज अंकुरण कक्ष, हाईटैक ग्रीन हाउस तथा एंटीइनसैक्ट नेट हाउस का भ्रमण कराते हुए संचालित गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। सचिव द्वारा अगरवुड पौध का रोपण किया गया। उत्कृष्टता केन्द्र के भ्रमण के दौरान सचिव द्वारा हाईटैक नर्सरी में तैयार की जा रही उत्तराखण्ड सिनामॉन, सुरई, तिमरू तथा अन्य प्रजातियों के बारे में जानकारी ली गयी।

सचिव को डॉ हेमा लोहानी, वैज्ञानिक सलाहकार द्वारा कैंप में स्थापित स्टेट ऑफ आर्ट प्रोसेसटैक, प्लान्ट साईन्स, प्रोडक्ट डेवलपमेन्ट, बायो साईन्स, कैमिकल साईन्स, इन्स्ट्रूमेन्टेशन व परफ्यूमरी प्रयोगशालाओं का भ्रमण कराते हुए सम्पादित किये जा रहे विभिन्न शोध कार्यक्रमों से अवगत कराया गया।

### केंद्र की उपलब्धियां प्रस्तुत की गईं

प्रयोगशाला भ्रमण के उपरान्त अतिथियों के सम्मुख कैप द्वारा अपने स्थापना वर्ष 2003 से अब तक की गयी प्रगति एवं भविष्य की योजना से सम्बन्धित प्रस्तुतिकरण डॉ पंकज बिजलवान द्वारा किया गया। प्रस्तुतिकरण में कैप द्वारा तैयार की जा रही भविष्य की योजना के तहत उत्तराखण्ड महक क्रांति 2025 के सम्बन्ध में अवगत कराते हुए बताया गया है कि प्रथम चरण 2025-35 में 22750 है० क्षेत्रफल में डैमस्क गुलाब, तिमरू, दालचीनी, लैमनग्रास, मिन्ट की खेती का लक्ष्य रखा गया है। इससे 90000 कृषक लाभान्वित होंगे।

### उत्पादकों ने गिनाई समस्याएं

जयदीप गांधी, अध्यक्ष फैगरेन्स फ्लैवर्स ऑफ इण्डिया (फफाई) मुम्बई, रोहित सेठ, अध्यक्ष सुगन्ध व्यापार संघ नई दिल्ली तथा सुनीत गोयल, मेम्बर ईडीएआई नोयडा द्वारा सुगन्ध उत्पाद के प्रमाणीकरण एवं निर्यात में आ रही कठिनाइयों के सम्बन्ध में अवगत कराया तथा साथ ही कहा गया कि एसेशियल ऑइल हेतु भारत सरकार में कोई संस्था निर्धारित नहीं है। इसलिए एक अलग से एरोमा बोर्ड स्थापित करने की मांग की गयी, जिससे सुगन्ध उत्पादों के व्यापार, उद्योग और निर्यात की प्रक्रिया को सरल बना सकें।

### कार से भिड़ा कैंटर किशोर की मौत

**नैनीताल।** ज्योलीकोट-अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर गेठिया पड़ाव में देर रात कैंटर में पीछे से टैक्सी कार भिड़ गई। हादसे में गर्व बगडवाल (16) की मौत हो गई है। जबकि तीन अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इनमें से दो को हल्द्वानी जबकि एक को एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया है। बता दें कि सोमवार रात 10 बजे कुरियागांव गेठिया निवासी चालक लोकेश पतलियाए पंकज पतलियाए मानस और गर्व बगडवाल गेठिया पड़ाव की ओर जा रहे थे।

गेठिया पड़ाव में उनकी टैक्सी कार यूके 04 टीबी 7325 आगे चल रहे कैंटर यूके 04 सीबी 8457 में पीछे से जा भिड़ी। इसमें कार सवार चारों लोग घायल हो गए। राहगीरों ने हादसे की खबर 112 नंबर पर पुलिस को दी। सूचना पर पहुंचकर पुलिस ने घायलों को कार से बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। दुर्घटना के समय कैंटर किसी अन्य वाहन को पास दे रहा था, जिससे उसकी गति कम थी। आशंका है कि कार के ब्रेक ना लगने से कार अनियंत्रित होकर ट्रक से भिड़ गई।

## उत्तराखंड में एफपीओ को सशक्त करने की पहल

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के परिप्रेक्ष्य में उत्तराखंड के कृषक उत्पादन संगठनों को सशक्त करने के लिए राज्य स्तरीय दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला सहकारी प्रबंध संस्थान देहरादून के राजपुर स्थित केंद्र में आयोजित की गई, जिसमें राज्य भर से एफपीओ संच. ालक, सीईओ एवं अन्य कार्मिकों ने भाग लिया।

कार्यशाला का प्रारम्भ हॉर्टिफेड के प्रबंध निदेशक मंगला प्रसाद त्रिपाठी ने किया । अपने उद्घाटन संबोधन में उन्होंने कृषक उत्पादन संगठनों की वर्तमान संरचना, भूमिका एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। प्रथम सत्र में उन्होंने एफपीओ की भूमिका, संरचना एवं इसके माध्यम से किसानों को होने वाले लाभों की विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार एफपीओ किसानों को बाजार से जोड़ते हुए उन्हें सामूहिक शक्ति प्रदान करते हैं।

द्वितीय सत्र में नेतृत्व विकास एवं निर्णय प्रक्रिया की महत्ता पर चर्चा हुई। इस सत्र में त्रिपाठी ने सहकारिता मॉडल को अपनाकर एफपीओ को सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सहकारिता आधारित उत्पादक संगठन किसानों के लिए अधिक उपयोगी, टिकाऊ और लाभप्रद सिद्ध हो सकते हैं।

कार्यक्रम की अगली कड़ी में आईसीएम के निदेशक अनिल कुमार तिवारी ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया। उन्होंने एफपीओ के सतत विकास के लिए तकनीकी सहयोग, प्रबंधन प्रशिक्षण और विपणन रणनीतियों पर जानकारी दी।

इस कार्यशाला में राज्यभर के विभिन्न कृषक उत्पादन संगठनों के प्रतिनिधियों, एफपीओ सीईओ, प्रबंधकों एवं कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों की आवश्यकता जताई।

### पृथ्वीवासी ने छेड़ा इनटेंजियलिज्म आंदोलन

**देहरादून ।** सुभाष नगर स्थित इमेजिनेशन एकेडमी ऑफ फाइन आर्ट्स में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया जिसको अश्विनी कुमार पृथ्वी वासी व प्रशांत आर्य ने संबोधित किया जिसमें इनटेंजिबल आर्ट के माध्यम से अश्विनी कुमार पृथ्वी वासी ने कला को एक नई परिभाषा देते हुए वैश्विक आह्वान और सामाजिक बदलाव के लिए इंगित किया है । ऐसे समय में जब कला का अधिकांश भाग व्यवसाय से जुड़ गया है प्रसिद्ध बहु आयामी कलाकार शिक्षाविद एवं दार्शनिक अश्विनी कुमार पृथ्वीवासी ने एक सशक्त व नई दार्शनिक अवधारणा प्रस्तुत की है इंटैंगिलिज्म तीन दशकों से अधिक प्रभावशाली यात्रा में लाखों जीवन को छूने वाले पृथ्वीवासी अब एक वैश्विक आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं जो कला को सामाजिक परिवर्तन का सीधा माध्यम बनाने की दिशा में कार्यरत है।

### सुभारती में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**देहरादून।** गौतम बुद्ध चिकित्सा महाविद्यालय व सम्बद्ध डॉ. केकेबीएम सुभारती अस्पताल की और से फायर स्टेशन, सेलाकुई, देहरादून में कर्मचारियों के लिए एक विशेष नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कैम्प का शुभारंभ देहरादून जनपद के चीफ फायर ऑफिसर वंश बहादुर यादव, फायर स्टेशन ऑफिसर इशम सिंह, सुभारती अस्पताल के प्रचार एवं मार्केटिंग प्रमुख डॉ. प्रशान्त कुमार भटनागर व ईस्ट अफ्रीकन कम्पनी के एजीएम कपिल राठी ने किया है। कैम्प में सुभारती अस्पताल के चिकित्सकों की टीम ने 125 कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

### जोनल जेब्रा फोर्स को किया अलर्ट

देहरादून । नगर आयुक्त नमामी बंसल की और से गठित जैब्रा फोर्स के सम्बन्ध में भूमि अनुभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों की बैठक ली गई। बैठक में नगर आयुक्त ने नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत नदी, नाले, सड़क, फुटपाथ, पार्क, सार्वजनिक स्थल आदि स्थानों का प्रतिदिन मौका मुआयना कर वार्डवार अतिक्रमण हटाते हुए संपत्ति को अतिक्रमण मुक्त करने के निर्देश दिए गए एवं प्रतिदिन जोनल जेब्रा फोर्स द्वारा की गई कार्यवाही की रिपोर्ट नगर आयुक्त कार्यालय में उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया।

इस बैठक में सहायक नगर आयुक्त, कर अधीक्षक कर निरीक्षक एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

### एनसीसी इंडोर फायरिंग रेंज का उद्घाटन

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के स्लीपी हॉलो परिसर में मंगलवार को केंद्रीय पुस्तकालय के पास एनसीसी इंडोर फायरिंग रेंज (एयर पिस्टल एवं राइफल) का विधिवत उद्घाटन कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिकारी, एनसीसी अधिकारी, प्रशिक्षक व बड़ी संख्या में कैडेट्स मौजूद रहे। कुलपति प्रो. रावत ने कहा कि यह रेंज कैडेट्स के लिए मील का पत्थर साबित होगी और उनके निशानेबाजी कौशल के साथ प्रतियोगी क्षमताओं को भी बढ़ावा देगी। 05 यूके नेवल यूनिट के कमान अधिकारी कैप्टन चंद्र विजय नेगी और एनसीसी अधिकारी सब लेफ्टिनेंट डा. रीतेश साह ने कुलपति का आभार जताते हुए रेंज की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कैडेट्स ने रोइंग सिमुलेटर और निशानेबाजी का प्रदर्शन किया जिसे अतिथियों ने सराहा। कार्यक्रम का संचालन कैडेट प्रीति राणा ने किया और अंत में डा. रीतेश साह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### लोगों को दी कानूनी जानकारी

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड राज्य विधिक प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार एवं जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुबीर कुमार के मार्गदर्शन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बीनू गुलयानी मंगलवार को भीमताल, भवाली मे विधिक जगरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर में नालसा चाईल्ड फ्रैंडली स्कीम 2024 पॉश एक्ट, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकलाप, सरकारी योजनाएं, ट्रैफिक नियम, साइबर अपराध जैसे एआई टूल, लिंक, ओटीपी से हो रहे अपराधों की जानकारी व सतर्कता, नि:शुल्क विधिक सहायता, लीगल एड क्लिनिक, स्थाई लोक अदालत, मासिक लोक अदालत, राष्ट्रीय लोग अदालत, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, हेल्पलाइन पोर्टल आदि विषयों पर जागरूक किया। इस दौरान पीएल वी रीतू,नवाब खान मौजूद रहे।

## ड्रोन, भारत के विकास में नए इंजन के समान: राज्यपाल

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को देहरादून छावनी के जसवंत ग्राउंड में आयोजित ''सूर्या ड्रोन टेक 2025'' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। भारतीय सेना की सेंट्रल कमांड द्वारा सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (एस.आई.डी.एम.) के सहयोग से आयोजित यह दो दिवसीय प्रदर्शनी (29-30 अप्रैल, 2025) देश में विकसित अत्याधुनिक ड्रोन प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित कर रही है, जो बहुआयामी सैन्य आवश्यकताओं के अनुरूप हैं और ''आत्मनिर्भर भारत'' अभियान से प्रेरित हैं। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि इस आयोजन की मेजबानी उत्तराखण्ड जैसे जीवंत और प्रगतिशील राज्य में होना हमारे लिए दोहरी खुशी का अवसर है।

राज्यपाल ने कहा कि नवचार का उपयोग करने वाले अभियंताओं, उद्यमियों और नीति-निर्माताओं को एक साथ देखकर एक उभरते भारत की झलक दिखाई देती है जो भविष्य को अपने हाथों से गढ़ने के लिए तैयार है।

कार्यक्रम में ले. जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने कहा कि अमानवीय प्रणालियाँ आज की रक्षा प्रणाली का अभिन्न अंग बन चुकी हैं। इस अवसर पर ले. जनरल नवीन सचदेवा, सीओएस मध्य कमान, ले. जनरल संदीप जैन कमांडेंट, आईएमए, ले. जनरल डीजी मिश्रा, जीओसी, उत्तर भारत एरिया, मे. जनरल नवीन महाजन, जीओसी 14 इन्फेंट्री डिवीजन और मेव जनरल आर प्रेम. राज जीओसी उत्तराखण्ड सब एरिया, सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (एस.आई.डी.एम.) के अध्यक्ष राजेन्द्र भाटिया सहित ड्रोन निर्माण के क्षेत्र में कार्य करने वाले विभिन्न उद्यमी उपस्थित रहे।

### दो गुटों में मारपीट, तीन के खिलाफ कार्रवाई

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल स्थित डीएसए मैदान में किसी बात को लेकर युवकों के दो गुटों के बीच मारपीट हो गई। मारपीट में एक युवक के घायल होने के बाद मामला कोतवाली पहुंचा तो वहां भी बवाल हो गया। जिसके बाद पुलिस ने मारपीट करने वाले तीन युवकों के खिलाफ कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर मल्लीताल डीएसए मैदान में युवकों के दो गुटों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो कुछ युवकों ने एक युवक को पीट दिया। जिसके बाद दूसरे गुट के युवकों ने बीच बचाव किया तो मामला बढ़ गया और मारपीट शुरू हो गई। मामला बढ़ा तो डीएसए मैदान में भगदड़ मच गई। इस दौरान मैदान में खेल रहे खिलाड़ी भी बीच बचाव के लिए पहुंच गए। जिसके बाद चोटिल प्रदीप कुमार को अस्पताल पहुंचाया। वहीं मारपीट करने वाले युवकों को अन्य लोग कोतवाली ले आये। लेकिन हंगामा बढ़ गया, जब पुलिस ने कार्रवाई की बात कही तो युवक शांत हुए और चोटिल के इलाज को लेकर दोनों पक्षों की आपसी समझौता हो गया।

## जमीअत ने की पहलगाम हमले की निन्दा

■ मुस्लिम समुदाय की सुरक्षा की मांग, जमीअत उलमा-ए-हिंद उत्तराखंड ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले को लेकर जमीअत उलमा-ए-हिंद की उत्तराखंड इकाई ने तीखी निंदा करते हुए एक ज्ञापन भारत की राष्ट्रपति को प्रेषित किया है। यह ज्ञापन जिलाधिकारी देहरादून के माध्यम से भेजा गया।

ज्ञापन में संगठन ने हमले को देश की एकता और शांति पर हमला बताते हुए इसे एक कायराना और निंदनीय कृत्य करार दिया। जमीअत उलमा-ए-हिंद ने स्पष्ट किया कि भारत का मुस्लिम समाज आतंकवाद का विरोध करता है और ऐसे किसी भी कृत्य को देश के खिलाफ साजिश मानता है।

संगठन ने केंद्र सरकार और सुरक्षा बलों के साथ अपनी एकजुटता जाहिर करते हुए मांग की कि इस हमले के दोषियों को कड़ा और अनुकरणीय दंड दिया जाए।

हालांकि, संगठन ने यह भी चिंता जताई कि इस आतंकी घटना के बाद देश के कई हिस्सों से कश्मीरी छात्रों, व्यापारियों और आम मुस्लिम नागरिकों के खिलाफ शक, भय और हिंसा की घटनाएं सामने आ रही हैं। जमीअत ने इसे संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताते हुए इन घटनाओं की भी निंदा की। मांग की गई की आतंकियों को कठोरतम सजा दी जाए।

मुस्लिम समाज के निर्दोष नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। नफरत फैलाने वाले तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाए। कश्मीरी छात्रों और व्यवसायियों को सुरक्षा और विश्वास का माहौल प्रदान किया जाए। जमीअत उलमा-ए-हिंद ने देश की गंगा-जमुनी तहजीब और सामा. जिक समरसता में अपनी आस्था दो. हराते हुए सभी भारतीयों से आतंकवाद और नफरत के खिलाफ एकजुट होने की अपील की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष मौलाना अब्दुल मन्नान कासमी, शहर अध्यक्ष मुफ्ति अयाज अहमद, उपाध्यक्ष मौलाना रागिब मजाहिरी, मुफ्ति रागिब, कोषाध्यक्ष मास्टर अब्दुल सत्तार, मौ. शाहनज़र व कारी मुंतजिर आदि मौजूद रहे।

## प्रबुद्ध जन सम्मेलन के लिए योजना बैठक आयोजित



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी महानगर कार्यालय में आगामी 2 मई को होने वाले एक राष्ट्र एक चुनाव के विषय में प्रबुद्ध जन सम्मेलन के लिए योजना बैठक हुई।

बैठक में महानगर देहरादून के सभी मोर्चो, प्रकोष्ठ महानगर एवं मंडल के पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट एवं संगठन महामंत्री अजय शामिल हुए ।

संगठन महामंत्री ने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि इस कार्यक्रम में वन नेशन वन इलेक्शन के विषय पर सभी समाज के प्रबुद्ध जनों से निवेदन करना है कि इस सम्मेलन में अवश्य पधारें। सभी प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में निवास करने वाले प्रबुद्ध जनों की सूची तैयार करके उनको निमंत्रण देना। एक राष्ट्र एक चुनाव के विषय में जन जागरण करने की आवश्यकता है भारतीय जनता पार्टी पहले भी जन जागरण के कार्यक्रम किया करती थी। आज पुन: जन जागरण करने की आवश्यकता है।

प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि आज आवश्यकता है कि राष्ट्र में एक ही समय पर सभी चुनाव संपन्न होने चाहिए इससे देश की प्रगति होगी देश एवं प्रदेश विकसित होगा आर्थिक स्थिति मजबूत होगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की प्रगति के लिए कार्य कर रहे हैं उसी श्रंखला में एक मजबूत कड़ी है। प्रबुद्ध जन सम्मेलन में समाज की प्रतिष्ठित प्रतिभाओं को निमंत्रण देना चाहिए सामाजिक संस्था ,डॉक्टर्स, शिक्षक, पूर्व सैनिक रिटायर आई एस ,पी सी एस, अधिवक्ता गण, समाचार जगत के प्रमुख विशिष्ट जन ,खेल जगत से, सांस्कृतिक क्षेत्र से गीतकार, एवं संभ्रांत समाज के सम्मानित गणों को इस कार्यक्रम में अवश्य बुलाएं।

महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में वन नेशन वन इलेक्शन के प्रदेश संयोजक रमेश गाड़िया, अनिल गोयल भगवत प्रसाद मकवाना ,डॉ आदित्य कुमार ,आदित्य चौहान, विनोद उनियाल, श्याम अग्रवाल एवं समस्त महानगर पदाधिकारी, मोर्चो प्रकोष्ठ के संयोजक मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# डेंगू के डंक से रहे सावधान, मच्छरों की करें रोकथाम

■ घर में और आसपास पानी एकत्रित न होने दें, पानी की टंकी ढक कर रखें, डेंगू रोकथाम को लेकर प्रशासन अलर्ट, डीएम ने स्वास्थ्य विभाग को एडवांस में जारी की धनराशि,

आशा कार्यकत्री, वॉलिंटियर्स, रैपिड रिस्पांस टीम कर रही घर-घर सर्वे, डेंगू से बचाव ही उसका इलाज, स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, कैंपस व सार्वजनिक स्थलों पर जलजमाव मिला तो कटेगा भारी चालान- डीएम

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** डेंगू रोग नियंत्रण एवं रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट है। जिलाधिकारी सविन बंसल स्वयं डेंगू रोकथाम के लिए संचालित गतिविधियों की मॉनिटरिंग कर रहे है। जिलाधिकारी के निर्देशों पर डेंगू नियंत्रण के लिए प्रभावी गतिविधियां संचालित की जा रही है। आशा कार्यकत्री के माध्यम से घर-घर सर्वेक्षण शुरू हो गया है। अस्पतालों में डेंगू टेस्ट से लेकर इलाज तक समुचित व्यवस्थाएं की गई है। जन मन की जागरूकता एवं सुरक्षा के लिए एडवाइजरी जारी की गई है।डेंगू से बचाव ही उसका सबसे प्रभावी इलाज है। मच्छरों से बचाव, मच्छरों की रोकथाम, स्वच्छता और प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने से डेंगू के खतरे को कम किया जा सकता है। यदि आपको डेंगू के लक्षण दिखाई देते हैं, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें और उनकी सलाह का पालन करें।

डेंगू रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए शहरी विकास, नगर निगम, ग्रामीण विकास, आपदा प्रबंधन, शिक्षा, पंचायती राज, सिंचाई, परिवहन, कृषि, जलापूर्ति, महिला एवं बाल विकास, पर्यटन, वन एवं मौसम विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों को आपसी समन्वय बनाकर काम किया जाना नितांत आवश्यक है। शहरी क्षेत्रों में समस्त वार्ड में स्वच्छता अभियान चलाते हुए डेंगू मच्छर उत्पन्न होने के स्रोत को पनपने से रोका जाए। नगर पालिकाओं में इसके लिए माइक्रो प्लान बनाकर काम किया जाए। नागरिकों को डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम के प्रति जागरूक किया जाए। स्कूल परिसर में निरन्तर सफाई की जाए। पानी की टंकियों को ढक कर रखा जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक शिक्षा एवं जागरूकता पैदा की जाए। नियमित जलापूर्ति का प्रयत्न किया जाए। रिसोर्ट, होटलों एवं धर्मशालाओं में बने स्विमिंग पूलों, रूम कूलर, फाउन्टेन, गुलदस्ते, सेंट्रल एसी प्लांट की नियमित सफाई की जाए। रिहायशी क्षेत्रों में पुराने जमा टायरों, झुग्गियों की छतों पर प्लास्टिक शीट में पानी जमा होने से रोका जाए।

### ये हैं डेंगू के मुख्य लक्षण

**देहरादून।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने डेंगू रोग नियंत्रण एवं रोकथाम और विभागों की भूमिका को लेकर एडवाइजरी जारी करते हुए बताया कि डेंगू से बचाव ही उसका सबसे प्रभावी इलाज है, क्योंकि इस बीमारी का कोई विशिष्ट इलाज नहीं है। डेंगू एक मच्छर जनित बीमारी है, जो एडिस मच्छर के काटने से फैलती है। अचानक तेज बुखार, गंभीर सिरदर्द, जोड़ों और मांसपेशियों में गंभीर दर्द, आँखों के पीछे दर्द, सूजी हुई लिम्फ ग्रंथियां, जी मिचलाना, उल्टी, खुजली, थकान डेंगू के लक्षण है।

### डेंगू मच्छर के काटने से बचने के लिए पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें

**देहरादून।** डेंगू मच्छर के काटने से बचने के लिए पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें, मच्छरदानी का उपयोग करें और मच्छर भगाने वाली क्रीम या स्प्रे का उपयोग करें। घर अपने आसपास के क्षेत्र में मच्छरों की रोकथाम किया जा सकता है। अपने आसपास पानी जमा न होने दें, कूड़ा-कचरा साफ करें और मच्छर मारने वाली दवाओं का छिड़काव करें। घर और आसपास के क्षेत्र को साफ रखें, कूड़ा-कचरा नियमित रूप से निकालें और पानी जमा न होने दें। अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए स्वस्थ भोजन करें, नियमित व्यायाम करें और पर्याप्त नींद लें। डेंगू का कोई विशिष्ट इलाज नहीं है, लेकिन डॉक्टर लक्षणों को नियंत्रित करने के लिए दवाएं दे सकते हैं और तरल पदार्थों की कमी को पूरा करने के लिए आईवी फ्लूइड्स दे सकते हैं।

# शराब की दुकानों पर जिला प्रशासन ने की छापेमारी, ओवर रेटिंग सहित मिली कई अनियमिताएं

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** जनपद में संचालित देशी-विदेशी मदिरा की दुकानों में जिला प्रशासन को अनियमितता की शिकायतें प्राप्त हो रही थी, जिसका जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए सभी उप जिलाधिकारियों को अपने अपने क्षेत्रों में संचालित देशी विदेशी मदिरा की दुकानों में औचक निरीक्षण व छापेमारी की कार्यवाही करने के निर्देश दिए गये। विशेष भूमि अध्यापति अधिकारी लक्ष्मीराज चौहान ने जानकारी देते हुए अवगत कराया कि जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में उनके द्वारा विदेशी मदिरा दुकान सलेमपुर तिराहा व बेगमपुर स्थित विदेशी मदिरा दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया, सलेमपुर तिराहा मदिरा की दुकान में निरीक्षण के दौरान किंग फिशर स्ट्रांग मे 195 के स्थान पर 200 रूपये लिए जाने की ओवर रेटिंग पाई गई तथा ग्राहको को बिल नहीं दिया जा रहा है, भुगतान हेतु स्वीप मशीन रखी गई है। दुकान पर 3 सेल्समैन उपस्थित पाए गए जिनके पास कोई परिचय पत्र उपलब्ध नहीं पाया गया तथा दुकान में रेट लिस्ट का बोर्ड निर्धारित मानक से छोटा पाया गया। दुकान में टोल फ्री नम्बर, जिला आबकारी अधिकारी के नम्बर नहीं पाए गये। बेगमपुर स्थित विदेशी मदिरा की दुकान पर निरीक्षण के दौरान भुगतान हेतु स्वीप मशीन रखी गई है उक्त दुकान के बाहर रेट लिस्ट नहीं पाई गई, दुकान में लगे सीसी टीवी कैमरे का संचालन होना नहीं पाया गया, स्टॉक पंजिका भी नहीं पाई गई निरीक्षण के लिए पंजिका मांगे जाने पर अवगत कराया गया की स्टॉक पंजिका आबकारी कार्यालय में है। नगर मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान द्वारा बहादराबाद बायपास स्थित मदिरा दुकान का औचक निरीक्षण व छापेमारी की कार्यवाही की गई, निरीक्षण के दौरान रॉयल स्टेज हॉफ 410 में विक्रय किया जा रहा था जबकि एमआरपी 405 रूपये थी जिस पर पॉच रूपये की ओवर रेटिंग की जा रही थी तथा उक्त मदिरा की दुकान में ग्राहको को बिल नहीं दिए जा रहे हैं तथा दुकान में 3 सेल्समैन उपस्थित पाए गए जिनके पास कोई परिचय पत्र उपलब्ध नहीं पाया गया दुकान में रेट लिस्ट भी लगी होना नहीं पाया गया। दुकान 9 सीसीटीवी कैमरे लगे हैं किन्तु 5 का ही संचालन होना पाया गया। स्टॉक पंजिका निरीक्षण हेतु उपलब्ध नहीं कराई गई तथा दुकान में टोल फ्री नम्बर, जिला आबकारी अधिकारी के नम्बर नहीं पाए गये, नया गांव स्थित मदिरा दुकान में भी ओवर रेटिंग शिकायत पाई गई तथा उक्त दुकान में सीसी टीवी कैमरे संचालित नही पाए गये। अपर उप जिला मजिस्ट्रेट, रूड़की प्रेम लाल द्वारा झबरेड़ा स्थित विदेशी मदिरा शॉप पर निरीक्षण के दौरान स्टॉक रजिस्टर प्रारम्भिक स्टॉक में 2090 बोतल में से 20 बोतल की ब्रिकी पाई गई व 2896 हॉफ में से 58 हॉफ की ब्रिक्री पाई गई तथा 9496 क्वार्टर में से 205 क्वॉटर ब्रिकी पाई गयी जिसका स्टॉक रजिस्टर में दर्ज होना पाया गया। इकबालपुर में स्थित विदेशी मदिरा शॉप पर निरीक्षण के दौरान रॉयल चौलेंज की 59 बोतल मे से 01 बोतल की ब्रिक्री पाई गई 36 बोतल कम पाई गई जिसका कोई हिसाब किताब दे नहीं पाए। निरीक्षण के दौरान रॉयल स्टैग का प्रारम्भिक स्टॉक के अनुसार 169 बोतल दर्ज पाई गई मे से 01 बोतल की बिक्री पाई गई 12 बोतल का कोई हिसाब किताब दे नहीं पाए। निरीक्षण के दौरान 23 अप्रैल के बाद कोई रिकार्ड दर्ज नहीं किया गया। उप जिलाधिकारी भगवानपुर अजयवीर सिंह ने इमलीखेड़ा धर्मपुर ठेका में देशी विदेशी तथा ठंडी बियर दुकान का औचक निरीक्षण करने पर रेट लिस्ट न होना, सेल्समैन के स्थान पर प्राइवेट लड़के द्वारा शराब का विक्रय होना कराया जा रहा था, बोतल प्रिंट रेट से 10 रुपये की ओवर रेटिंग एवं घरेलू गैस सिलेंडर तथा एक छोटा 5 कि.ग्रा का सिलेंडर पाया गया जो नियम के विपरीत है।

उप जिलाधिकारी लक्सर सौरभ असवाल ने खानपुर एवं रायसी तहसील लक्सर में तथा उप जिलाधिकारी हरिद्वार जितेन्द्र कुमार द्वारा जगजीतपुर एवं धनपुरा की विदेशी शराब का दुकान को औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण में किसी भी प्रकार की अनियमितताए नहीं पाई गई। सभी उप जिलाधिकारियों द्वारा अपनी निरीक्षण आख्या आवश्यक कार्यवाही हेतु जिलाधिकारी को प्रेषित की गई।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की टीमों ने किया होटलों और ढाबों का निरीक्षण




शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** चारधाम यात्रा के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावट खोरी पर नकेल कसने के लिए चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है। मंगलवार को जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी महिमानंद जोशी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की दो टीमों ने गुरुकुल कांगड़ी से लेकर बहादराबाद टोल प्लाजा, हरिद्वार बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन के आसपास ढाबों और होटलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आठ ढाबों व रेस्टोरेंट को रेट लिस्ट और फूड लाइसेंस न होने पर नोटिस जारी किए गए। ढाबों में रंग लगे उबले आलू, पनीर के साथ घटिया क्वालिटी के समान हटवाए गए। निरीक्षण के दौरान खाद्य सामग्री के 4 नमूने जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला रुद्रपुर भेजे गए। अधिकारियों ने सभी ढाबा और रेस्टोरेंट संचालकों को साफ सफाई रखने, लाइसेंस प्रदर्शित करने और बासी भोजन न परोसने के निर्देश दिए। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी महिमानंद जोशी न बताया कि अभियान निरंतर जारी रहेगा। अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# देव संस्कृति विवि के प्रतिकुलपति डा. चिन्मय ने आस्ट्रेलियन संसद में की नवयुग संविधान पर चर्चा

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा मनाए जा रहे माता भगवती देवी शर्मा जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विश्वभर में यज्ञीय अनुष्ठानों, संगोष्ठियों एवं कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डा. चिन्मय पंड्या इन दिनों ऑस्ट्रेलिया प्रवास पर हैं। जहां वे विभिन्न शहरों में आध्यात्मिक जागरण के कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहे हैं। गायत्री परिवार की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा को और सशक्त करते हुए अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रतिनिधि डा.चिन्मय पंड्या ऑस्ट्रेलिया प्रवास के अंतर्गत साउथ ऑस्ट्रेलियन संसद पहुंचे। ज्ञातव्य है कि सांसद रसेल वोरटली ने गायत्री परिवार और डा.पंड्या के व्यक्तित्व और कृतित्व से प्रभावित होकर उन्हें संसद में आमंत्रित किया। इस दौरान नवयुग के संविधान युग निर्माण विषय पर गहन संवाद हुआ तथा सांसद ने भावी आयोजनों में गायत्री परिवार के साथ सतत सहभागिता की घोषणा की। साथ ही भारतीय त्योहारों के आयोजनों में गायत्री परिवार को प्रमुख आयोजक के रूप में आमंत्रित करने का भी प्रस्ताव प्रस्तुत किया। जिसे उन्होंने स्वीकार किया। डा.चिन्मय पण्डया ने उन्हें युग साहित्य आदि भेंटकर सम्मानित किया। एडिलेड काउंसलर सुरेन्द्र पाल ने संसद में डा.पंड्या का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया एवं इस भेंट के संयोजन में विशेष भूमिका निभाई। यह भविष्य में भारत-ऑस्ट्रेलिया सांस्कृतिक सहयोग के एक नए युग की शुरुआत करेगी तथा विश्वशांति, मानवीय मूल्यों और अध्यात्म आधारित नेतृत्व के क्षेत्र में नए प्रतिमान स्थापित करेगी।

# पर्यटकों पर आतंकी हमला कराकर पाकिस्तान ने दिया कायरना हरकत का परिचय : स्वामी प्रबोधानंद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले पर रोष व्यक्त करते हुए हिंदू रक्षा सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी प्रबोधानंद गिरी ने कहा कि पाकिस्तान अपनी कायरतापूर्ण हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमला कराकर पाकिस्तान ने अपनी कायरना हरकत का परिचय दिया है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग करते हुए कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ कड़े कदम उठाते हुए उसे ऐसा सबक सिखाया जाए कि वह भविष्य में कोई भी आतंकी वारदात करने के काबिल ना रहे। भारत को अस्थिर करने के पाकिस्तान के मंसूबे कभी कामयाब नहीं होने दिए जाएंगे। संत समाज एकजुट होकर पूरे देश में पाकिस्तान के खिलाफ जनजागरण अभियान चलाएगा। स्वामी प्रबोधानंद ने कहा कि पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की हत्या के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। ऐसे में कुछ लोग पाकिस्तान के समर्थन में सोशल मीडिया पर टिप्पणी कर रहे हैं। भारत में रहकर पाकिस्तान का समर्थन करने वाले लोगों के खिलाफ देशद्रोह का मुकद्मा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए। स्वामी ऋषि रामकृष्ण महाराज ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जिम्मेदार पाकिस्तान को उसकी नापाक हरकत की कीमत चुकानी होगी। पूरे देश निर्दोष पर्यटकों की हत्या को लेकर गम और गुस्से में है और पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई चाहता है। सरकार को देश के लोगों की भावना का सम्मान करते हुए तत्काल पाकिस्तान को जवाब देना चाहिए। भाजपा नेता सत्यनारायण शर्मा व युवा भारत साधु समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी शिवम महंत एवं राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी रविदेव शास्त्री ने कहा कि पाकिस्तान पूरी दुनिया के लिए नासूर बन गया है। भारत समेत पूरे विश्व में हो रही आतंकी घटनाओं के पीछे पाकिस्तान का हाथ सामने आता है। पाकिस्तान द्वारा की जा रही आतंकी वारदातों से भारत सर्वाधिक पीड़ित है। ऐसे में केंद्र सरकार को आर या पार का निर्णय करते हुए पाकिस्तान को दुनिया के नक्शे से मिटा देना चाहिए।

# चारधाम यात्रा पर रवाना हुआ यात्रियों का पहला जत्था

**संयुक्त पर्यटन निदेशक और पर्यटन कारोबारियों ने माया देवी मंदिर में पूजा अर्चना के पश्चात यात्रा वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** मंगलवार को यात्रियों को पहला जत्था हरिद्वार से चारधाम यात्रा पर रवाना हुआ। मायादेवी मंदिर में पूजा अर्चना के पश्चात स्थानीय ट्रैवल कारोबारियों और पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने चारधाम यात्रीयों के वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। चारधाम यात्रा पर रवाना हुए दल में कई प्रदेशों के यात्री शामिल हैं। इस दौरान पहली बार चारधाम यात्रा पर आए श्रद्धालु बेहद उत्साहित नजर आए और यमनोत्री धाम, गंगोत्री धाम, केदारनाथ धाम व बद्रीनाथ धाम की जय जयकार के साथ यात्रा पर रवाना हुए। संयुक्त पर्यटन निदेशक वाईएस गंगवार ने यात्रीयों को मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दी। पर्यटन कारोबारी हरीश भाटिया ने कहा कि चारधाम यात्रीयों का पहला जत्था रवाना हो गया। पर्यटन कारोबारियों को उम्मीद है कि इस वर्ष भी यात्रा बेहतर तरीके से संचालित होगी। पर्यटन कारोबारी अभिषेक अहलूवालिया ने कहा कि 30 अप्रैल से चारधाम के कपाट खुल रहे हैं। मायादेवी मंदिर में पूजा कर चारधाम यात्रा सकुशल संपन्न होने की कामना की गयी। चारधाम यात्री रेखा वर्मा व दिलीप जोशी ने कहा कि पहली बार यात्रा पर जा रहे हैं। उम्मीद है कि सरकार ने यात्रा के लिए अच्छी व्यवस्थाएं की होंगी।

# द विनिंग एज ने प्राथमिक विद्यालय के छात्रों को वितरित की नोटबुक



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** द विनिंग एज संस्था की ओर से शिक्षा की ज्योति अभियान के तहत कक्षा एक से पांच तक के छात्र-छात्राओं को नोटबुक वितरित की गई। संस्था की अध्यक्ष विभूति राज्यलक्ष्मी जनदेव ने बताया कि संस्था पिछले कई वर्षों से विभिन्न लोकोपयोगी कार्य करती आ रही है। विद्यालयों में बच्चों को मदद करने के उद्देश्य से एक कार्यक्रम शिक्षा की ज्योति चलाया जा रहा है। जिसके तहत राजकीय प्राथमिक विद्यालय नंबर 7 में नोटबुक का वितरण किया गया। इस अवसर पर कक्षा एक से पांच तक के छात्र-छात्राओं को नोटबुक एवं अन्य सामान का वितरित किया गया। संस्था की स्वयंसेवी दीप्ति एवं सर्वेश भरी इस अवसर पर उपस्थित रही। दीप्ति ने बताया कि भविष्य में संस्था से जुड़े लोग विद्यालय का अकादमिक स्तर सुधारने के लिए भी कार्य करेंगे। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक कविता माहेश्वरी, डा. शिवा अग्रवाल, मो. हारून, सोनिया, राखी आदि ने संस्था का आभार व्यक्त किया।

# मांगों को लेकर एंकर पैनासोनिक के कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन जारी

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** 11 सूत्रीय मांगों को लेकर एंकर पैनासोनिक के कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन लगातार दूसरे दिन जारी रहा। वहीं ट्रेड यूनियन कोऑर्डिनेशन सेंटर (टीयूसीसी) के प्रदेश महासचिव, उत्तराखंड पीयूष चौहान धरना स्थल पर पहुंचकर कर्मचारियों को उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया। ऐसा नहीं होने पर कर्मचारियों के साथ मिलकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने का भरोसा दिलाया।

पियुष चौहान ने कहा कि 11 सूत्रीय मांगों को लेकर एंकर पैनासोनिक कंपनी प्रबंधन से बात करने का प्रयास कर रहे हैं। किंतु लाख प्रयासों के बावजूद भी श्रमिकों की बात नहीं सुनी जा रही है। श्रमिकों के आह्वान पर वें धरना स्थल पर पहुंचे और श्रमिकों से वार्ता कर समाधान का प्रयास किया। उन्होंने श्रमिकों को भरोसा दिलाया कि उनकी मांगे कंपनी प्रबंधन को स्वीकार करनी होगी। वहीं सिडकुल क्षेत्र में लगातार कर्मचारियों के साथ हो रहे अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अगर कंपनी प्रबंधन कर्मचारियों की मांग को स्वीकार नहीं करता है तो कंपनी के द्वारा किए गए इस शोषण के विरुद्ध अनिश्चितकालीन धरना कंपनी के गेट के बाहर ही दिया जाएगा। उन्होंने कंपनी के प्रबंधन से भी आग्रह किया कि अपने इतने पुराने कर्मचारियों की अनदेखी न करें तथा इस मसले को बातचीत से सुलझाने का प्रयास करें। उन्होंने श्रम परिवर्तन अधिकारी अनिल पुरोहित एवं सहायक श्रम आयुक्त धर्मराज से भी वार्ता करके इस मामले का हल निकालने में कर्मचारियों की सहायता करने का आग्रह किया।

# कार्य बहिष्कार कर रहे नगर पालिका शिवालिक नगर के सफाई कर्मचारियों ने निकाली रैली

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** नगर पालिका शिवालिक नगर के कुछ सभासदों द्वारा आउटसोर्स सफाई कर्मचारियों के साथ अभद्रता किए जाने के विरोध में 9 दिन से कार्य बहिष्कार कर रहे कर्मचारियों ने मंगलवार को अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के बैनर तले रैली निकालकर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र तेश्वर व महामंत्री राजेंद्र श्रमिक ने कहा कि सफाई कर्मचारियों के साथ अभद्रता को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभासदों ने खेद व्यक्त नहीं किया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन करने वालों में अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के शाखा अध्यक्ष सनी टाक, शाखा महामंत्री अजीत कुमार, सलाहकार संजय, गौतम, कृष्ण, सनी, कुलदीप, मांगेराम, विशाल, शुभम, अंकित, रूपा, रचना, सुशीला, उमा, जतिन, सोनिया, गोपाल, राजेश, दौलत, रामकुमार, पवन, पूजा, रीना, ओमवती, अमरीश, विनोद, अर्जुन, अमन त्रिपाठी पवन कुमार, अश्वनी, नरेश, रेखा, कविता, वंदना, बलवंत, अभिषेक, बृजेश, मनोज, बबलू, सौरव, सुरेंद्र, विकास, जसविंदर, तरुण, रब्बासी, विशाल, लोकेंद्र, मुकेश, माधवी, जयंत, रिंकू, अतरपाल, सहदेव आदि कर्मचारी शामिल रहे। रैली के पश्चात अखिल भारतीय सफाई मजूदर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र तेश्वर, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र श्रमिक एवं यूनियन के प्रतिनिधियों ने पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा से मुलाकात कर सभासदों द्वारा सफाई कर्मचारियों से किए गए अभद्र व्यवहार पर नाराजगी जताते हुए इसकी कड़ी निंदा की। पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा ने भी प्रकरण की निंदा करते हुए यूनियन प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि किसी भी कर्मचारी का शोषण नहीं होने दिया जाएगा।

# डाक्टरेट की उपाधि हासिल कर मीनू चौधरी ने बढ़ाया हरिद्वार और अपने परिवार का मान

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** महारूद्रा एजुकेशन इंस्टीट्यूट की प्रबंध निदेशक मीनू चौधरी ने डाक्ट्रेट ऑफ फिलासफी, पीएचडी की डिग्री प्राप्त कर पूरे परिवार का नाम रोशन किया है। उन्हें शोभित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी मेरठ से माध्यमिक स्तर के विद्यालयों में अध्ययनरत उच्च तथा निम्न समाजिक एवं आर्थिक स्तर के विद्यार्थियों की संवेगात्मक परिपक्वता एवं क्षैक्षणिक आकांक्षा का अध्ययन विषय मे शोध हेतु पीएचडी की उपाधि से अलंकृत किया गया है। मीनू चौधरी ने अपनी सफलता के लिए माता पिता, भाई, सास और बच्चों के साथ अपने पति को धन्यवाद दिया। जिन्होंने मुश्किल समय में उनका साथ दिया और सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। प्रेस को जारी बयान में मीनू चौधरी ने कहा कि पीएचडी की उपाधि हासिल करना उनके लिए बेहद खुशी का दिन है। जो स्वप्न उन्होंने बचपन से देखा था, वह मां सरस्वती के आशीर्वाद से पूर्ण हुआ है। आखिरकार घर-परिवार और सामाजिक, आर्थिक जिम्मेदारियों के संघर्षो बीच तालमेल बैठाकर डॉक्टरेट ऑफ फिलॉसफी पीएचडी की डिग्री मिलना एक तपस्या से कम नही है। मीनू चौधरी ने कहा कि शोभित यूनिवर्सिटी मेरठ प्रबंधन को हृदय से धन्यवाद देती हूं। जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में मेरे व्यक्तित्व को डा. के रूप में एक नई पहचान दी। जीवन की चुनौतियों को अलग तरह से परखने-समझने का नजरिया दिया। इसके साथ ही उन सभी का बारम्बार धन्यवाद जो मेरी इस व्यक्तिगत यात्रा में मेंटोर, साथी, पथ प्रदर्शक व प्रोत्साहक रहे। मीनू राणा के पति निशांत चौधरी ने कहा उनके पिता डा.राजेन्द्र चौधरी पेशे से डॉक्टर थे। अब उनकी पत्नी ने पीएचडी की उपाधि हासिल कर परिवार का सम्मान बढ़ाया है। मीनू राणा ने अपने संघर्ष के बल पर सफलता हासिल की है। पूरे परिवार में हर्ष का माहौल है। परिजनों, मित्रों और सगे संबंधियों की ओर से बधाई देते वालों का तांता लगा हुआ है।

# पहलगाम आतंकी हमले के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

## निर्दोषों की हत्या करने वाले आतंकियों को मिले मौत की सजा : पराग

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** शंकर आश्रम के समीप स्थित होटल में आयोजित हरिद्वार वैश्य एकता परिषद की बैठक में पंचपुरी के वैश्य समाज ने पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। बैठक की अध्यक्षता अतुल सिंघल व संचालन पराग गुप्ता एवं अरविंद अग्रवाल ने किया। पराग गुप्ता एवं अरविंद अग्रवाल ने कहा कि विदेश नीति में पारंगत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पाकिस्तान को कड़ा जवाब देने में सक्षम हैं। पाकिस्तान द्वारा फैलाया जा रहा आतंकवाद देश के लिए कलंक है। जम्मू कश्मीर से आतंकवादियों का खात्मा होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हिंदुओं को एकजुट होकर रहना चाहिए। पराग गुप्ता ने कहा कि पहलगाम में निहत्थे पर्यटकों की निर्मम हत्या करने वाले आतंकवादियों को मौत की सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश की सरकार निश्चित रूप से पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद को जवाब देगी। पराग गुप्ता ने वैश्य समाज के लोगों से एकजुट होने का आह्वान करते हुए कहा कि हरिद्वार वैश्य एकता परिषद समाज के हितों के संरक्षण को लेकर सजग है। वैश्य समाज के उत्पीड़न को किसी भी रूप में सहन नहीं किया जाएगा। अरविंद अग्रवाल व युयश अग्रवाल ने कहा कि भारत के लिए नासूर बन चुके पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का सफाया जरूरी है। भारत को कमजोर करने की मंशा से पाकिस्तान लगातार देश में आतंकी घटनाओं को अंजाम दे रहा है। लेकिन पाकिस्तान के मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे। भारत सरकार को पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए। अशोक अग्रवाल ने कहा कि एकता के बल पर ही संगठन मजबूत होता है। महाराज अग्रेसन के आदर्शो का पालन करते हुए एकजुट होकर सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए देश एवं समाज के विकास में अपना योगदान दें। अशोक अग्रवाल ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा फैलाया जा रहा आतंकवाद देश के लिए खतरा है। आज पूरा देश एकजुट होकर आतंकवाद के खात्मे की मांग कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह पाकिस्तान को करारा जवाब दें। इस दौरान श्रवण गुप्ता, सुयश अग्रवाल, गगन गुप्ता, ज्ञानेश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, रविकांत, प्रवीण सिंघल, ललित गोयल, विनीत अग्रवाल, पंकज बंसल, रविंद्र कुमार गुप्ता, विनोद मित्तल, वेदप्रकाश गुप्ता, संजय अग्रवाल, संजय आर्य, अमित गर्ग, अजय गर्ग, विवेक अग्रवाल, प्रवीण सिंघल, अभिनंदन गुप्ता, ललित जिंदल, मुकेश मोदी, गौरव गुप्ता, प्रशांत मेहता, प्रदीप गोयल, अनुज गोयल, प्रदीप गुप्ता, प्रवेश गुप्ता, आलोक गर्ग, योगेश गर्ग, संदीप मेहता, विकास सिंघल, दीपक बंसल सहित बड़ी संख्या में वैश्य समाज के लोग मौजूद रहे।

# हरबर्टपुर बस अड्डे पर चारधाम यात्रा को लेकर जारी तैयारियों को दिया अंतिम रूप




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** देवभूमि उत्तराखंड में चारधाम यात्रा शुरू होने वाली है जिसके चलते बड़े पैमाने पर शासन प्रशासन यात्रा की तैयारियो को अन्तिम रूप देने में जुटा हुआ है तो वहीं आगामी 30 तारीख को गंगोत्री यमुनोत्री आने वाले श्रद्धालुओं के मुख्य पड़ाव मानें जाने वाले देहरादून के हरबर्टपुर बस अड्डे पर भी तैयारियो को अंतिम रूप दिया जा रहा है, यहां पहुंचने वाले यात्रियों के ठहराव को लेकर स्वास्थ्य, सुरक्षा समेत तमाम सुविधाओं को ध्यान में रखते स्थानीय प्रशासन द्वारा जरूरत की सभी व्यवस्थाओं को अन्तिम रूप दिया जा रहा है। दरअसल विकासनगर के हरबर्टपुर बस अड्डे में पहुंचे चारधाम यात्रियों के जमावड़े के मद्देनजर बतौर मुख्य पड़ाव को देखते हुए शासन प्रशासन ने यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिहाज तैयारियो को अंतिम रूप दिया जा रहा है जिसके चलते यहां अंतर्राज्यीय बस अड्डे पर पंजीकरण काउंटर, इंटर कनेक्टिविटी, बिजली, शौचालय, पेयजल समेत मौसम को ध्यान में रखते हुए यात्रियों को धूप से बचाने के लिए कूलर और पंखों से लैस विशाल जर्मन हैंगर टेंट की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही यहां श्रद्धालुओं सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए पुलिस बूथ, स्वास्थ्य कंेप, पुछताछ काउंटर भी बनाए गए हैं इसके अलावा प्रशासन द्वारा यात्रियों की भीड़ बढ़ने पर श्रद्धालुओं के ठहराव के लिए वैकल्पिक स्थानों का निरीक्षण चिन्हित किया गया है। ताकी चार धाम यात्रियों को किसी प्रकार की कोई असुविधा न झेलनी पड़े।

- श्रद्धालुओं की सुविधाओं के मद्देनजर की गई है काफी तैयारियां
- आज से शुरू होगी चारधाम यात्रा

## चारधाम यात्रा शुरू होने पर लोनिवि के अधीक्षण अभियंता ने किया कालसी चकराता मोटर मार्ग का निरीक्षण



**साहिया।** प्रदेश में राज्य सरकार के निर्देश पर सभी मार्गों को गड्ढा मुक्त करने के लिए विभाग सजग नजर आ रहा है। चार धाम यात्रा व पर्यटन सीजन के प्रारंभ होने के चलते देहरादून जिले के मार्गों पर पेंच वर्क किया जा रहा है। जिससे यातायात में सहूलियत हो सके। इसी क्रम में सहिया डिविजन में मोटर मार्गो को गड्ढा मुक्त करने के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा पेंच वर्क किया गया है, लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता मुकेश परमार ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का कार्य किया जा रहा है। कहा कि गर्मियों में चकराता का पर्यटन सीजन शुरू हो चुका है। कहा कि सहिया डिविजन में 3 महत्वपूर्ण स्टेट हाईवे है जिसमें कालसी चकराता मोटर की कुल लंबाई 44 किलोमीटर है जिसमें से विभाग द्वारा 27 किलोमीटर को पेंचलेस, गढ्ढा मुक्त किया गया है जिसका आज विभागाध्यक्ष के आदेशानुसार निरिक्षण किया गया। कहा की जनपद देहरादून में महत्वपूर्ण मार्गों के 288 किलोमीटर में से 171 यानी 60 प्रतिशत से अधिक मार्गों को पेंचलेस, गढ्ढा मुक्त किया गया है। निरिक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग की सहायक अभियंता राधिका शर्मा, अवर अभियन्ता शाह आलम आदि मौजूद रहे।

# मंदिर में परशुराम जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई

## हवन यज्ञ व पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिया।** कालसी ब्लॉक के बो. हरी गांव स्थित प्राचीन परशुराम मंदिर में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम भगवान परशुराम मंदिर में हवन यज्ञ, पूजा अर्चना कर भगवान परशुराम को प्रसाद का भोग लगाया गया। श्रद्धालुओं ने क्षेत्र की खुशहाली के लिए सुख समृद्धि की कामना की।

भगवान परशुराम विष्णु के छठे अवतार माने जाते हैं उन्हें ब्रह्मण ऋषि जमदग्नि और क्षत्रिय राजकुमारी रेणुका के पुत्र के रूप में माना जाता है। स्कंद पुराण, भविष्य पुराण के अनुसार भगवान परशुराम का जन्म त्रेता युग में वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि (अक्षय तृतीया) के दिन प्रदोष काल समय में हुआ था। पौराणिक वृतांतों के अनुसार उनका जन्म महर्षि भृगु के पुत्र महर्षि जामदग्नि द्वारा संपन्न पुत्रेष्टि यज्ञ से प्रसन्न देवराज इंद्र के वरदान स्वरुप पत्नी रेणुका के गर्भ से वैशाख शुक्ल तृतीया को हुआ था। परशुराम को उनके क्रोध के लिए जाना जाता है और वह अपने पिता के अपमान का



बदला लेने के लिए 21 बार क्षत्रियों का नाश किया। भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर प्राचीन मंदिर बोहरी गांव में जन्मोत्सव के दौरान भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय और दूर दराज से आए हुए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर मंदिर के पुजारी देवा गुलाब सिंह, देवमाली किशन सिंह, वजीर रण सिंह, भंडारी खजान सिंह, देव बाजगी गोविंद राम, देव माली संजय, मंदिर समिति के अध्यक्ष अमर सिंह चौहान, आदेश सिंह, संटी चौधरी, सुंदर सिंह, अमर राय व कई सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद रहे। वहीं सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बाबूगढ़ विकासनगर में भगवान परशुराम जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य कलीराम भट्ट, छत्रपाल सिंह, पंकज नौटियाल, सुभाष चमोली तथा अन्य विद्यार्थियो के द्वारा मां सरस्वती व भगवान परशुराम के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर किया गया। विद्यालय के छात्र सार्थक तथा छात्रा आरती ने भगवान परशुराम के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## महाविद्यालय चकराता में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**चकराता।** श्री गुलाब सिंह राजकीय महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग की विभागीय परिषद के तत्वावधान में मंगलवार को पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारना और उनके विचारों को कलात्मक रूप में प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करना था। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में डॉ. अनुज कुमार, डॉ. पूजा रावत और डॉ. जयश्री थपलियाल ने अपनी अहम भूमिका निभाई। उन्होंने प्रतिभागियों के पोस्टरों का मूल्यांकन करते हुए उनकी सृजनात्मकता और विषय की समझ को सराहा। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आशुतोष शरण ने विजयी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए छात्रों को निरंतर प्रयास करते रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करती हैं। प्रतियोगिता में बी.ए. चौथे सेमेस्टर की अंजलि ने प्रथम स्थान, मानसी ने द्वितीय स्थान और आशीष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि प्रिया को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## शिवालिक एकेडमी में विद्यार्थियों के अभिभावकों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

**विकासनगर।** शिवालिक एकेडमी में कक्षा प्री.के.जी. से कक्षा 1 तक के विद्यार्थियों के माता पिता हेतु ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य माता पिता और शिक्षकों के मध्य वार्तालाप करने बच्चों से संबंधित समस्याओं को दूर करने विद्यार्थियों द्वारा गृह कार्य में आने वाली परेशानी दूर करने हेतु ओरियंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। बच्चों को आगे बढ़ाने में मदद करने के लिए माता–पिता और शिक्षकों के बीच मजबूत साझेदारी के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। इस विशेष सत्र ने माता–पिता को शिक्षकों के साथ जुड़ने, प्रश्न पूछने और अपनी अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को साझा करने की अनुमति दी। ओरिएंटेशन कार्यक्रम ने स्कूल और परिवारों के बीच एक मजबूत, सहयोगात्मक संबंध की नींव रखी।

# हरिपुर यमुना घाट निर्माण की धीमी गति पर जताई नाराजगी



### मुख्यमंत्री के विशेष सचिव डा. धकाते को सौंपा ज्ञापन

**कालसी।** लोक पंचायत जमुना तीर्थ समिति के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के विशेष सचिव एवं यमुना घाट निर्माण के नोडल अधिकारी डॉ. मधुकर पराग धकाते को ज्ञापन सौंप कर कहा है कि यमुना घाट निर्माण का कार्य धीमी गति से चल रहा है, इसे शीघ्रता से पूरा किया जाए। हरिपुर स्थित यमुना घाट निर्माण के लिए प्रयासरत लोक पंचायत जमुना तीर्थ समिति ने मुख्यमंत्री के विशेष सचिव एवं यमुना घाट निर्माण के नोडल अधिकारी डॉ. धकाते को दिए ज्ञापन में कहा कि हरिपुर स्थित यमुना नदी में घाट निर्माण का कार्य धीमी गति से चल रहा है इस कार्य को बरसात से पहले पूरा किया जाए। जिससे जमुना नदी में वर्षा जल के कारण घाट निर्माण में किसी भी प्रकार का प्रावधान उत्पन्न न हो।

इस मौके पर समिति के अध्यक्ष गंभीर चौहान ने कहा कि जमुना नदी में घाट निर्माण के लिए नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत और अधिक बजट स्वीकृत किया जाए, जिससे काली मंदिर तक यमुना नदी के किनारे घाटों के निर्माण का कार्य हो सके, अमलवा व जमुना और नोरो नदी का संगम जहां बनता है जहां देवताओं के डोलियों के स्नान होते हैं वहां तक घाटों का निर्माण किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा है कि हरिपुर से बहने वाला गंदा नाला जमुना जी में प्रवाहित हो रहा है जहां घाट बन रहे हैं, वही गंदे नाले की गंदगी जा रही है जिससे लोग आचमन करते हैं इसलिए हरिपुर के गंदे नाले को भी टेप किया जाए जिससे मां यमुना के पवित्र जल की शुद्धता बनी रहे। इस मौके पर यमुना घाट निर्माण के नोडल अधिकारी ने डॉ. पराग धकाते ने कहा है कि घाटों के निर्माण का कार्य शीघ्र पूरा करने के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया है। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष इंजी. नियर गंभीर सिंह चौहान, सचिव सतपाल चौहान, मोहन खत के स्याणा जयपाल सिंह चौहान, दिनेश मानेसेरा, भारत चौहान, प्रीतम सिंह, चमन सिंह नेगी आदि उपस्थित थे।

## संविधान बचाओं रैली में पछवादून से हजारों की संख्या में शामिल होंगी जनता: प्रीतम

**विकासनगर।** उत्तराखंड प्रदेश में संविधान बचाओ रैली/जनसभा जो रेंजर्स ग्राउंड देहरादून में 30 तारीख को प्रस्तावित है जिसमें अधिक से अधिक लोग पूरे प्रदेश में भागीदारी करेंगे जिसकी तैयारी के लिए व अधिक भागीदारी के लिए विधानसभा विकासनगर के कार्यकर्ता कि बैठक पूर्व जिला अध्यक्ष संजय किशोर के नेतृत्व में विकासनगर में आहुत हुई जिसमे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह उपस्थित हुए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि विकासनगर विधानसभा से हजारों की संख्या संविधान बचाओ इस महायज्ञ में शामिल होंगे। पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह ने कहा गुजरात में हुए कांग्रेस अधिवेशन मैं यह निर्णय लिया गया कि पूरे देश में हर प्रदेश में 25 तारीख से 30 तारीख तक यह महा रैलियां आयोजित की जा रही है जिसके तहत उत्तराखंड में भी यह महारैली आयोजित हो रही है, उन्होंने कहा वर्तमान सरकार संविधान विरोधी है ईडी सीबीआई का दुरुपयोग किया जा रहा है आरक्षण को सरकार समाप्त कर रही है सरकारी नौकरियां समाप्त की जा रही है सब कुछ निजी हाथों में सोपा जा रहा है सब मुद्दों को लेकर इस महा रैली जनसभा का आयोजन किया जा रहा है आज की इस तैयारी बैठक का संचालन पूर्व शहर अध्यक्ष शम्मी प्रकाश ने किया।

# दुर्घटना में एसडीआरएफ व पुलिस ने किया तीन घायलों का रेस्क्यू

## कालसी के समीप ब्रेक फेल होने पर वाहन खाई में गिरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहिया।** कालसी क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक टैक्सी कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे पलट गई। इस घटना की सूचना मिलते ही राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर तीन घायलों का रेस्क्यू किया और उन्हें सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्घटना कालसी के दुर्गा मंदिर के समीप घटित हुई, जहां एक टैक्सी डिजायर (पीबी01 डी 5710) के ब्रेक फेल हो जाने के कारण वाहन सड़क से नीचे पलट गया। टैक्सी में तीन व्यक्ति सवार थे। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ पोस्ट डाकपत्थर से उप निरीक्षक सुरेश तोमर के नेतृत्व में रेस्क्यू टीम आवश्यक उपकरणों के साथ तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना हुई। घटनास्थल पर पहुंचने पर दो यात्रियों को स्थानीय लोगों की मदद से पहले ही बाहर निकाल लिया गया था। तीसरी यात्री, एक महिला, गाड़ी के अंदर फंसी हुई थी और उसका पैर फ्रेक्चर हो गया था। एसडीआरएफ टीम ने कड़ी मेहनत करते हुए महिला को सावधानीपूर्वक वाहन से बाहर निकाला। रेस्क्यू टीम द्वारा तीनों घायलों को मौके पर प्राथमिक




उपचार दिया गया और तत्पश्चात बेहतर उपचार हेतु नजदीकी अस्पताल भेजा गया। घायलों में गुरेंद्र सिंह पुत्र मनेंद्र सिंह, उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम तिरफान, थाना साराड, पंजाब, अनिता अग्रवाल पत्नी विजय अग्रवाल, उम्र 53 वर्ष, निवासी 13/37, शक्ति नगर, दिल्ली, विजय अग्रवाल पुत्र महेंद्र कुमार अग्रवाल, उम्र 55 वर्ष, निवासी शक्ति नगर, दिल्ली शामिल हैं। टीम की मुस्तैदी से समय रहते तीनों घायल व्यक्तियों को बचा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा और गंभीर रूप न ले सका।

### कोतवाली पुलिस ने चार वारंटियों को किया गिरफ्तार

**विकासनगर।** वारंटियो के विरुद्ध प्रचलित कार्यवाही में कोतवाली विक. ासनगर पुलिस द्वारा 4 वारण्टियों मुकर्रम पुत्र नाजिम निवासी वार्ड नं0 14 ढकरानी कोतवाली विकासनगर, अशोक पुत्र नाथीराम निवासी आसनबाग हरबर्टपुर कोतवाली विकासनगर, मौ0 शादाब उर्फ सद्दू पुत्र रुकसान निवासी ढकरानी कोतवाली विकासनगर, दानिश पुत्र राशिद निवासी मुस्लिम बस्ती विकासनगर को गिरफ्तार किया। पुलिस चारों वारंटियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।पुलिस टीम में एसआई सनोज कुमार चौकी प्रभारी हरबर्टपुर, एसआई संदीप पंवार कोतवाली विकासनगर, अ0उ0नि0 नौशाद अंसारी कोतवाली विकासनगर, सिपाही चमन सिंह, रजनीश कुमार, अंकित, अनिल सालार, राजेन्द्र सिंह, वीर सिंह, रजनीश कुमार शामिल रहे।

## अब अलग से नहीं करना पड़ेगा आवेदन

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल ने सत्र 2024 के स्नातक छात्रों के लिए एक क्रांतिकारी कदम उठाया है। विश्वविद्यालय ने 18 हजार से अधिक डिग्रियों का मुद्रण कार्य पूरा कर लिया है और पहली बार छात्रों को डिग्री प्राप्त करने के लिए किसी अलग आवेदन की आवश्यकता नहीं होगी। इस पहल से न केवल प्रक्रिया को सुगम बनाया गया है बल्कि सत्र 2024 के पासआउट छात्रों की डिग्रियों का कोई बैकलॉग भी नहीं रहेगा। कुविवि के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत के नेतृत्व में विश्वविद्यालय ने छात्रहित को प्राथमिकता देते हुए यह निर्णय लिया है। अब छात्रों को अनावश्यक औपचारिकताओं से मुक्ति मिलेगीए और उनकी डिग्रियाँ सीधे उनके संस्थानों या पते पर भेजी जाएंगी। यह नई व्यवस्था समय की बचत के साथ.साथ विश्वविद्यालय की कार्यकुशलता को भी प्रदर्शित करती है। कुमाऊं विवि प्रशासन के अनुसार डिग्रियों की छपाई का कार्य पूर्ण हो चुका है और इन्हें जल्द ही सभी संबंधित महाविद्यालयों में वितरित किया जाएगा। इस समयबद्ध प्रक्रिया से छात्रों को अपनी डिग्रियाँ तुरंत प्राप्त होंगीए जिससे उनके करियर और उच्च शिक्षा की योजनाओं को गति मिलेगी। साथ हीए इस व्यवस्था से 2024 सत्र की डिग्रियों का बैकलॉग पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। बता दें कि कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत के मार्गदर्शन में कुमाऊं विश्वविद्यालय लगातार प्रशासनिक सुधारों की दिशा में कदम उठा रहा है। डिग्री वितरण में यह नवाचार न केवल छात्रों के लिए सुविधाजनक है।


**पावर ट्राँसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) अधिशासी अभियन्ता (परियोजना मुख्यालय भुगतान इकाई) कार्यालय
विद्युत भवन, नजदीक–आई0एस0बी0टी0 क्रासिंग, सहारनपुर रोड, माजरा, देहरादून–248002
दूरभाष नं0–0135–2760628 Email- ee_phqpu@ptcul.org

**निविदा सूचना**

इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु निविदायें दिनांक 28.05.2025 को 14:00 बजे तक पंजीकृत/स्पीडपोस्ट द्वारा आमन्त्रित की जाती है, जो उसी दिन 15:00 बजे उपस्थित निविदादाताओ के सम्मुख खोली जायेगी। प्रतिष्ठित निविदाता जो सम्बन्धित कार्यों का अनुभव प्रमाण पत्र रखते है व इनकमटैक्स/जी०एस०टी०/ई०पी०एफ० में रजिस्टर्ड है, के द्वारा निविदा प्रपत्र दिनांक 26.05.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में अनुरोध पत्र के साथ निविदा प्रपत्र शुल्क रु० 100.00+18% जी०एस०टी० अर्थात 118.00 (प्रतिदेय) का किसी भी राष्ट्रीय बैंक द्वारा जारी बैंक ड्राफ्ट जो General Manager Project, Office PTCUL, Dehradun के पक्ष में देय हो, जमाकर इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। प्रत्येक निविदा की धरोहर धनराशि रु० 3000.00 है।

1. T-01/2025-26: पिटकुल परियोजना मुख्यालय के अधीनस्थ परियोजना कार्यालयों में Printer Cartridges उपलब्ध करवाने का कार्य।
2. T-02/2025-26: पिटकुल परियोजना मुख्यालय के अधीनस्थ परियोजना कार्यालयों में साफ–सफाई से सम्बन्धित सफाई का सामान उपलब्ध करवाने का कार्य।
3. T-03/2025-26: पिटकुल परियोजना मुख्यालय के अधीनस्थ परियोजना कार्यालयों में A-4 Size Paper ream उपलब्ध करवाने का कार्य।
4. T-04/2025-26: पिटकुल मुख्यालय विद्युत भवन की छत पर बॉई तरफ भण्डार कक्ष (Store) Framing work & Glass work के निमार्ण का कार्य सहित अन्य छुटपुट कार्य।
5. T-05/2025-26: पिटकुल मुख्यालय विद्युत भवन परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधो के रोपण का कार्य एवं अन्य छटपुट कार्य।

पत्रांक: 158/प0मु0भु0इ0/पिटकुल/विज्ञापन
दिनांक : 29/04/2025
अधिशासी अभियन्ता (प0मु0भु0ई0)

''राष्ट्रहित में बिजली बचायें''


# प्राथमिकता से बनाएं कार्य योजना

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** प्रदेश के सचिव पंचायतीराज/ बाल विकास व नैनीताल जिले के प्रभारी सचिव चंद्रेश यादव ने मंगलवार को नैनीताल क्लब में विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जनहित योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली, साथ ही उन्होंने लंबित योजनाओं को जल्द पूरा करने और गुणवत्ता के साथ करने के निर्देश दिए। कहा कि जनहित योजनाओं का लाभ देना सरकार की प्राथमिकता है। कहा कि शासन के निर्देशानुसार सभी विभाग वार्षिक कार्य योजना प्राथमिकता से बनाये जिसके लिए उन्होंने जिला. धिकारी को प्रत्येक माह मानिटीरिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही सीएम हेल्पलाइन में आ रही शिकायतों गंभीरता से लेते त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले से विभिन्न विभाग द्वारा शासन में विकास कार्यों के प्रस्ताव भली भांति प्रस्तुत करें। बैठक में सचिव श्री यादव ने विभागों के कार्यो की समीक्षा के दौरान शासन स्तर पर लंबित विभागों के प्रस्तावों व समस्याओं की जानक. ारी लेते हुए अवगत कराया कि जो भी समस्याएं उन्हें अवगत कराई जा रही हैं उन्हें वह शासन में सम्बंधित विभाग के सम्मुख रखते हुए उनका निस्तारण करते हुए योजना को स्वीकृत कराएंगे। समीक्षा के दौरान परियोजना प्रबंधक अकीकृत शहरी अवसंरचना विकास परियोजना कुलदीप सिंह ने अवगत कराया की हल्द्वानी नगर अंतर्गत 250 किलोमीटर पर पेयजल लाइन तथा 40 किलोमीटर सीवर लाईन का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है, इसके अतिरिक्त 2 ओवरहेड पेयजल टेंक तथा 5 ट्यूवेल का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया हैं। अन्य कार्य गतिमान है। इस दौरान नगर विकास विभाग के अधिकारियों ने सचिव के सम्मुख नगर निकाय क्षेत्रों में भूमि सर्वे के लिए विभाग में पटवारी या लेखपाल का पद शासन से स्वीख्रत कराए जाने का मामला रखा। नगर पालिका ईओ दीपक गोस्वामी ने बताया कि करीब 5 सौ से अधिक सरकारी आवास हैंए जिसमें वर्तमान में उनमें रहने वाले करीब 138 अधिकारीए कर्मचारी जो सेवानिवृत्त हो चुके हैं जबकि करीब 147 आवास का किराया 250.700 रुपये प्रतिमाह हैं। जिस पर सचिव ने आवास के रेट तय करने और सेवानिवृत्ति हो चुके अधिकारियों /कर्मचारियों के आवास खाली कराने के निर्देश दिए। पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया वर्तमान में हल्द्वानीए रामनगर में गौशाला का निर्माण किया गया। जिलाधिकारी वंदना ने बताया कि भवाली के आस पास भी गौशाला के भूमि चयन की जा रही हैए जिस पर सचिव ने जल्द भवाली के आस पास जल्द भूमि चयन कर गौशाला निर्माण कराने की बात कही।

# कांग्रेस पर लगाया संविधान से खिलवाड़ का आरोप




### संविधान बचाओ अभियान एक ढोंग: भाजपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** कांग्रेस के संविधान बचाओ अभियान को लेकर भाजपा ने तीखा प्रहार किया। प्रेसवार्ता की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मीता सिंह ने की, जबकि इसे मुख्य रूप से प्रदेश प्रवक्ता विनोद सुयाल ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संच. ालन जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र चावला के तत्वावधान में किया गया।

प्रदेश प्रवक्ता विनोद सुयाल ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि 'कांग्रेस शुरू से ही देश के संविधान से खिलवाड़ को अपना मौलिक अधिकार समझती रही है।' उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने संविधान के साथ छेड़छाड़ की। परंपरा भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के समय से ही शुरू कर दी थी और यह सिलसिला आज तक जारी है। उन्होंने कांग्रेस के 'संविधान बचाओ अभियान' को एक ढोंग बताते हुए कहा कि यह अभियान केवल जनता को भ्रमित करने के लिए चलाया जा रहा है, जबकि कांग्रेस का इतिहास संविधान के मूल स्वरूप को कमजोर करने से भरा पड़ा है। भाजपा की ओर से स्पष्ट किया गया कि पार्टी संविधान के प्रति पूर्ण आस्था रखती है और उसका संरक्षण करना अपना कर्तव्य समझती है। कार्यक्रम में मीडिया को भाजपा की ओर से इस विषय पर दस्तावेज और तथ्यों के आधार पर जानकारी भी साझा की गई। पत्रकार वार्ता में जिला महामंत्री विनोद कश्यप, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संतोष रावत, जिला महामंत्री अमित डबराल, प्रदेश संयोजक विधि प्रकोष्ठ संजय गुप्ता, मंडल अध्यक्ष राहुल शर्मा, रवि कश्यप, अनुज गुलेरिया, अनिल कुमार तथा प्रमोद कुमार उपस्थित रहे।


**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सनातन धर्म संस्कृत उत्तर मध्यमा विद्यालय मयकोटी जनपद रुद्रप्रयाग में साधारण सभा की सदस्यता हेतु अपरिहार्य कारणों से पुनः विज्ञप्ति प्रकाशित की जाती है, जिन आवेदकों द्वारा साधारण सभा की पूर्व विज्ञप्ति के अनुसार शुल्क के रूप में बैंक ड्राफ्ट विद्यालय में उन्हें आवेदन/शुल्क के रूप में बैंक ड्राफ्ट जमा करने की आवश्यकता नहीं है। पुनः इस विज्ञप्ति के अनुसार साधारण सभा के सदस्यता हेतु इच्छुक व्यक्ति साधारण सदस्य हेतु 501/रुपए, आजीवन सदस्य हेतु 2100/रुपए व संरक्षक/संस्थापक विशेष आजीवन सदस्य हेतु 5100/रुपए का बैंक ड्राफ्ट जो प्रबंधक श्री सनातन धर्म संस्कृत उत्तर मध्यमा विद्यालय मयकोटी जनपद रुद्रप्रयाग के नाम हो, प्रबंध तंत्र के किसी भी सदस्य के पास 20 मई 2025 तक जमा कर सकता है।

**प्रबंधक**



**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लिमि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत परीक्षण खण्ड, कर्णप्रयाग

**ई–निविदा सूचना**

एतद्द्वारा विद्युत परीक्षण खण्ड कर्णप्रयाग, उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि० के अर्न्तगत निम्नानुसार ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | ई–निविदा संख्या |
|---|---|
| 1 | 01/2025–2026 |

उपरोक्त निविदाओं की अधिक जानकारी/शुद्धि पत्र हेतु www.uktenders.gov.in पर देखें।

"विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें"

पत्रांक: 119/वि0परी0ख0कर्ण0/टी–1 दिनांक: 28/04/2025 अधिशासी अभियन्ता

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" टोल फ्री नं0 1800–419–0405



**Office of the Superintending Engineer, Uttarakhand Peyjal Nigam, Tehri Garhwal, Uttarakhand.**
Ph:- 01376-2339 Email:- setehripeyjal@gmail.com

Letter No. 331/508/28 Dated: 28-4-2025

**National Competitive Bidding**
**E-Procurement Tender Notice**

On behalf of the Chairman, Uttarakhand Peyjal Nigam, e-tenders on two bid system are invited for the execution of the following work(s) under National Jal Jeevan Mission Program from technically and financially capable bidders up to prescribed time & date and as per terms and conditions.

| Pkg No. | Name of Work {Contract package} | Bid Security (Earnest Money) | Tender Document Cost | Time for completion of work |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of **Khalsi New Khalsi Pumping water supply scheme** of Block Chinyalisaur, District Uttarkashi, including all Civil and E&M Works and their appurtenant works specified in BOQ of tender document including confirmatory survey and design, testing and commissioning on item rate contract basis including supply of all materials, labour and T&P complete Under JJM. | Rs. 7.26 lacs | Rs. 5000.00 +GST@18% | 9 Months |

Detail information is given in Bid documents of these work(s), shall be uploaded on the e-Government Procurement System (e-GPS) portal i.e. http://www.uktenders.gov.in on or before 01st May 2025.

**(Sandeep Kashyap)**
**Superintending Engineer**

# एक भवन में होंगे कई सरकारी दफ्तर

## शहरी अवसंरचना विकास परियोजना के कार्यों की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आयुक्त/सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने सोमवार को हल्द्वानी में 2200 करोड़ रुपये की लागत से एशियन डेवलपमेंट बैंक द्वारा

### कुमाऊं के प्रवेश द्वार के लिए परियोजना महत्वपूर्ण: दीपक रावत

सहायतित एकीकृत शहरी अवस. रचना विकास परियोजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कुमाऊँ के प्रवेश द्वार हल्द्वानी के लिए यह परियोजना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार परियोजना की निगरानी सभी स्तरों पर सुनिश्चित की जा रही है। आयुक्त ने कार्यों की गुणवत्ता व समयबद्धता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए और कहा कि शीघ्र ही वे स्वयं स्थलीय निरीक्षण करेंगे।



प्रोजेक्ट मैनेजर कुलदीप सिंह ने जानकारी दी कि 336 करोड़ रुपये की लागत से हल्द्वानी तहसील परिसर में अत्याधुनिक बहुमंजिला भवन बनाया जाएगा, जिसकी टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इस भवन में तहसील, उपजिलाधिकारी, उपनि. बंधक कार्यालय, लाइब्रेरी, प्रेस क्लब, सेंट्रल रिकॉर्ड रूम, सीएससी कंट्रोल रूम, सर्विलांस सेंटर तथा लगभग 650 वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था होगी। उन्होंने बताया कि 30 करोड़ की लागत से 1500 मीटर लंबा रकसिया नाला आउटफॉल कार्य लगभग 90 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है, और शेष कार्य जून तक, वर्षाकाल से पूर्व, पूर्ण कर लिया जाएगा। साथ ही शहर में 766 किमी पेयजल लाइन बिछाई जानी है, जिसमें से अब तक 250 किमी तक का कार्य पूर्ण हो चुका है। वहीं, 120 किमी सीवरेज लाइन में से 40 किमी का कार्य पूर्ण हो गया है। पेयजल योजना के अंतर्गत 14 सतही जलाशयों में से 2 का निर्माण पूर्ण हो चुका है, और 23 वार्डों में ओवरहेड टैंक, पाइपलाइन, 8 नए ट्यूबवेल तथा 25 मौजूदा टैंकों के सुदृढ़ीकरण का कार्य प्रगति पर है। 128 करोड़ की लागत से वॉकवे से शनिबाजार तक वर्षा जल प्रबंधन का कार्य चल रहा है। वर्षाकाल में नैनीताल रोड पर जलभराव की समस्या को दूर करने हेतु 7 आउटफॉल का निर्माण किया जा रहा है, जिनके माध्यम से वर्षा जल को गौला नदी में छोड़ा जाएगा। प्रोजेक्ट मैनेजर ने बताया कि मंडी से तीनपानी तक फोरलेन सड़क निर्माण कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया गतिमान है। इसके साथ ही नैनीताल और कालाढूंगी सड़क के लिए 115 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक सड़क निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी, प्रोजेक्ट मैनेजर कुलदीप सिंह, संयुक्त निदेशक अर्थ-संख्या राजेन्द्र तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## संविधान बचाओ रैली को लेकर कांग्रेसियों में भारी उत्साह: तिवारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता नीरज तिवारी ने जानकारी दी है कि 30 अप्रैल को देहरादून में आयोजित होने वाली संविधान बचाओ रैली को



लेकर पूरे प्रदेश में भारी उत्साह है और सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि रैली में उत्तराखंड के विभिन्न जिलों से हजारों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल होंगे। रैली का उद्देश्य संविधान, लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों की रक्षा करना है। नीरज तिवारी ने कहा यह केवल एक रैली नहीं, बल्कि संविधान की सुरक्षा और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए एक जन आंदोलन है। प्रदेश प्रवक्ता ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस ऐतिहासिक रैली का हिस्सा बनें और देश के संविधान की रक्षा के लिए एकजुट हों।

# अतिक्रमण पर गरजी नगर निगम की जेसीबी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर निगम ने शहर में अतिक्रमण पर नकेल कसी हुई है। सोमवार को निगम की टीम ने कार्रवाई करते हुए कई इलाकों से अवैध कब्जे हटाए। यह कार्रवाई विशेष रूप से लाइन नंबर 12, 13, राजपुरा और टनकपुर रोड क्षेत्र में की गई, जहां पर वर्षों से कब्जाधारी सार्वजनिक जमीन पर अतिक्रमण कर रहे थे। लाइन नंबर 12 में मीट मार्केट के पास एक गली को भैंसों का तबेला बनाकर बंद कर दिया था। नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर तबेला हटवाया और गली को पुन: आमजन के लिए खोल दिया। इसी प्रकार लाइन नंबर 13 में भी अवैध निर्माण कर गली को बंद कर दिया गया था, जिसे टीम द्वारा खाली कराया गया। अभियान के तहत राजपुरा क्षेत्र में भी बड़ी कार्रवाई की गई। नज़ाकत खान के स्वामित्व वाले एक बगीचे में नगर निगम की लगभग 3000 वर्ग फीट



भूमि पर अवैध कब्जा किया गया था, जिसे टीम ने मुक्त कराते हुए अपने कब्जे में लिया। वहीं, टनकपुर रोड स्थित नगर निगम के अंतर्गत आने वाले बकरा स्लाटर हाउस में भी अतिक्रमण की शिकायत मिली थी, जहां लोगों द्वारा खच्चर बांधे जा रहे थे। नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर 6 खच्चरों को कब्जे में लेते हुए वहां से अतिक्रमण हटवाया। नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने कहा कि शहर की सार्वजनिक और निगम की संपत्तियों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने आम नागरिकों से भी अपील की कि वे सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण से बचें और शहर को स्वच्छ, व्यवस्थित एवं सुगम यातायात योग्य बनाए रखने में सहयोग करें। अभियान के दौरान नगर आयुक्त ऋचा सिंह, सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट सहित नगर निगम की टीम मौजूद रही।

# लापरवाह पुलिस वालों पर गिरी गाज

## एसएसपी का एक्शन: एक चौकी प्रभारी, तीन कांस्टेबल निलंबित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हाल फिल्हाल में नैनीताल जनपद के पुलिस महकमा अपनी कार्यप्रणाली को लेकर मीडिया से लेकर सोशल मीडिया तक में चर्चा का केन्द्र का रहा है। पुलिस कर्मियों के खिलाफ लगातार मिल रहीं शिकायतों का संज्ञान लेते हुए ड्यूटी में लाप. रवाही वाले चार पुलिस कर्मियों के खिलाफ जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पीएन मीणा ने कड़ी कार्यवाही करते हुए निलंबित कर दिया है। राजपुरा चौकी प्रभारी नरेन्द्र कुमार को आत्महत्या की सूचना समय पर वरिष्ठ अधिकारियों को न देने तथा साक्ष्य न जुटाने और कानूनी



प्रक्रिया में लापरवाही बरतने पर एसएसपी ने निलंबित कर दिया है। जनपद के थाना खन्स्यू में तैनात कांस्टेबल हरीश चन्द्र को उच्चाधिकारियों के स्पष्ट आदेशों की अवहेलना करना पड़ा भारी पड़ गया। कप्तान ने इन्हें भी निलंबित कर दिया है। इसके अलावा हल्द्वानी कोतवाली में तैनात कांस्टेबल चन्द्र प्रकाश जोशी पर अस्पताल से प्राप्त सूचना मेमो पर आवश्यक कार्रवाई न करने और अधिकारियों को सूचना न देने जैसी लापरवाही के चलते सस्पेंड किया गया है। नैनीताल पुलिस लाइन में तैनात कांस्टेबल सुनील कुमार 26 अप्रैल को ड्यूटी के दौरान अनुपस्थित थे। पूर्व में भी कई बार चेतावनी के बावजूद उनकी कार्यप्रणाली में सुधार नहीं दिखने पर निलंबन किया गया है। साथ ही इस मामले में प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश भी कप्तान ने जारी किए हैं। एसएसपी पीएन मीणा ने का कहना है कि नैनीताल पुलिस एक अनुशासित बल है। लापरवाही, गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार और आद. ेशों की अवहेलना किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# कांग्रेस की संविधान रैली पर बरसे सांसद अजय भट्ट

## कहा-देश के संविधान से खिलवाड़ को कांग्रेस समझती है अपना मौलिक अधिकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सांसद अजय भट्ट ने कहा कि कांग्रेस शुरू से ही देश के संविधान से खिलवाड़ को अपना मौलिक अधिकार समझती रही है। कांग्रेस ने तो पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के जमाने से ही संविधान का मजाक उड़ाना शुरू कर दिया था, जो आज तक रुका नहीं है। जबकि संविधान में समय और आवश्यकता के अनुसार परिवर्तन करना भी भारतीय संविधान का ही हिस्सा है। संविधान के अनुच्छेद 368 में ही इसमें संशोधन की भी व्यवस्था भी की गई है और संविधान लागू होने के बाद से अब तक 106 बार संविधान संशोधन हो चुके हैं। भाजपा कुमाऊं संभाग कार्यालय में मंगलवार को प्रेस वार्ता करते हुए सांसद अजय भट्ट ने



कहा कि संविधान लागू होने के बाद से अब तक 106 बार संविधान संशोधन हो चुके हैं। लेकिन सवाल इसलिए उठता है कि कई बार हुए संविधान में बदलाव का मकसद पूरी तरह से राजनीतिक समझा गया है। कई बार तो इस तरह के संशोधन हुए है, जिसमें संविधान की आत्मा को ही पूरी तरह से बदलने के गंभीर आरोप लगते हैं। असल में कांग्रेस के शासनकाल में ही 80 बार देश का संविधान बदला जा चुका है। भट्ट ने कहा कांग्रेसी शासन मनमाने तरीके से राष्ट्रपति शासन लगाने के लिए भी कुख्यात रहा है। आंकड़े बताते हैं कि आजादी के बाद अलग-अलग राज्यों में अब तक 100 से अधिक बार राष्ट्रपति शासन कांग्रेस या उसके सहयोग से बनी सरकारों के दौरान लगे हैं। इमरजेंसी वाली इंदिरा इस मामले में भी सबसे आगे रही थी, जिनके शासनकाल के दौरान कुल 50 बार राष्ट्रपति शासन लगाए गए थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं को सत्ता और संविधान में से एक को चुनना था और उन्होंने हमेशा सत्ता को चुना। 75 वर्षों के बाद आज हमें अपने संवैधानिक कर्तव्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर से दोहराना चाहिए। भारत का संविधान भारतवासियों की आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए, उनके मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए, एक सशक्त माध्यम साबित हुआ है। वार्ता के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, मेयर गजराज सिंह बिष्ट, प्रदेश मीडिया प्रभारी चंदन बिष्ट, महामंत्री रंजन बर्गली, नवीन भट्ट आदि मौजूद रहे।

# कौशल विकास केन्द्र का लोकार्पण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने मंगलवार को उच्च शिक्षा निदेशालय गौलापार में 82.58

### सरकार डिग्री कॉलेजों में सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत: धन सिंह रावत

लाख रुपये की लागत से बने कॉन्फ्रेंस हॉल और 10.29 लाख रुपये की लागत से बने कौशल विकास केंद्र का लोकार्पण किया। जिसके बाद उन्होंने निदेशालय में अधिकारियों के साथ बैठक की। इस




दौरान उच्च शिक्षा मंत्री डा. रावत ने कहा कि सरकार डिग्री कॉलेजों में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने और छात्रों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार उच्च शिक्षा संस्थानों में गुणवत्ता सुधार के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इस बीच उन्होंने गौलापार में कॉलेज के लिए भूमि उपलब्ध कराने में देरी पर खासा नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अधिक. ारियों को निर्देश दिए कि एक माह के भीतर गौलापार डिग्री कॉलेज के लिए भूमि चिन्हित की जाए। प्रदेश के सभी डिग्री कॉलेजों में फर्नीचर, कंप्यूटर उपकरण, पुस्तकें आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। यदि किसी कॉलेज में आवश्यक सामग्री की कमी हो तो प्राचार्य अपने मद से उसे क्रय कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार 1000 स्नातक विद्यार्थियों को प्रतिमाह 5 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान कर रही है। बैठक में मंडल के सभी महाविद्यालयों की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री ने भानु प्रताप सिंह और अमित बेलवाल द्वारा लिखित पुस्तक विकसित भारत 2047 का विमोचन भी किया। इस दौरान निद. ेशक उच्च शिक्षा अंजू अग्रवाल, संयुक्त निदेशक एचएस नयाल, सुरेश भट्ट, दिनेश आर्य, मंडी परिषद अध्यक्ष डा. अनिल कपूर डब्बू, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, मंडल अध्यक्ष पान सिंह मेवाड़ी आदि मौजूद रहे।

## ऐपण का प्रशिक्षण दिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनी महिला एवं बाल विकास समिति सूखाताल नैनीताल द्वारा बहुद्देशीय वित्त एवं विकास निगम के सहयोग से कुमाऊं के प्रसिद्ध परम्परागत लोक चित्र कला ऐपण/ रंगोली का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न प्रकार की चौकियों (लक्ष्मी चौकी, सरस्वती चौकी, धुली अर्घ्य चौकी, नामकरण चौकी, आचार्य चौकी, नवदुर्गा चौकी आदि) का प्रशिक्षण रेनू एवं रजनी द्वारा दिया जा रहा है तथा विभिन्न अवसरों शादी विवाह व पूजा व नामकरण तथा दीपावली आदि में उपयोग की भी जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण में कंचन, आरती, सुनीता, अनीता, रेनू व पायल, नेहा, तनुजा, रिया व प्रीति आदि प्रशिक्षार्थी भाग ले रहे हैं।

# आतंकियों को सबक सिखाया जाए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला पूर्व सैनिक लीग और सैनिक मिलन केंद्र में लीग की महिला उपाध्यक्ष पदमा नेगी की अध्यक्षता में मंगलवार को एक विशेष बैठक हुई। बैठक में सभी ने एकस्वर में पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की गयी।

महिला उपाध्यक्ष पदमा नेगी ने कहा कि पहलगाम में जिस तरह आतंकवादियों ने निर्दोष पर्यटकों की धर्म पूछ कर निर्मम हत्या की, उसकी जितनी निंदा की जाये वह कम है। आतंकवादियों ने पाकिस्तान में बैठे अपने आकाओं के इशारे में इस कायराना हरकत को अंजाम दिया। बैठक में मौजूद सभी युद्ध वीरांगनाओं ने एक स्वर मे कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि भारत सरकार सही




और राष्ट्रहित में सही निर्णय लेकर करारा जवाब देगी। आतंकवादियों और उनके आकाओं को ऐसा सबक सिखाएगी कि वह दोबारा ऐसी हरकत न कर पाए। बता दें कि बैठक में मौजूद युद्ध वीरांगनाओं में अधिक. ांश के पुत्र राष्ट्र सेवा में सीमाओं पर तैनात है। युद्ध वीरांगनाओं का कहना है कि उनके लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि है, जब राष्ट्र है तभी हम है और हमारा अस्तित्व है। इस बात की चिंता नहीं है कि हमारा बेटा सीमा पर है और दुश्मन की गोली की सामने है। बैठक में विमला देवी, बच्ची देवी, रामा भंडारी, बीना अधिकारी, शांति चौधरी,अनीता देवी, सेनि. लेफ्टि कर्नल बीएस रौतेला, कमांडर एनएन त्रिपाठी, मेजर केएस महर, प्रमोद शर्मा, डीएस कन्याल, सुरेश भट्ट, डीएस दफौटी, डीएस राठौड़ सहित कई गौरव सेनानी और वीरनारियाँ मौजूद रही।

# कुमाऊं क्रिकेट एकेडमी ने जीती ट्राफी

## रक्षित ने जड़े 75 रन, पीयूष ने झटके 5 विकेट




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के तत्वावधान में जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन की और से आयोजित अंडर-19 लीग का मंगलवार को डीके स्पोर्ट्स और कुमाऊं क्रिकेट एकेडमी के मध्य जीएनजी मैदान में फाइनल मुकाबला खेला गया। डीके स्पोर्ट्स के कप्तान रक्षित डालाकोटी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 47 ओवर में सभी विकेट खोकर 257 रन बनाये। टीम के लिए गुरुसिमरन सिंह ने 12 चौके की मदद से 77 रन, रक्षित डालाकोटी ने 9 चौके 3 छक्के की मदद से 75 रन और दक्ष पांडे ने 12 चौके की मदद से 51 रनों की पारी खेली। कुमाऊं क्रिकेट एकेडमी के लिए पीयूष जोशी ने 5 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कुमाऊं क्रिकेट एकेडमी ने लक्ष्य को 43 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर पूरा कर मैच को 7 विकेट से जीत कर ट्राफी पर कब्ज़ा जमाया। टीम के लिए गर्वित बिष्ट ने 13 चौके 7 छक्के की मदद से 123 रन और पीयूष जोशी ने 11 चौके 1 छक्के की मदद से 74 रनों की पारी खेली। मैन आफ दा मैच व मैंन आफ द सीरीज व सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज पीयूष जोशी, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज दक्ष पांडे को चुना गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, भाजपा नेता बंटी गोस्वामी ने विजेता-उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर सीएयू के पूर्व कोषाध्यक्ष दीपक मेहरा, एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, भाजपा नेता रंजन बर्गली, किशन अनेरिया, जगमोहन बगड्वाल, नरेंद्र अधिकारी, आनंद बिष्ट, विजय कुकसाल, संजय चौधरी, अमित कांडपाल, रत्नेश साह, हरप्रीत कंबोज, नीरज भट्ट, अमर संधू, बाबी आर्या, धीरज सिजवाली, योगेश चौहान, निशांत मेहता, मनोज पंत, अभिषेक कुमार, नितिन आदि मौजूद रहे।

# चिकित्सा विभाग में होंगे अहम बदलाव: रावत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत ने कहा कि चिकित्सा विभाग में राज्य सरकार तीन अहम

### 2026 तक पूरा हो जाएगा रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज का निर्माण

बदलाव करने जा रही है। रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य वर्ष 2026 तक पूरा कर आम जनता के लिए उपलब्ध करा दिया जाएगा। 108 एम्बुलेंस सेवा का रिस्पॉन्स टाइम 15 मिनट किया जाएगा और सभी जिला तथा उप जिला चिकित्सालयों में प्रत्येक दिन मरीजों के लिए बैड पर नये रंग की चादरें



बिछाई जाएंगी।

मंगलवार को हल्द्वानी पहुंचे चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत ने सर्किट हाउस काठगोदाम में कुमाऊं मंडल के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों के साथ बैठक कर डेंगू, मलेरिया आदि संक्रामक रोगों की रोकथाम की तैयारियों की समीक्षा की। मंत्री डा. रावत ने कहा कि राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों में तीमारदारों के रुकने की भी व्यवस्था की जा रही है।

वर्तमान में कुमाऊं क्षेत्र में प्रतिदिन लगभग 18 से 20 हजार ओपीडी पर्चियां बनाई जा रही है और आयुष्मान योजना के तहत लगभग 15 लाख लोगों को इलाज की सुविधा मिल रही है। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. हरीश पंत, ने बैठक में बताया कि बेस अस्पताल की सीटी स्कैन मशीन लगभग 13 वर्ष पुरानी हो चुकी है और नई मशीन की आवश्यकता है। साथ ही बताया कि बेस अस्पताल में प्रतिदिन लगभग 4 हजार ओपीडी पर्चियां बन रही हैं। चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री ने सभी जिलों के अस्पतालों में डेंगू मरीजों के लिए 10-10 बेड आरक्षित रखने के निर्देश दिए। बताया कि प्रदेश में लगभग 200 डाक्टरों की नियुक्ति प्रक्रिया अगले माह तक पूरी कर ली जाएगी जिससे डॉक्टरों की कमी दूर होगी। बैठक में मंडी परिषद अध्यक्ष डा. अनिल कपूर डब्बू, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, सुरेश भट्ट, शंकर कोरंगा, दिनेश आर्या, शशांक रावत, राहुल झिंगरन के अलावा मुख्य चिकित्साधिकारी डा. हरीश पंत, मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डा. अरुण जोशी सहित कुमाऊं मंडल के सभी सीएमओ मौजूद रहे।

## बच्चों की काउंसलिंग

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार एवं जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुबीर कुमार के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बीनू गुलियानी के निर्देशन में जिले के सभी बाल देखरेख संस्थानों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से दिनांक 26 अप्रैल से 29 अप्रैल तक निरंतर बच्चों का हेल्थ चेकअप, काउंसलिंग व विधिक जागरूकता शिवरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार मंगलवार को पैरा लीगल वालंटियर उमा भंडारी द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोटाहल्दू के साथ मिलकर हिमालय नव जीवन संस्थान फतेहपुर हल्द्वानी के बच्चों को इस शिविर का लाभ दिया गया।

# शनिबाजार नाले की सफाई को लेकर नाराज़गी

## पार्षद रईस अहमद गुड्डू ने ठेकेदार को दी चेतावनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वार्ड 59 के पार्षद रईस अहमद गुड्डू ने शनि बाजार नाले की गंभीर स्थिति को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने बताया कि बरसात के समय यह नाला भयावह रूप ले लेता है, जिससे गंदा पानी वार्ड की विभिन्न कालोनियों जोशी बिहार, यूनिक कालोनी, न्यू फ्रैंड्स कालोनी, चौधरी कालोनी समेत पूरे क्षेत्र में फैल जाता है, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पार्षद ने बताया कि बीते छह माह से इस समस्या को लेकर ठेकेदार कुलद. ीप सिंह मलिक से संपर्क किया जा रहा है, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिल रहे हैं। आज पुन: बात करने पर ठेकेदार ने एक सप्ताह का और समय मांगा है। रईस अहमद



गुड्डू ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 10 दिन के भीतर नाले का कार्य शुरू नहीं हुआ, तो वह वार्ड की जनता को साथ लेकर जिलाधिकारी से शिकायत करेंगे और ठेकेदार के खिलाफ लापरवाही के आरोप में कार्यवाही की मांग करेंगे। उन्होने कहा कि यह मुद्दा बेहद गंभीर और जनता से जुड़ा है, लेकिन इसमें लापरवाही बरती जा रही है।

# वरिष्ठ नागरिकों ने दायित्वधारियों को सम्मानित किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वरिष्ठ नागरिक जन कल्याण समिति हल्द्वानी की मासिक बैठक पंडित गोविंद बल्लभ पंत पुस्तकालय की समिति सभागार में समिति के अध्यक्ष भुवन भास्कर पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर उत्तराखंड सरकार में नव दायित्व धारी वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद के अध्यक्ष रामचंद्र गौड़, उपाध्यक्ष हरक सिंह नेगी एवं नवीन चन्द्र वर्मा को समिति द्वारा इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए उनको सम्मानित किया गया। संगठन के अध्यक्ष ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य प्रदेश में असंगठित क्षेत्रों में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों की सुख सुविधाओं पर जोर देना होगा। वक्ताओं ने वरिष्ठ नागरिक



जनकल्याण समिति के कार्यों की सराहना की।

बैठक में संरक्षक सर्व डीके बल्यूटिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंद्र सिंह निगल्टिया, उपाध्यक्ष भगवती बिष्ट, कोषाध्यक्ष प्रताप सिंह, जन्तवाल, कर्नल बीडी कांडपाल, दिनेश चंद्र पन्तोला, मोहन सिंह जन्तवाल, नीरू धवन, निर्मला दर्मावाल, उर्बा दत जोशी, डा. महावीर सिंह, शंकर दत्त तिवारी, भैरव दत्त जोशी, सुशील अग्रवाल (पप्पी), अर्जुन सिंह भंडारी, विजय कुमार भट्ट, सुरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, एडी डौर्बी, एलएम लोहनी, दान सिंह बिष्ट, देवनाथ गोस्वामी, केके कबड़वाल, कन्हैया लाल स्नेही, एचपी जोसेफ, के अस्थाना, सुधीर पांडे के साथ साथ पेंशनर्स प्रकोष्ठ भाजपा के सहसंयोजक मनोहर कुमार मिश्रा, पेंशनर संगठन के अध्यक्ष लीलाधर पांडे क्रियाशाला सेवा समिति के अध्यक्ष एनबी गुणवंत, सेवा भारती साथी संगठन के अध्यक्ष आनंद सिंह भाकुनी उपस्थित रहे। तथा सभा को संबोधित किया। सभा के अंत में अध्यक्ष भुवन भास्कर पांडे द्वारा अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का बैठक में प्रतिभाग करने पर उनका आभार व्यक्त करते हुए समिति के कार्यकलापों की जानकारी दी गयी। राष्ट्रगान के साथ सभा समापन के उपरांत पहलगाम में हुई आतंकी दुर्घटना में मारे गए व्यक्तियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**

☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



# वैभव सूर्यवंशी की रॉयल पारी ने बनाया कीर्तिमान

● राजस्थान रॉयल्स ने टी-20 में सबसे तेजी से चेज किया 200+ रन का लक्ष्य, प्लेऑफ की आस बरकरार

**जयपुर, वार्ता।** किशोर बिहारी क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी की धमाकेदार शतकीय पारी के दम पर राजस्थान रायल्स ने गुजरात टाइटंस को आठ विकेट से हरा दिया। सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेले गए आईपीएल के 47वें मैच में गुजरात ने शुभमन गिल और जोस बटलर के अर्द्धशतकों की मदद से 20 ओवर में चार विकेट खोकर 209 रन बनाए।

जवाब में राजस्थान ने 15.5 में दो विकेट खोकर 212 रन बनाए और 25 गेंदों के शेष रहते मुकाबला अपने नाम कर लिया। इसी के साथ राजस्थान ने प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को भी बरकरार रखा है। राजस्थान ने इस मुकाबले को जीतने के साथ-साथ बड़ा रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। टीम ने टी-20 में सबसे तेजी से हासिल किया 200+ का लक्ष्य हासिल कर लिया। राजस्थान अंक तालिका में एक स्थान की छलांग लगाकर आठवें पायदान पर आ गई। उनके खाते में छह अंक हो गए और नेट रन रेट -0.349 का हो गया है। वहीं, गुजरात एक स्थान खिसक कर तीसरे स्थान पर पहुंच गई। वहीं, मुंबई को गुजरात की हार से तगड़ा फायदा हुआ है। हार्दिक पांड्या की अगुआई वाली टीम अंक तालि. का में बेहतर नेट रन रेट के साथ दूसरे पायदान पर पहुंच गई। वहीं, आरसीबी 14 अंकों के साथ शीर्ष पर है। गुजरात ने राजस्थान के सामने जीत के लिए 210 रनों का लक्ष्य रखा था, लेकिन वैभव और यशस्वी जायसवाल ने राजस्थान को तेज शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 166 रनों की साझेदारी की। इस साझेदारी को प्रसि( कृष्णा ने वैभव को आउट कर तोड़ा। यह राजस्थान के लिए किसी भी विकेट के लिए की गई सबसे बड़ी साझेदारी है। वैभव और यशस्वी ने इस मामले में जोस बटलर और देवदत्त पडिक्कल को पीछे छोड़ा जिन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 2022 में 155 रनों की साझेदारी की थी। वैभव ने गुजरात के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए 11 छक्के लगाए जो आईपीएल 2025 में किसी बल्लेबाज का एक पारी में सर्वाधिक छक्के हैं। वैभव ने इस मामले में सनराइजर्स हैदराबाद के अभिषेक शर्मा को पीछे छोड़ा जिन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ 10 छक्के लगाए थे। इस सूची में तीसरे स्थान पर पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर हैं जिन्होंने गुजरात के खिलाफ नौ छक्के लगाए थे। वैभव की उम्र 14 साल 32 दिन है, लेकिन उन्होंने यूसुफ पठान का 15 वर्ष पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। वैभव आईपीएल में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बन गए हैं। 2010 में यूसुफ पठान ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 35 गेंदों पर शतक लगाया था और वह इस टूर्नामेंट में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय थे। उनका यह रिकॉर्ड अब 2025 में टूटा है। यानी वैभव का जब जन्म भी नहीं हुआ था, उस वक्त यूसुफ ने यह कारनामा किया था और अब बिहार के इस युवा बल्लेबाज ने अपनी उम्र से भी ज्यादा का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। ओवरआल आईपीएल में सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम है जिन्होंने 2013 में पुणे वारियर्स के खिलाफ 30 गेंदों पर शतक लगाया था। वैभव टी-20 क्रिकेट में शतक लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज हैं। उन्होंने 14 साल 32 दिन की उम्र में यह कारनामा किया। वैभव ने महाराष्ट्र के विजय जोल का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने 18 साल 118 दिन की उम्र में टी-20 में शतक लगाया था। विजय ने 2013 में टी-20 में शतक लगाया था। वैभव ने गुजरात के खिलाफ 17 गेंदों पर अ(शतक पूरा किया और फिर शतक पूरा करने के लिए अगले 18 गेंद लिए। वैभव शतकीय पारी खेलकर आउट हुए। उन्होंने महज 38 गेंदों में 265.78 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 101 रनों की पारी खेली। वैभव के शतक के बाद यशस्वी जायसवाल ने भी अपना अ(शतक पूरा किया। उन्होंने 31 गेंदों में इस सत्र का पांचवां और करियर का 14वां अ(शतक पूरा किया। वह 40 गेंदों में 70 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं, रियान पराग 32' रन बनाए। उनके अलावा नीतीश राणा ने चार रन बनाए। वहीं, गुजरात के लिए प्रसि( कृष्णा और राशिद खान ने एक-एक विकेट हासिल किया। इससे पहले, शुभमन गिल और जोस बटलर की अ(शतकीय साझेदारियों के दम पर गुजरात टाइटंस ने राजस्थान रायल्स के सामने 210 रन का लक्ष्य रखा। टास हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात ने 20 ओवर में चार विकेट खोकर 209 रन बनाए। सवाई मान. सिंह स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में किसी टीम के द्वारा बनाया गया तीसरा सबसे बड़ा टोटल है। उनके लिए कप्तान गिल ने सर्वाधिक 84 रन बनाए। वहीं, गुजरात के लिए महीश तीक्षणा ने दो जबकि जोफ्रा आर्चर और संदीप शर्मा को एक-एक विकेट मिला। साई सुदर्शन और शुभमन गिल ने गुजरात को शानदार शुरुआत दिलाई थी। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 62 गेंदों में 93 रन की साझेदारी हुई। महीश तीक्षणा ने सुदर्शन को अपना शिकार बनाया। वह 30 गेंदों में 39 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद गिल को जोस बटलर का साथ मिला। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 38 गेंदों में 74 रन जोड़े। कप्तान गिल 50 गेंदों में 84 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने 29 गेंदों में सत्र का चौथा अ(शतक जड़ा। यह उनके आईपीएल करियर का 24वां पचासा भी है। उन्हें भी तीक्षणा ने ही अपना शिकार बनाया। बटलर 50 रन बनाकर नाबाद रहे। इस दौरान उनके बल्ले से तीन चौके और चार छक्के निकले। इसी के साथ विकेटकीपर बल्लेबाज बटलर इस मैदान पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज भी बन गए। उनके नाम 819' रन दर्ज हो गए हैं। इस मैच में राहुल तेवतिया नौ रन बनाकर आउट हुए जबकि शाहरुख खान पांच रन बनाकर नाबाद रहे।

## पहली गेंद पर छक्का लगाना मेरे लिए आम बात: वैभव

■ बिहार के किशोर खिलाड़ी ने 35 गेंद पर शतक लगाकर आईपीएल में कई रिकॉर्ड ध्वस्त किए

जयपुर, वार्ता। आईपीएल 2025 में सोमवार को राजस्थान रायल्स के 14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने पूरी दुनिया को अपना कायल बना दिया। बिहार के इस खिलाड़ी ने 35 गेंद पर शतक लगाकर कई रिकॉर्ड ध्वस्त किए। उन्होंने 38 गेंदों में 11 छक्कों और सात चौकों की मदद से 101 रन की पारी खेलकर टी20 क्रिकेट में अब तक के सबसे कम उम्र के शतकवीर बनकर आईपीएल में धूम मचा दी। अब पूरा क्रिकेट जगत उनके साहसी स्ट्रोकप्ले का कायल हो गया है। हालांकि, वैभव का कहना है कि पहली गेंद पर छक्का लगाना उनके लिए आम बात है। वैभव ने कहा कि गंभीर परिस्थितियों का उन पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ता है। वैभव का यह आईपीएल में केवल तीसरा मैच था। उन्होंने लखनऊ सुपरजाएंट्स के खिलाफ आईपीएल में अपने पहले मैच में 20 गेंद पर 34 रन बनाए थे और अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने पहली गेंद पर छक्का लगाया था। वैभव ने यह छक्का शार्दुल ठाकुर की गेंद पर लगाया था। वहीं, शतक पूरा करने के लिए वैभव ने अफगानिस्तान के दिग्गज स्पिनर राशिद खान की गेंद पर छक्का लगाया। गुजरात टाइटंस के खिलाफ अपनी टीम को जीत दिलाने के बाद वैभव ने आईपीएल टी20 वेबसाइट से बात करते हुए कहा, श्यह मेरे लिए सामान्य बात थी। मैं भारत के लिए अंडर-19 और घरेलू स्तर पर भी खेला हूं। वहां भी मैंने पहली गेंद पर छक्के लगाए हैं। मुझ पर पहली 10 गेंदों को खेलने का दबाव नहीं था। मेरे दिमाग में स्पष्ट था कि

## आईपीएल में वैभव के इतिहास रचने पर बिहार के समस्तीपुर में जश्न का माहौल

**समस्तीपुर, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में वैभव सूर्यवंशी के इतिहास रचने पर जश्न का माहौल है। आईपीएल 2025 में कल रात खेले गए मैच में बिहार के समस्तीपुर जिले के ताजपुर के लाल वैभव सूर्यवंशी द्वारा सिर्फ 35 गेंदों में सबसे तेज़ शतक बनाने का रिकॉर्ड बनाने पर समस्तीपुर में लोगों ने पटाखा छोड़कर खुशी का इजहार किया।

जयपुर मे कल रात गुजरात टाइटंस के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स की ओर से वैभव सूर्यवंशी ने शानदार पारी खेलते हुए मात्र 35 गेंदों में शतक बनाकर विश्व मे दूसरा और भारत में पहला खिलाड़ी बनने का इतिहास रचा। इधर वैभव द्वारा शतक लगाने की खबर मिलते ही समस्तीपुर में क्रिकेट खेलाड़ियों एवं स्थानीय लोगों ने पटाखा छोड़कर जश्न मनाया।समस्तीपुर क्रिकेट एकेडमी के संस्थापक व वैभव के बचपन के कोच ब्रजेश झा और स्थानीय राष्ट्रीय जनता दलविधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने इस ऐतिहासिक सफलता के लिए वैभव को बधाई दी और कहा कि 14 वर्ष की उम्र में आईपीएल में सबसे तेज भारतीय शतक बनाकर वैभव ने बिहार का नाम विश्व स्तर रौशन किया।

### नीतीश ने वैभव को दी बधाई



**पटना, वार्ता।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) के इतिहास में सबसे कम उम्र महज 14 साल में शतक लगाने का रिकॉर्ड बनाने वाले खिलाघी बिहार के समस्तीपुर जिले के वैभव सूर्यवंशी को फोन कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। श्री कुमार ने मंगलवार को अपने शुभकामना संदेश में कहा कि वैभव सूर्यवंशी अपनी मेहनत और प्रतिभा के बलबूते भारतीय क्रिकेट की एक नई उम्मीद बन गए हैं। सभी को उनपर गर्व है। मेरी शुभकामना है कि श्री वैभव सूर्यवंशी भविष्य में भारतीय टीम के लिए नये कीर्तिमान रचें और देश का नाम रौशन करें। मुख्यमंत्री ने श्री वैभव सूर्यवंशी से दूरभाष पर बात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। श्री सूर्यवंशी ने मुख्यमंत्री से 12 दिसम्बर 2024 को यहां एक, अणे मार्ग में मुलाकात की थी तथा मुख्यमंत्री ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की थी।

## ईपीएल ने भारत में अपना नया कार्यालय खोलने की घोषणा की

**मुम्बई, वार्ता।** इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) ने मंगलवार को मुम्बई में अपना नया कार्यालय खोलने की घोषणा की है। यह कार्यालय स्थानीय प्रशंसक, सहयोगियों के साथ संपर्क बढ़ाने, भारत में फुटबॉल को बढावा देने और लीग तथा उसके क्लबों की निरंतर विकास का समर्थन करने के लिए स्थापित किया गया है। प्रीमियर लीग के मुख्य कार्यकारी रिचर्ड मास्टर्स ने कहा कि हम और हमारे क्लब भारत में एक शानदार और जानकारी प्रशंसक बेस रखते हैं और हम जानते हैं कि फुटबॉल की ख्याति लगातार बढ़ रही है। हम भारत के प्रति अपनी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता पर गर्व महसूस करते हैं, जहां हम पिछले 18 वर्षों से सुमदायिक फुटबॉल कार्यक्रम चला रहे हैं और हाल ही में इंडियन सुपर लीग के साथ साझेदारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यालय का उद्घाटन प्रीमियर लीग के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह हमें स्थानीय स्तर पर और अधिक असरदार तरीके से काम करने में मदद करेगा, जिससे हम प्रशंसक, जियोस्टार और अन्य साझेदारों के साथ अपने रिलेशनशिप को और मजबूत कर सकेंगे। हम इस क्षेत्र में इससे उत्पन्न होने वाले अवसर को लेकर उत्साहित हैं। प्रीमियर लीग भारत में फुटबॉल समुदाय के साथ लंबे समय से काम कर रही है। जमीनी स्तर पर, लीग ने 2007 से ब्रिटिश काउंसिल के साथ साझेदारी में प्रीमियर कौशल कार्यक्रम के माध्यम से समुदायिक फुटबॉल कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने में मदद की है। पिछले 18 वर्षों में, यह कार्यक्रम 18 से अधिक भारतीय राज्यों में संचालित किया गया है, जिसमें 7,300 से अधिक कोच, रेफरी और एजुकेटर्स को प्रशिक्षित किया गया है, जिससे एक लाख 24 हजार से अधिक युवाओं को लाभ मिला है। उच्च स्तरीय फुटबॉल में, प्रीमियर लीग 2014 से इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के साथ मिलकर काम कर रही है। भारत में नया कार्यालय प्रीमियर लीग के अंतर्राष्ट्रीय विस्तार का हिस्सा है। इससे पहले वर्ष 2019 में लीग ने सिंगापुर में अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय कार्यालय खोला था।

खेल विशेष

## भारतीय महिला टीम ने द. अफ्रीका को 15 रनों से हराया

**कोलंबो, वार्ता।** तेजमिन ब्रिट्स (102) की शतक गया बेकार, प्रतिका रावल (78), कप्तान जेमिमाह रॉड्रिग्स (नाबाद 41) और जेमिमाह रॉड्रिग्स (41) की शानदार पारियों के बाद स्नेह राणा (पांच विकेट) और दमदार क्षेत्ररक्षण की बदौलत भारतीय महिला टीम ने मंगलवार को त्रिकोणीय श्रृंखला के दूसरे एकदिवसीय मैच में दक्षिण अफीका को 15 रनों से हरा दिया। 277 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका के लिए कप्तान लॉरा वुलफार्ट और तेज. मिन ब्रिट्स की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए रिकार्ड 140 रनों की साझेदारी की। 28वें ओवर में दीप्ति शर्मा ने लॉरा वुलफार्ट (43) को पगबाधा आउटकर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद स्नेह राणा ने लारा गुडॉल (नौ) को बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका को दूसरा झटका दिया। काराबो मेसो (आठ) को अरुंधति रेड्डी ने बोल्ड आउट किया। सुने लूस और क्लोई ट्राइऑन ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 41वें ओवर से पहले दक्षिण अफीका की टीम मैच पर अपनी पकड़ बनाये हुए थे और जीत की ओर अग्रसर थी। ऐसे समय में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। 42वें ओवर में श्री चरणी ने सुने लूस (28) को आउटकर भारत के चौथा विकेट झटका। इसके बाद स्नेह राणा ने क्लोई ट्राइऑन (18), एन डर्कसन (30) और नडीन डी क्लर्क (शून्य) को आउटकर मैच भारत के पक्ष में कर दिया। एम क्लास और म्लाबा रनआउट हुई। भारतीय गेंदबाजों ने 49-2 ओवर में दक्षिण अफ्रीका को 261 के स्कोर पर समेटकर मुकाबला 15 रनों से जीत लिया। भारत की ओर स्नेह राणा ने 10 ओवर में 43 रन देकर पांच विकेट लिये। अरुंधति रेड्डी, श्री चारणी और दीप्ति शर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## भारतीय वायुसेना की हॉकी टीम ने उदघाटन मैच जीता

■ टूर्नामेंट में शीर्ष हॉकी टीमों को अपना कौशल दिखाने का मिलेगा मौका

**चंडीगढ़, वार्ता।** मार्शल ऑफ द एयर फोर्स अर्जन सिंह मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट-2025 का छठा संस्करण मंगलवार को रघबीर सिंह भोला हॉकी स्टेडियम, 3 बीआरडी एयरफोर्स स्टेशन चंडीगढ़ में भव्य उद्घाटन समारोह के साथ शुरू हुआ। यह टूर्नामेंट वायु सेना के मार्शल अर्जन सिंह डीएफसी की 106वीं जयंती मनाने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया है। एयर मार्शल विजय कुमार गर्ग, एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, मेंटेनेंस कमांड, समारोह के दौरान मुख्य अतिथि थे, जिन्होंने टूर्नामेंट के उद्घाटन की घोषणा की। एयर मार्शल गर्ग ने कहा कि यह आयोजन मार्शल अर्जन सिंह की विरासत और राष्ट्र के लिए उनके योगदान को एक सच्ची श्रद्धांजलि है।

टूर्नामेंट के महत्व पर जोर देते हुए, उन्होंने कहा कि यह शीर्ष हॉकी टीमों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि भारतीय वायु सेना टूर्नामेंट का सुचारू संचालन सुनिश्चित करेगी। उद्घाटन मैच भारतीय वायु सेना (आईएएफ) और केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के बीच खेला गया, जिसमें आईएएफ टीम 5-1 के स्कोर के साथ विजयी हुई।

भारतीय वायु सेना टीम के अग्निवीरवायु सुखनाथ गुरिया को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया और उन्हें मुख्य अतिथि से 10,000 रुपये का चेक मिला। समारोह के दौरान, प्रमुख अनुभवी हॉकी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया, जिनमें तेलजदर सिंह, एमडब्ल्यूओ सतवीर, जेडब्ल्यूओ कुलदीप सिंह (सेवानिवृत्त), और सार्जेंट देवेश (सेवानिवृत्त) शामिल थे। एयर कमोडोर राजीव श्रीवास्तव, एओसी 3बीआरडी तथा ग्रुप कैप्टन मनप्रीत सिंह, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी 3बीआरडी चंडीगढ़ भी इस समारोह में शामिल हुए। के वी 3 बीआरडी एयर फोर्स तथा के वी-31स्कूल के छात्रों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

● प्लेऑफ की उम्मीद धूमिल, सात मैच हारे

## पंजाब के खिलाफ शाख बचाने उतरेगी चेन्नई

**चेन्नई, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में पिछले नौ में से सात मैच हार चुकी चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) बुधवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ होने वाले मुकाबले में शाख बचाने के लिए मैदान में उतरेगी। मेहमान टीम पंजाब जीत की लय हासिल करने के लिए खेलेगी। वहीं दिग्गज एम एस धोनी की अगुआई वाली सीएसके अभी भी जीत की जादुई लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रही है।

कुछ दिन पहले इसी मैदान पर चेन्नई को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) से हार का सामना करना पड़ा था। पिछले मुकाबले में मौसम की मार के कारण एक अंक हासिल करने वाली पंजाब किंग्स जीत की लय पाने के लिए मैदान में उतरेगी। मेहमान टीमों द्वारा सीएसके के गढ़ में सेंध लगने के कारण चेन्नई को मिली लगातार हार के बाद उनके प्लेऑफ की संभावनाएँ धूमिल लग रही है। सीएसके अंक तालिका में सबसे नीचे होने के कारण उसके लिए क्वालीफाइंग चरणों में जगह बनाने की कोई उम्मीद नहीं दिख रही है। जबकि नौ मैचों में 11 अंकों के साथ पंजाब नॉकआउट बर्थ के लिए अपनी संभावनाओं को बढ़ाने के लिए जीत की राह पर वापस लौटना चाहेगी। पंजाब किंग्स का पिछला मैच बारिश की भेंट चढ़ जाने से सीएसके के लिए अपनी स्थिति सुधारने की बहुत कम उम्मीद बची है क्योंकि उसे अपने शेष सभी मैच बड़े अंतर से जीतने होंगे और यह भी उम्मीद करनी होगी कि तालिका में शीर्ष टीमें अपने शेष मैच हार जाएं जिससे प्लेऑफ के लिए उसका समीकरण बन जाए।

■ चेन्नई सुपर किंग्स को अपने शेष सभी मैच बड़े अंतर से जीतने होंगे

चेन्नई ने शीर्ष क्रम से लेकर अपने बल्लेबाजी क्रम में फेरबदल करने के लिए कई तरकीब आजमाए। चेन्नई को अपना संतुलन ठीक करने की आवश्यकता है। जबकि पंजाब आत्मविश्वास से लबरेज हैं। अब तक पारंपरिक स्पिनरों की मदद करने वाली चिन्नास्वामी की पिच तेज गेंदबाजों के अनुक. ूल साबित हो सकती है। जिससे चेन्नई अपनी किस्मत बदल सकता है। यदि पिच अपनी परंपरा के अनुसार व्यवहार करती है, तो धोनी स्पिन आक्रमण को मजबूत करने के लिए ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा के साथ साझेदार ऑफ स्पिनर अश्विन को ला सकते हैं। वहीं खलील अहमद और मुकेश चौधरी की अगुआई वाले तेज गेंदबाजों के साथ छेड़छाड़ नहीं की जाएगी, बल्कि अंशुल कंबोज स्लिंगर मथीशा पथिराना के साथ समर्थन प्रदान करेंगे। एसआरएच के साथ अपने पिछले मुकाबले में थोड़े समय के लिए, लेकिन शानदार प्रदर्शन करने वाले किशोर म्हात्रे चेन्नई के साथ बने रहेंगे। शेख रशीद के साथ जोड़ी बनाने रचिन रवींद्र को शीर्ष पर वापस लाने के लिए डेवोन कॉनवे की वापसी से इंकार नहीं किया। आगामी मैच में घरेलू टीम को जिस मुद्दे पर ध्यान देने की आवश्यकता है, वह है बिना विकेट खोए पावर प्ले में अधिकतम रन बनाना, जो इस सीजन में उसके लिए अभिशाप साबित हुआ। दूसरी ओर, पंजाब के पास प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य जैसी आक्रामक सलामी जोड़ी है और कप्तान श्रेयस अय्यर, जॉश इंग्लिस, नेहल वढेरा और विष्णु विनोद के साथ मिलकर टीम को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। इसके अलावा ऑस्ट्रेलियाई मार्कस स्टोइनिस भी बल्लेबाजी क्रम में हैं। पंजाब के पास मार्को जेनसन, हरप्रीत बरार और ए-ओमराजई जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी मौजूद हैं।

## कोलकाता ने दिल्ली को 205 का लक्ष्य दिया

### अंगकृष ने 44 और रिंकु ने 36 रनों की पारी खेली



**नई दिल्ली, वार्ता।** अंगकृष रघुवंशी (44), रिंकू सिंह (36), अलजक्य रहाणे और रहमानउल्लाह गुरबाज (26-26) तथा सुनील नारायण (27) रनों की पारियों के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 48वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 205 रनों का लक्ष्य दिया। यहां दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबा. जी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स की रहमानउल्लाह गुरबाज और सुनील नारायण की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 48 रन जोड़े। तीसरे ओवर में मिचेल स्टार्क ने रहमानउल्लाह गुरबाज 12 गेंदों में 26 रन को आउटकर दिल्ली को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद सातवें ओवर में विप्रज निगम ने सुनील नारायण 16 गेंदों में (27) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। अलजक्य रहाणे के रूप में कोलकाता का तीसरा विकेट गिरा। उन्हें अक्षर पटेल ने पगबाधा आउट किया। अक्षर पटेल का अगला शिकार वेंकटेश अय्यर (सात) बने। इसके बाद अंगकृष रघुवंशी और रिंकू सिंह ने पारी को संभाला। 17वें ओवर में दुश्मांता चमीरा ने कोलकाता को बड़े स्कोर की ओर ले जा रहे अंगकृष रघुवंशी को आउटकर दिल्ली को बड़ी सफलता दिलाई। अंगकृष रघुवंशी ने 32 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए (44)रनों की पारी खेली। अगले ही ओवर में विप्रज निगम ने रिंकू सिंह को आउटकर कोलकाता को छठा झटका दिया। रिंकू सिंह ने 25 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए (36) रन बनाये। आखिरी ओवर में कोलकाता ने अपने तीन विकेट गवांये। रोवमन पॉवेल (पांच) रन बनाकर आउट हुये। अनुकूल रॉय (शून्य) पर बाउंड्री पर लपके गए। आंद्रे रसल (17) रनआउट हुए।

## बांगलादेश ने जिम्बाब्वे को 227 रनों पर समेटा

चटगांव, वार्ता। तैजुल इस्लाम (छह विकेट) और नईम हसन (दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर बंगलादेश ने दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन आज सुबह के सत्र में जिम्बाब्वे की पारी को 227 रन के स्कोर पर समेट दिया। जिम्बाब्वे ने कल के नौ विकेट पर 225 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। जिम्बाब्वे ने आज अभी स्कोर में दो रन का इजाफा किया था कि तैजुल इस्लाम ने ब्लेसिंग मुजारबानी को विकेटकीपर जाकेर अली के हाथों कैच आउट कराकर उसकी पारी को 227 रनों के स्कोर पर अंत कर दिया। बांगलादेश की ओर से तैजुल इस्लाम ने 27-1 ओवर में 60 रन देकर छह विकेट लिये। नईम हसन ने 20 ओवर में 42 रन देकर दो विकेट झटके।



# कलियर में अल-सुबह पुलिस के सत्यापन अभियान से खलबली

## आपराधिक घटनाओं पर रोकथाम को संदिग्धों पर रखी जा रही पैनी नजर: सुयाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल के निर्देश पर एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल के नेतृत्व में कलियर में मंगलवार

> ❖एसपी देहात ने सीओ मंगलौर, सीओ लक्सर के साथ खंगाली झुगगी- झोपड़ी
> 41 संदिग्ध हिरासत में

अल सुबह को सत्यापन अभियान चलाया। इस दौरान जुग्गी झोपड़ी व किराए पर रहे लोगों का सत्यापन किया।साथ ही 41 संदिग्ध को पुलिस लाइन रोशनाबाद में पूछताछ की



गई। एसपी देहात शेखर चंद्र शुयाल ने बताया कि आपराधिक घटनाओ की रोकथाम तथा संदिग्ध तत्वों पर लगाम लगाने के लिए एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल निर्देश पर सीओ सीओ मंगलौर विवेक कुमार , सीओ लक्सर नताशा सिंह एसएसआई बीएस चौहान दो प्लाटून पीएसी के साथ अलग अलग टीमें बनाकर कलियर जुग्गी झोपडी रिहाईश इलाकों में रह रहे लोगों होटल व मकान मालिकों व बाहरी संदिग्धों व्यक्तियो, किराएदारों, घरेलू नौकरो, ठेली, फड वाले, कबाडियों का सत्यापन किया। इस दौरान 547 लोगो का सत्यापन किया गया। बिना सत्यापन के



किराएदार, घरेलू नौकर व बाहरी व्यक्तियों को रखने वाले 11 होटल व्यावसायिकों/मकान मालिको का पुलिस एक्ट के तहत 90 हजार न्यायालय का कोर्ट/नगद चालान किया गया। 42 ठेली, फड वाले, कबाडियो का कुल 10500 संयोजन शुल्क वसूला गया। इसके अतिरिक्त अभियान के दौरान 41 व्यक्तियों के संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस व एलआईयू की ओर पुछताछ की गई।सभी मकान मालिको को अपने किरायेदारों, घरेलू नौकरों बाहरी व्यक्तियो का शीघ्र सत्यापन कराने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही फड, ठेली, मोटर मैकेनिक, गैराजो में काम करने वाले व्यक्तियो व कबाडियों को भी अपना अपना सत्यापन कराने के लिए निर्देशित किया गया।

## केवी-1 में खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों का किया सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक. एक रूडकी में 54वीं देहरादून संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगितामें प्रतिभाग कर विजय प्राप्त करन वाले खिलाडियों का विद्यालय की प्रात: कालीन सभा में मैडल व प्रमाणपत्र देकर हर्षपूर्वक स्वागत किया गया। यह प्रतियोगिता देहरादून संभाग के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित की गयी थीए जिसमे करीब 45 केन्द्रीय विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग जिसमे इस विद्यालय के बच्चों ने अलग अलग तरह के अनेकों खेलों में प्रतिभाग किया था। खिलाडियों ने अपने खेलों से विद्यालय को कुल 31 पदक दिलाये जिसमेएदस स्वर्णए चौदह रजत एवं सात कांस्य पदक हैए जिनका विवरण इस प्रकार है।

एथलेटिक्स बालक वर्ग में कुल तीन पदक प्राप्त किये हैए जिसमे दो रजत और एक कांस्य है।

एथलेटिक्स बालिका वर्ग में कुल सात पदक प्राप्त किये जिसमे चार रजत और तीन कांस्य है। जूडो बालक वर्ग में कुल आठ पदक प्राप्त कियेए जिसमे आरवए देवांशए शुभांशु और आदित्य गोस्वामी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। जूडो बालिका वर्ग में कुल पांच पदक प्राप्त कियेए जिसमे सिमरन बडूए दीक्षा राणा और भूमिकाने स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। ताइकवांडोबालक वर्ग में कुल छ: पदक प्राप्त कियेए जिसमे प्रज्ज्वल सिंह ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। शूटिंग बालक वर्ग में अंशुल ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। तैराकी बालक वर्ग में विधान गुप्ता ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। विजेता खिलाडियों को बधाई देते हुए प्राचार्य चन्द्र शेखर बिष्ट ने कहा कि विभिन्न खेल जीवन के किसी विशेष क्षेत्र तक ही सीमित नहीं हैए यह एक व्यक्ति को जीवनभर के लिए उपलब्धियां प्रदान करता है। क्षेत्रीय व् संभागीय स्तर पर जिन बच्चों को विजय मिली हैए वो आगे कड़ी मेहनत करेंगे ताकि राष्ट्रीय स्तर पर भी पदक जीतकर अपने विद्यालय का नाम रौशन कर सकें। खेल शिक्षक श्री हरिनंद ने विजयी खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा किबच्चों ने इन उपलब्धियों से अपने विद्यालय का नाम रौशन किया है और विद्यालय को उनपर गर्व है। इस अवसर पर मुख्य अध्यापिका नेहा चौबे, शिक्षक ओमबीर सिंह, मामचंद, खेल कोच पूनम बिष्ट तथा आशु भाटिया ने भी विजेता खिलाडियों को बधाई दी तथा उनका हौसला बढाया।

## कांग्रेस ने हमेशा संविधान व लोकतंत्र का किया अपमान: बंसल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कांग्रेस आज संविधान बचाओ रैली कर रही है जबकि आज तक संविधान का सबसे अधिक अपमान कांग्रेस की सरकारों ने ही किया है। उक्त बात भाजपा के राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष एवं राज्य सभा सासंद नरेश बंसल ने पत्रकार वार्ता के दौरान कही। देहरादून रोड स्थित एक होटल में पत्रकारों से वार्ता करते हुए राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने कहा कि कांग्रेस आज संविधान को खतरे में बताते हुए संविधान बचाओ रैली और प्रदर्शन कर रही है लेकिन आज तक कांग्रेस ने न तो संविधान का सम्मान किया और न ही संविधान निर्माता का। बाबा भीम राव आंबेडकर जीवित थे तो उन्हें कभी कांग्रेस ने अहमियत नहीं दी और उनकी मृत्यु के बाद देश की राजधानी में उनका अंतिम संस्कार भी नहीं होने दिया उनके शव को मुंबई भेजा गया जिसमें हवाई जहाज का खर्च तक सरकार ने नहीं दिया उसका बोझ भी उनकी पत्नी पर डाला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने भीम राव आंबेडकर को भारत रत्न का सम्मान नहीं दिया वह भी भाजपा सरकार ने दिया। जबकि प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी ने स्वयं को भारत रत्न का सम्मान पद पर रहते हुए ही दिया। उन्होंने कहा कि संविधान में अब तक सौ से अधिक संशोधन किए जा चुके हैं जिसमें सबसे अधिक कांग्रेस ने किए वह भी एक परिवार के लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए।

## पुलिस ने शांतिभंग में तीन आरोपी पकड़े

**रूडकी** रुडकी पुलिस द्वारा 03 व्यक्तियो को किया शाँति भंग मे कियदा रहे को 170 ठछै मे गिरफ्तार किया गया है । अभियुक्तगण को मा0 परगना मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण' अनस पुत्र जाहिद निवासी मुज्जफरनगर थाना सिविल लाइन उ0प्र0 परवेज पुत्र लियाकत निवासी ढणडेरा को0 रुड़की जनपद हरिद्वार जावेद पुत्र लियाकत निवासी ढण्डेरा फाटक को0 रुड़की जनपद हरिद्वार पुलिस टीम में हे0का0 सन्दीप सेमवाल, कोतवाली रूडकी हो0गा बंगाल कोतवाली रूडकी शामिल रहै।

## पुलिस ने शराब पीकर ड्राइव करने पर एक पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा ड्रंकन ड्राइव मैं कारवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है लकसर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में ओवरलोड ड्रंकन ड्राइविंग अवैध खनन के वीरूद्ध कारवाई करने के लिए समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया था जिस पर पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा चेकिंग अभियांन चलाकर लक्सर क्षेत्र से ओवरलोड ड्रंकन ड्राइविंग अवैध खनन के वीरूद्ध कारवाई करते हुए ड्रंकन ड्राइविंग मे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम राजकुमार पुत्र रामपाल निवासी ग्राम रामजीवाला छकडा थाना मंडावर जनपद बिजनॉर उत्तर प्रदेश बताया उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में रायसी पुलिस चौकी प्रभारी कमल कांत रतूड़ी कांस्टेबल महेंद्र सिंह शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

### विपक्षी को फंसाने के लिए उसके घर में रख दिया गोमांस

## पुलिस जांच में योजना पर फिरा पानी, जाना पड़ा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** पुरानी रंजिश के चलते विपक्षी को फँसाने के लिए आरोपी द्वारा रचे गए मास्टर प्लान पर हरिद्वार पुलिस ने पानी फेर दिया। मामले में हरिद्वार पुलिस की सूझबूझ से एक बेगुनाह व्यक्ति जेल जाने से बच गया। वहीं बेगुनाह को फँसाने का जाल बिछाने वाले 03 आरोपी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिए।

जानकारी के अनुसार पुरानी रंजिश के चलते विपक्षी को फँसाने के लिए आरोपी द्वारा रचे गए प्लान पर हरिद्वार पुलिस ने पानी फेर दिया। एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा मंगलौर पुलिस व गोवंश स्क्वाड टीम को सूचना दी कि एक व्यक्ति द्वारा ग्राम बनेड़ा टांडा में अपने घर में गोकशी कर रहा है। जिस सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर मकान से 40 किलो गौमांस व गौकशी उपकरण बरामद करते हुए अंतर्गत उत्तराखंड गोवंश संरक्षण अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया गया। जिसकी प्रारंभिक विवेचना में घटना संदिग्ध प्रतीत होने पर एसएसपी हरिद्वार द्वारा मामले की गंभीरता से जाँच करने के निर्देश दिए गए थे। जिसपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी मंगलौर के निकट पर्वेक्षण में गठित टीम द्वारा घटना का हर पहलू पर से जाँच पड़ताल करते हुए सीसीटीवी कैमरे का अवलोकन कर सूचना देने वाले का मोबाइल नंबरों के सीडीआर का मिलान करते हुए लोकेशन इत्यादि का सहारा लेते हुए घटना से पर्दा उठाते हुए 03 आरोपियों को दबोचने में सफलता हासिल की। आरोपियों द्वारा पीड़ित से पुरानी रंजिश के चलते पीड़ित के बंद पड़े मकान का ताला तोड़कर घर के अंदर गौमांश व गौकशी उपकरण रख दिए थे और खुध्द ही पुलिस को गौकशी की सूचना दी थी। आरोपियों के नाम शाहनवाज पुत्र इकबाल निवासी ग्राम गढ़ी सांगीपुर कोतवाली लक्सर,वसीम पुत्र फुल्ला निवासी ग्राम शिकारपुर कोतवाली मंगलौर और गुलबहार पुत्र जाहिद निवासी ग्राम गधारोना कोतवाली मंगलौर हरिद्वार बताए गए हैं। जबकि अन्य आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाएगी। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक शांति कुमार,एसएसआई रफत अली, उप निरीक्षक राम बहादुर सिंह, राकेश डिमरी, नीरज रावत, हेड कांस्टेबल मजीद, कांस्टेबल रविंद्र,अंकित,केडी राणा और तेजपाल शामिल रहे।

## देहरादून के युवक की मंगलौर में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** नेशनल हाईवे पर डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी है। देहरादून के छिंदवाड़ा निवासी सचिन कुमार बाइक से मुजफ्फरनगर गया था। सोमवार सुबह वह बाइक से लौट रहा था। जैसे ही वह मंगलौर स्थित हाईवे पर एक बैंक के सामने पहुंचा तो बाइक का संतुलन गड़बड़ा गया और वह डिवाइडर से टकरा गया। सचिन का हेलमेट भी पूरी तरह चकनाचूर हो गया और मौके पर मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर शाँति कुमार गंगवार ने बताया कि सचिन कुमार निवासी देहरादून के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी थी।

## मदिरा की दुकानों में जिला प्रशासन ने की छापेमारी, मचा हड़कंप

### निरीक्षण के दौरान दुकानों में पाई गईं अनियमितताएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जिलाधिकारी के निर्देश पर आज जनपद भर में देसी विदेशी मुद्रा की दुकानों पर छापा मार कार्रवाई की गईऔचक निरीक्षण के दौरान कई दुकानों पर अन्यवतारें पाए जाने पर उनके खिलाफ कार्रवाई भी की गई।

जानकारी के अनुसार अपर उप जिला मजिस्ट्रेट, रूड़की प्रेम लाल द्वारा झबरेड़ा स्थित विदेशी मदिरा शॉप पर निरीक्षण के दौरान स्टॉक रजिस्टर प्रारम्भिक स्टॉक में 2090 बोतल में से 20 बोतल की ब्रिकी पाई गई व 2896 हॉफ में से 58 हॉफ की ब्रिक्री पाई गई तथा 9496 क्वार्टर में से 205 क्वॉटर ब्रिकी पाई गयी जिसका स्टॉक रजिस्टर में दर्ज होना पाया गया। इकबालपुर में स्थित विदेशी मदिरा शॉप पर निरीक्षण के दौरान रॉयल चौलेंज की 59 बोतल मे से 01 बोतल की बिक्री पाई गई 36 बोतल कम पाई गई जिसका कोई हिसाब किताब दे नहीं पाए। निरीक्षण के दौरान रॉयल स्टैग का प्रारम्भिक स्टॉक के अनुसार 169 बोतल दर्ज पाई गई मे से 01 बोतल की बिक्री पाई गई 12 बोतल का कोई हिसाब किताब दे नहीं पाए। निरीक्षण के दौरान 23 अप्रैल के बाद कोई रिकार्ड दर्ज नहीं किया गया।

उप जिलाधिकारी भगवानपुर अजयवीर सिंह ने इमलीखेड़ा धर्मपुर ठेका में देशी विदेशी तथा ठंडी बियर दुकान का औचक निरीक्षण करने पर रेट लिस्ट न होना, सेल्समैन के स्थान पर प्राइवेट लड़के द्वारा शराब का विक्रय होना कराया जा रहा था, बोतल प्रिंट रेट से 10 रू0 की ओवर रेटिंग एवं घरेलू गैस सिलेंडर तथा एक छोटा 5 कि.ग्रा का सिलेंडर पाया गया जो नियम के विपरीत है। उप जिलाधिकारी लक्सर सौरभ असवाल ने खानपुर एवं रायसी तहसील लक्सर में तथा उप जिलाधिकारी हरिद्वार जितेन्द्र कुमार द्वारा जगजीतपुर एवं धनपुरा की विदेशी शराब का दुकान को औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण में किसी भी प्रकार की अनियमितताए नहीं पाई गई। सभी उप जिला अधिकारियों द्वारा अपनी निरीक्षण आख्या आवश्यक कार्यवाही हेतु जिलाधिकारी को प्रेषित की गई।

## समर्पण ने कुष्ठ आश्रम में लगाया निशुल्क चिकित्सा शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** समर्पण फाउंडेशन ट्रस्ट राष्ट्रीय सेवा भारती से द्वारा आज रुड़की चन्द्रपुरी में स्थित कुष्ठ आश्रम में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।शिविर का उद्घाटन नगर विधायक प्रदीप बत्रा ने किया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक रवि प्रकाश भी मौजूद रहे।आपको बता दें वर्ष 2008 से देश के विभिन्न राज्यों की 215 कुष्ठ बस्तियों में निवासरत कुष्ठ रोगियों एवं उनके परिवारजनों के सर्वांगीण पुनर्वास हेतु कार्यरत एक पंजीकृत स्वयंसेवी संस्था है। संस्था का उद्देश्य समाज के इस उपेक्षित वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ते हुए उन्हें समुचित चिकित्सा, शिक्षा एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। संस्था द्वारा संचालित चल-चिकित्सालय सेवा के माध्यम से दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं गुजरात राज्यों में नियमित रूप से नि:शुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया गया है। इन शिविरों में कुष्ठ प्रभावित लोगों को प्राथमिक चिकित्सा, घावों की मरहम-पट्टी, रक्त परीक्षण एवं आवश्यक दवाओं का वितरण किया गया है।

## पर्चा काउंटर पर कर्मचारी ने की युवक और बुजुर्ग से अभद्रता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल अस्पताल में पर्चा काउंटर पर तैनात एक कर्मचारी ने पहले युवक और फिर उसके पिता से अभद्रता कर दी। इससे नाराज युवक ने हंगामा कर दिया और कर्मचारी पर मनमानी करने का आरोप लगाया। युवक के हंगामा करने से मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। इस बीच होमगार्ड के जवानों ने युवक को समझाकर शांत किया। कुछ देर के लिए पर्चा बनाने की प्रक्रिया भी बंद रही।

सिविल अस्पताल रुड़की में तैनात कुछ कर्मचारियों के व्यवहार से आए दिन मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारी पर्चा बनवाने आने वाले मरीजों से अभद्रता कर रहे हैं। मरीज कई बार अस्पताल प्रबंधन से इनकी शिकायत कर चुके हैं लेकिन कार्रवाई नहीं की जाती है। एक बार फिर सिविल अस्पताल में पर्चा काउंटर पर तैनात एक कर्मचारी की हरकत से अस्पताल सुर्खियों में आ गया है। दरअसल, सोमवार दोपहर एक युवक अपने पति के साथ अस्पताल पहुंचा था और काउंटर पर लाइन में लगकर पर्चा बनवाने का इंतजार कर रहा था। इस बीच युवक का नंबर आया तो उसने कर्मचारी से पर्चा जल्दी बनाने की बात कही। आरोप है कि इस पर कर्मचारी ने युवक को धमकाते हुए अभद्रता कर दी। युवक ने विरोध किया तो कर्मचारी ने पर्चा बनाने से इन्कार कर दिया। इतना ही नहीं युवक के पिता ने कर्मचारी से पर्चा न बनाने का कारण पूछा तो उसने उनके साथ भी अभद्रता कर दी। इससे नाराज युवक ने हंगामा कर दिया। इस बीच महिला होमगार्ड के जवान मौके पर पहुंचे और युवक व उसके पिता को समझाकर शांत किया। इस दौरान पर्चा बनाने का काम भी थोड़ी देर के लिए बाधित हो गया। डॉ. संजय कंसल, सीएमएस, सिविल अस्पताल, रुड़की का कहना है कि मरीज या तीमारदार से किसी ने अभद्रता की है तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मामले की जांच कर संबंधित कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## महिला के चेहरे पर ईंट से हमलाकर किया लहूलुहान

**रुड़की।** गांव निवासी व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया कि पड़ोस में रहने वाले विशाल, महिपाल, मैनपाल और विशांत परिवार से रंजिश रखते हैं। एक अप्रैल को आरोपी लाठी-डंडे लेकर उसके घर में घुस आए और घर में मौजूद उसकी पत्नी व बच्चों पर हमला कर दिया। लक्सर कोतवाली के महेश्वरी गांव निवासी सुशील कुमार ने तहरीर देकर बताया कि पड़ोस में रहने वाले विशाल, महिपाल, मैनपाल और विशांत उसके परिवार से रंजिश रखते हैं। एक अप्रैल को आरोपी लाठी-डंडे लेकर उसके घर में घुस आए और घर में मौजूद उसकी पत्नी व बच्चों पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने ईंट उठाकर उसकी पत्नी के चेहरे पर वार कर दिए जिससे उसकी पत्नी लहूलुहान हो गई। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। उसकी पत्नी को अस्पताल ले जाया गया। वहां से उसे एम्स ऋषिकेश रेफर कर दिया गया।

## ऋषिकेश में जमीन दिलाने का झांसा देकर 40 लाख ठगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** जमीन दिलाने का झांसा देकर लाखों की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। एक ग्रामीण ने महिला समेत चार लोगों पर जमीन दिलाने का झांसा देकर ठगी का आरोप लगाया है। आरोप है कि गिरोह कई और लोगों से ठगी कर चुका है और रकम वापस मांगने पर झूठा केस दर्ज कराने की धमकी देता है। पीड़ित ने पुलिस अधिकारियों से कार्रवाई की गुहार लगाई है।

मंगलौर क्षेत्र स्थित गांव गदरजड्डा निवासी प्रीतम सिंह ने पुलिस को शिकायत कर बताया कि करीब दो साल पूर्व उनकी मुलाकात सत्संग में क्षेत्र के मुंडाखेड़ा गांव निवासी एक महिला से हुई थी। महिला ने बताया था कि ऋषिकेश में एक नामी कंपनी मालिक अपनी कंपनी लगा रहा है और उसे जमीन की जरूरत है। महिला ने बताया था कि ऋषिकेश में काफी जमीन पड़ी है।

वह उस जमीन में अपना पैसा लगाते हैं तो कंपनी मालिक उसे अच्छे दाम में खरीद लेगा। इसके बाद महिला ने अपने तीन साथियों से देहरादून के एक होटल में मुलाकात कराई थी। उक्त लोगों ने भी उन्हें मोटा मुनाफा होने का झांसा दिया था। उनकी बातों में आकर वह जमीन में पैसा लगाने के लिए तैयार हो गए। इसके लिए उन्होंने 40 लाख रुपये में जमीन बेच दी थी। इसके बाद 40 लाख रुपये की रकम महिला और उसके तीन साथियों को नकद व चेक के माध्यम से दी थी।

रकम लेने के बाद महिला और उसके तीन साथियों ने उन्हें ऋषिकेश में एक जमीन दिखाई थी। इसके बाद बताया था कि वह जल्द ही कंपनी मालिक से मुलाकात कर जमीन अच्छे दाम में बिक्री करवा देंगे और उन्हें 40 लाख रुपये की रकम मुनाफे के साथ देंगे। आरोप लगाया कि रकम लेने के बाद उक्त लोगों ने न ही जमीन दिलाई और न ही रकम वापस की है। वह पिछले दो साल से लगातार अपनी रकम वापस मांग रहे हैं लेकिन चारों बहानेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने पुलिस में शिकायत करने की बात कही तो उक्त लोगों ने उल्टा उनके खिलाफ ही देहरादून में एक झूठा केस दर्ज करवा दिया है। पीड़ित ने पुलिस अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है। एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने बताया कि शिकायत के आधार पर जांच कराई जाएगी। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम मोहम्मद सनाउ रहमान से बदलकर अब अपना नया नाम मो. सनाउ रहमान कर लिया है। इसलिए भविष्य में मुझे मो. सनाउ रहमान के नाम से ही जाना, पहचाना, पढ़ा लिखा, समझा व दर्ज किया जाए।

**मो. सनाउ रहमान पुत्र मो. फुरकान नि. ग्राम व पो. सालियर साल्हापुर रुड़की, हरिद्वार। पिन**-247667

### संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति के बराबर में

## गोशाला खोलने पर ग्रामीणों का हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति के पास गौशाला निर्माण को लेकर लक्सर नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 1 में ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के बीच में गौशाला का निर्माण उचित नहीं है और वे इसे किसी भी कीमत पर नहीं होने देंगे। उन्होंने चिंता जताई कि रिटायर पशुओं की देखभाल ठीक से नहीं हो पाएगी।

नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी मोहम्मद कामिल ने बताया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति के पास सरकारी और तालाब की जमीन को छोड़कर गौशाला के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया था, जिसके लिए 70 लाख रुपये आवंटित भी हो गए हैं। संबंधित विभाग (आरईएस) और तहसील के कर्मचारी इसी सिलसिले में जमीन की पैमाइश करने आए थे, जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया। उन्होंने कहा कि आगे की कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को लिखकर सूचित किया जाएगा और उनके आदेशानुसार ही काम किया जाएगा ग्रामीणों ने यह भी कहा कि वार्ड नंबर 1 में लगभग 3500 की आबादी है और गांव के बीच में सड़क किनारे गौशाला



का निर्माण करना गलत है। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने प्रयासों से उस जमीन को समतल किया है।

## जनताद्वार कार्यक्रम में सुनी जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** भगवानपुर तहसील प्रशासन ने सरकार जनता के द्वारा प्रोग्राम के अंतर्गत ग्राम लाम ग्रांट तहसील भगवानपुर में जिला आबकारी अधिकारी के साथ सुनवाई की गई की सुनवाई की गई। वर्तमान तक 19 शिकायतें दर्ज हुई है जिसमें अधिकतर प्रार्थना पत्र राशन कार्ड से संबंधित है। एक प्रार्थना पत्र पेंशन के लिए एवं दो प्रार्थना पत्र खरंजा सडक के लिए शेष प्रार्थना पत्र राशन कार्ड के लिए हैं। अभी स्थल पर किसी भी प्रार्थना पत्र का निस्तारण नहीं हुआ है।

जानकारी के अनुसार नायब तहसीलदार अनिल गुप्ता ने बताया कि भगवानपुर तहसील प्रशासन लगातार जनता के द्वारा कार्यक्रम के तहततहसील क्षेत्र के गांव में जाकर वहां के लोगों की जन समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण कर रही है तहसील क्षेत्र के गांव में लगातार कार्यक्रम जारी हैआज भगवानपुर तहसील के नाम ग्रांट गांव में जनता के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी तादाद में लोगों ने अपनी समस्याएं बताई अधिकतर समस्याओं का समाधान भी किया गयाकल 19 शिकायत में दर्ज की गई जिनमें से अधिकतर का निस्तारण किया गया बाकी संबंधि



त विभाग को दी गई है जल्दी उनका भी निस्तारण किया जाएगा। सरकार जनता के द्वारा कार्यक्रम सेस्थानीय लोगों को काफी फायदा हो रहा है लोगों को तहसील के चक्कर नहीं काट रहे हैं खुद सरकार उनके घर जाकर उनके समस्याओं का निस्तारण कर रही है।

# सम्पादकीय

**बुधवार, 30 अप्रैल 2025**

## बैठकों का दौर

22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमले के बाद जहां देश में जबरदस्त आक्रोश है वही सरकार भी बराबर मंथन कर रही है कि इस घटना के दोषियों के साथ-साथ उन लोगों पर भी कड़ा प्रहार किया जाए। जो पर्दे के पीछे से आतंकियों की मदद करते है। जाहिर है वह हमारा पड़ोसी देश पाकिस्तान है। जो आतंकियों की शरणस्थली बना हुआ है। वह उन्हें हर तरह के संसाधन उपलब्ध कराता है। यही कारण है कि भारत के लोग अपनी सरकार पर बराबर यह दबाव बना रहे है कि वह पाकिस्तान के साथ इस तरह पेश आए। जो एक नजीर का काम करेगा। यूं तो हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी देश को आश्वस्त कर रहे है और कह रहे है कि आतंकियों के आकाओं को इस तरह का सबक सिखाया जाएगा। जो दुनिया के सामने एक बड़ा उदाहरण बनेगा। सरकार की सक्रियता इस बात से देखी जा ही रही है कि उसने पाकिस्तान के खिलाफ कई बड़े कदम उठाएं है। जिन में सबसे बड़ा कदम सिंधु नदी के जल को रोकना भी शामिल है। साथ ही तमाम बैठकों का भी दौर जारी है। मंगलवार को भी गृह मंत्रालय में एक अहम बैठक हुई। जिसमें देश के गृह मंत्री अमित शाह के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड, बॉर्डर सिक्योरिटी फॉर्स, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और सशस्त्र सीमा बल के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। उसके बाद बुधवार को भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केबिनेट बैठक होने जा रही है। पहलगाम हमले के बाद जो पहली बैठक होगी। जाहिर है इससे पता चलता है कि सरकार में इस बात पर लगातार मंथन चल रहा है कि वह कार्यवाही किस तरह कि जाए जो पाकिस्तान के लिए एक सबक साबित हो। इस बीच विपक्ष ने भी विशेषकर कांग्रेस ने यह मांग रखी है कि इस समय संसद का विशेष सर्त बुलाया जाए। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखकर यह मांग की है। सोमवार को लिखे अलग-अलग पत्रों में कहा गया। क्योंकि यह समय देश की एकजुटता को प्रदर्शित करने का है और संसद सर्त को बुलाकर वहां से यह संदेश दुनिया व पाकिस्तान को कड़ाई के साथ देना चाहिए कि भारत आतंकवादी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं करेगा। इसमें कोई दौराए नहीं कि यह समय देश के सामने बेहद कठिन है और किसी भी कठिन स्थिति से पार पाने के लिए समाज में एकजुटता बेहद जरूरी होती है। इस लिए जरूरी हो जाता है कि वह तमाम कदम उठाने चाहिए जो हमारे सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करे। ऐसी किसी भी गतिविधि से बचना चाहिए जो हमारे ताने-बाने को कमजोर करती है यह बात इस आधार पर कही जा रही है कि दुर्भाग्य से कुछ घटनाएं ऐसी हुई है। जो हमारे सामाजिक ताने-बाने को कमजोर करती है। ऐसे समय में जब सारा देश एकजुट है तो कुछ शरारती तत्व पहलगाम की घटना को सामप्रदायिक रंग देने की कोशिश कर रहे है। जो ठीक नहीं है। सरकार को केवल उन्हीं लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करनी चाहिए जो उसकी आलोचना कर रहे है।

## कश्मीरी छात्रों को धमकी भरे कॉल मिल रहे



देशभर के कश्मीरी छात्रों को धमकी भरे कॉल मिल रहे हैं, जो मौजूदा स्थिति के कारण डर में जी रहे हैं, जहां कुछ शैक्षणिक संस्थानों ने परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं और छात्रों को सामान्य स्थिति बहाल होने तक घर लौटने की सलाह दी है, वहीं अन्य ने कक्षाएं जारी रखने का विकल्प चुना है, गृह मंत्री अमित शाह और सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से हस्तक्षेप करने और सभी छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह करती हूं, जब तक कि वे सुरक्षित रूप से घर नहीं लौट जाते, इसके अलावा, सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक नफरत फैलाने वालों को एक कड़ा संदेश दिया जाना चाहिए, शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए ऐसी विभाजनकारी ताकतों की पहचान की जानी चाहिए और उनसे सख्ती से निपटा जाना चाहिए।

**महबूबा मुफ्ती**
**अध्यक्ष, पीडीपी**
**पूर्व सीएम, जम्मू-कश्मीर**

# पहलगाम के खून की छींटें नेपाल तक

## नेपाल को है पाकिस्तान के साथ कुछ बड़ा होने की उम्मीद





**यशोदा श्रीवास्तव**

पहलगाम की घटना से नेपाल में भी गम और गुस्सा का माहौल है। तमाम कारणों से नेपाल की मौजूदा हुकूमत की भारत से नाइत्तफाकी के बावजूद वह चाहता है कि इस बार भारत की ओर से पाकिस्तान के साथ कुछ बड़ा हो। इस वजह से नहीं कि पहलगाम में उसके भी एक नागरिक सुदीप न्योपाने की हत्या हुई, बल्कि इस वजह से कि नेपाल भी एक टूरिस्ट कंट्री है और उसे इस बात का भय सताने लगा है कि कहीं पाक आतंकियों का रुख इधर हो गया तो वह बर्बाद हो जाएगा। टूरिस्टों ने आना जाना बंद कर दिया तो वहां का व्यापार डूब जाएगा और भुखमरी की नौबत आ जाएगी। भारतीय टूरिस्टों का बड़ा हब नेपाल की खूबसूरत वादियां भी है।

नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री डाक्टर बाबू राम भट्टाराई ने दिल्ली में खुले शब्दों में कहा कि पहलगाम घटना के खिलाफ भारत जो भी कार्रवाई करेगा, नेपाल उसके साथ खड़ा है। यह केवल एक पूर्व प्रधानमंत्री की अभिव्यक्ति नहीं है। इसे नेपाल की मंशा माना जाना चाहिए। भारत में नेपाल के राजदूत रहे दीप कुमार उपाध्याय ने कहा पाकिस्तान भारत सरकार की दरियादिली को कमजोरी समझने की भूल न करें। 1971 में भारत द्वारा दिया गया घाव उसे भूलना नहीं चाहिए। आज भारत में उस वक्त से मजबूत सरकार है।

एमाले सांसद मंगल प्रसाद गुप्ता ने कहा कि पहलगाम पर अटैक कर पाकिस्तान अपने वजूद की समाप्ति के लिए भारत को उकसा रहा है। नेपाली कांग्रेस के पूर्व सांसद अभिषेक प्रताप शाह ने कहा कि पाकिस्तान खुलकर सामने न आकर भाड़े के टट्टुओं से निर्दोषों की हत्या करवाकर बड़ी भूल कर रहा है। उसे पहलगाम की घटना की बड़ी क़ीमत चुकानी होगी।

नेपाल के इस्लामिक विद्वान डाक्टर अब्दुल गनी अलकूफी और राष्ट्रीय मदरसा संघ के महासचिव मौलाना मशहूद खां ने पहलगाम की घटना की निंदा की है और कहा है कि निर्दोषों का कत्ल कर पाकिस्तान अपनी तबाही की इबारत लिख रहा है। उम्मीद जताई कि आने वाले कुछ ही दिनों में उसे इसकी कल्पना से भी बड़ी क़ीमत चुकानी पड़ेगी। राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के केंद्रीय सदस्य दीपक राजौरिया ने कहा कि पहलगाम में धर्म पूछकर हंसते खेलते पर्यटकों को निशाना बनाना पाकिस्तान की क्रूरता की पराकाष्ठा है।

नेपाल जनता पार्टी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री हृदयेश त्रिपाठी और महासचिव पूर्व मंत्री ईश्वर दयाल मिश्रा ने कहा कि पाकिस्तान को अब आतंकी देश घोषित करने का वक्त आ गया है। उसके प्रोडक्ट का बहिष्कार कर उसे आर्थिक रूप से कमजोर करने की जरूरत है। दोनों नेताओं ने कहा कि हो सकता है पाक द्वारा भारत पर हमला किसी को अच्छा लगता हो लेकिन वह यह न भूलें कि अगला नंबर उसका भी हो सकता है।

हृदयेश त्रिपाठी ने कहा कि भारत में नरेंद्र मोदी के रूप में ऐसा प्रधानमंत्री मिला जो वसुधैव कुटुंबकम् की नीति पर चलकर सर्व धर्म समभाव की बात करता है, स्वयं नेपाल जाकर वहां के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को जन्मदिन की मुबारकबाद देता है और बदले में पाकिस्तान कभी पूलवामा तो कभी पठान कोट और कभी पहलगाम जैसी दर्दनाक घटनाएं देता है। उन्होंने कहा पाकिस्तान के लिए यह अच्छा अवसर था जब वह भारत से पुराने बैर भाव भुलाकर मधुर संबंध स्थापित कर सकता था लेकिन कहावत है की कुत्ते की पूंछ कहां सीधी होती है। उन्होंने कहा हम सब उम्मीद करते हैं कि इस बार उसे जरूर ऐसी सजा मिले कि उसकी पीढ़ियां याद करें। पहलगाम में मारे गए 27 निर्दोषों के खून के छींटें नेपाल तक भी पहुंचा है। बुटवल के युवा व्यवसाई सुदीप न्योपाने अपनी बहन बहनोई और मां के साथ पहलगाम घूमने गए थे। सुदीप वहां आतंकियों की गोली का शिकार हो गए। जिस रोज परिजनों द्वारा उनका शव नेपाल लाया गया उस रोज नेपाल बार्डर पर हजारों नेपाली लोग इकट्ठा थे। सबके सब पाकिस्तान मुर्दाबाद का नारा लगा रहे थे। और सबकी एक स्वर से मांग की थी भारत पाकिस्तान को सबक सिखाए, पूरा नेपाल उसके साथ है।

पहलगाम की घटना के बाद नेपाल का गुस्सा इसलिए मायने रखता है क्योंकि नेपाल की धरती का इस्तेमाल पाक खूफिया और आतंकी संगठन करते रहते हैं। किसी जमाने में जाली भारतीय मुद्रा के भंडारण का बड़ा केंद्र काठमांडू हुआ करता था जहां से उसके एजेंट नेपाल सीमा से सटे भारतीय बाजारों तक पहुंचाते थे। 1999 में काठमांडू से ही आतंकियों द्वारा भारतियों से भरी जहाज का अपहरण कर कंधार ले जाया गया था। इसके अलावा पाकिस्तान से जुड़े कई सारे आतंकी नेपाल सीमा पर ही पकड़े गए। मुंबई ब्लास्ट के आरोपी याकूब मेमन काठमांडू में ही रहा। कराची में शरण लिए दाउद इब्राहिम का अभी भी यहां बड़ा नेटवर्क है। दरअसल पहलगाम की घटना से नेपाल की चिंता अपना प्रयटन उद्योग बचाने की है। नेपाल के कुल आर्थिक स्रोत का बड़ा हिस्सा प्रयटन उद्योग से हासिल होता है और टूरिस्टों में भी बाकी देशों के मुकाबले भारत की बड़ी भागीदारी होती है। यहां टूरिस्टों के सुरक्षा के बेहतर इंतजाम भी नहीं रहते और न ही खूफिया पहरा होता है। पहलगाम की घटना से नेपाल का डर इस बात को लेकर है कि कहीं नेपाल की धरती पर भारतीय पर्यटकों को निशाना बनाया गया तो उसकी तो कमर ही टूट जाएगी। चूंकि पाकिस्तान का आपराधिक दिमाग कहीं भी कुछ भी कर सकता है। वक्त आ गया जब इसका फन उठने के पहले ही कुचल दिया जाए।

**1999** में काठमांडू से ही आतंकियों द्वारा भारतियों से भरे जहाज का अपहरण कर कंधार ले जाया गया था, इसके अलावा पाकिस्तान से जुड़े कई सारे आतंकी नेपाल सीमा पर ही पकड़े गए, मुंबई ब्लास्ट के आरोपी याकूब मेमन काठमांडू में ही रहा...

# बिना मुहूर्त निकलवाएं कोई भी शुभ कार्य करने का दिन है अक्षय तृतीया

**अक्षय तृतीया की पूजा के लिए 30 अप्रैल को प्रातः पांच बजकर 41 मिनट से दोपहर 12 बजकर 18 मिनट तक का समय बहुत शुभ है मांगलिक कार्यों के लिए अक्षय तृतीया पर्व को हिन्दू धर्म में बहुत शुभ माना गया है, मान्यता है कि इस दिन स्वयंसिद्ध योग होते हैं और बिना मुहूर्त निकलवाए कोई भी शुभ कार्य आयोजित किया जा सकता है, यह पर्व आस्था, परंपरा और अध्यात्म का संगम है, सनातन धर्मानुसार, वैशाख मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को 'अक्षय तृतीया' या 'आखा तीज' कहते हैं, पौराणिक शास्त्रानुसार, अक्षय तृतीया विवाह और अन्य शुभ कार्यों के लिए स्वयंसिद्ध मुहूर्त माना जाता है, इस दिन किए गए शुभ कार्य, दान, उपवास और व्रत का अक्षय फल अर्थात संपूर्ण फल मिलता है**





**योगेश कुमार गोयल**

प्रत्येक वर्ष वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को 'अक्षय तृतीया' पर्व मनाया जाता है, जो इस वर्ष 30 अप्रैल को मनाया जा रहा है। अक्षय तृतीया की शुरुआत 29 अप्रैल की शाम पांच बजकर 31 मिनट पर हो रही है, जो 30 अप्रैल की दोपहर दो बजकर 12 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे में उदया तिथि को ध्यान में रखते हुए अक्षय तृतीया की पूजा और खरीदारी करना 30 अप्रैल को ही सबसे शुभ है। अक्षय तृतीया की पूजा के लिए 30 अप्रैल को प्रातः पांच बजकर 41 मिनट से दोपहर 12 बजकर 18 मिनट तक का समय बहुत शुभ है। मांग. लिक कार्यों के लिए अक्षय तृतीया पर्व को हिन्दू धर्म में बहुत शुभ माना गया है। मान्यता है कि इस दिन स्वयंसिद्ध योग होते हैं और बिना मुहूर्त निकलवाए कोई भी शुभ कार्य आयोजित किया जा सकता है। यह पर्व आस्था, परंपरा और अध्यात्म का संगम है। सनातन धर्मानुसार, वैशाख मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को 'अक्षय तृतीया' या 'आखा तीज' कहते हैं।

पौराणिक शास्त्रानुसार, अक्षय तृतीया विवाह और अन्य शुभ कार्यों के लिए स्वयंसिद्ध मुहूर्त माना जाता है। इस दिन किए गए शुभ कार्य, दान, उपवास और व्रत का अक्षय फल अर्थात संपूर्ण फल मिलता है। मान्यता है कि अक्षय तृतीया के दिन स्वयंसिद्ध योग होते हैं और इस दिन बिना मुहूर्त निकलवाए कोई भी शुभ कार्य सम्पन्न किया जा सकता है, इसीलिए लोग बिना पंचांग देखे अक्षय तृतीया के दिन विवाह, गृह प्रवेश, नया व्यापार, धार्मिक अनुष्ठान, पूजा-पाठ, घर, भूखंड या नए वाहन आदि की खरीदारी करते हैं। मान्यताओं के अनुसार, इसी तृतीया तिथि को माता पार्वती ने अमोघ फल देने की सामर्थ्य का आशीर्वाद दिया था, जिसके प्रभाव से अक्षय तृतीया के दिन किया गया कोई भी कार्य निष्फल नहीं होता। पुराणों के अनुसार, इस दिन सूर्योदय से पहले उठकर स्नान, दान, जप व स्वाध्याय करना शुभ फलदायी होता है। भविष्यपुराण के अनुसार, अक्षय तृतीया को युगादि तिथि माना गया है, यानी इसी तिथि से सतयुग व त्रेतायुग का प्रारंभ हुआ था। भगवान विष्णु के तीन अवतारों, नर-नारायण, हयग्रीव और परशुराम का अवतरण भी इसी तिथि को हुआ था। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, इस वर्ष अक्षय तृतीया पर बहुत से शुभ योग बन रहे हैं। इन योग में लक्ष्मी पूजा करने से धन वृद्धि होती है। अक्षय तृतीया के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है, जो बहुत खास है। इसके अतिरिक्त, जो अन्य शुभ योग बनने वाले हैं, उनमें शोभन योग दोपहर 12 बजकर दो मिनट तक रहेगा। रवि योग शाम को चार बजकर 18 मिनट से शुरू होकर पूरी रात रहने वाला है। इस दिन सोना खरीदना बहुत शुभ माना गया है। अक्षय तृतीया तिथि संपूर्ण पापों का नाश करने वाली और समस्त सुख प्रदान करने वाली मानी गई है। विभिन्न शास्त्रों के अनुसार, इस दिन हवन, जप, दान, स्वाध्याय, तर्पण इत्यादि जो भी कर्म किए जाते हैं, वे सब अक्षय हो जाते हैं। मान्यता है कि द्वापर युग इसी तिथि को समाप्त हुआ था, जबकि त्रेता, सतयुग और कलियुग का आरंभ इसी तिथि को हुआ था, इसीलिए इसे 'कृतयुगादि तृतीया' भी कहा जाता है। भारत में कई स्थानों पर अक्षय तृतीया को 'आखा तीज' के नाम से भी जाना जाता है। भविष्य पुराण के अनुसार, इस तिथि की गणना युगादि तिथियों में होती है। इस तिथि की अधिष्ठात्री देवी पार्वती मानी गई हैं और इस दिन मां लक्ष्मी की भी विधिवत पूजा की जाती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, पृथ्वी पर देवताओं ने 24 रूपों में अवतार लिया था, जिनमें छठा अवतार भगवान परशुराम का था, जिनका जन्म अक्षय तृतीया के ही दिन हुआ था। ब्रह्मा के पुत्र अक्षय कुमार का प्राकटय भी इसी दिन हुआ माना जाता है। भगवान विष्णु के चरणों से गंगा भी इसी दिन धरती पर अवतरित हुई थी। इस पर्व को लेकर लोक धारणा है कि इस तिथि को यदि चंद्रमा के अस्त होते समय रोहिणी आगे होगी तो फसल अच्छी होगी।

**भविष्यपुराण के अनुसार, अक्षय तृतीया को युगादि तिथि माना गया है, यानी इसी तिथि से सतयुग व त्रेतायुग का प्रारंभ हुआ था**

# अक्षय तृतीया : समृद्धि, पुण्य और शुभारंभ का पर्व



**'अक्षय' का अर्थ होता है जो कभी क्षय (नाश) न हो, यही कारण है कि यह दिन शुभ कार्यों, दान-पुण्य, निवेश और नए आरंभ के लिए अत्यंत फलदायी माना जाता है, यह दिन विशेष रूप से मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की आराधना के लिए समर्तिप होता है**



**प्रियंका सौरभ**

अक्षय तृतीया, जिसे 'आखा तीज' भी कहा जाता है, हिंदू पंचांग के अनुसार वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाने वाला एक अत्यंत पावन पर्व है। 'अक्षय' का अर्थ होता है जो कभी क्षय (नाश) न हो। यही कारण है कि यह दिन शुभ कार्यों, दान-पुण्य, निवेश और नए आरंभ के लिए अत्यंत फलदायी माना जाता है। यह दिन विशेष रूप से मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की आराधना के लिए समर्पित होता है। मान्यता है कि इस दिन सच्चे हृदय से पूजा-पाठ, व्रत और दान करने से न केवल वर्तमान जीवन में सुख-समृद्धि प्राप्त होती है, बल्कि अगले जन्मों तक अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। पुराणों के अनुसार, इसी दिन सतयुग और त्रेतायुग का प्रारंभ हुआ था। भगवान परशुराम का जन्म भी इसी तिथि को हुआ था। महाभारत में वर्णित है कि इसी दिन युधिष्ठिर को अक्षय पात्र की प्राप्ति हुई थी, जिससे कभी अन्न की कमी नहीं होती थी। अक्षय तृतीया को विवाह, गृह प्रवेश, व्यापार आरंभ, संपत्ति खरीदने, सोना-चांदी या भूमि निवेश जैसे कार्यों के लिए बेहद शुभ माना जाता है।

इस दिन बिना किसी मुहूर्त के भी कार्य आरंभ किए जा सकते हैं। अक्षय तृतीया, जिसे 'आखा तीज' भी कहा जाता है, हिंदू पंचांग के अनुसार वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाने वाला एक अत्यंत पावन पर्व है। 'अक्षय' का अर्थ होता है जो कभी क्षय (नाश) न हो। यही कारण है कि यह दिन शुभ कार्यों, दान-पुण्य, निवेश और नए आरंभ के लिए अत्यंत फलदायी माना जाता है। यह दिन विशेष रूप से मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की आराधना के लिए समर्पित होता है। मान्यता है कि इस दिन सच्चे हृदय से पूजा-पाठ, व्रत और दान करने से न केवल वर्तमान जीवन में सुख-समृद्धि प्राप्त होती है, बल्कि अगले जन्मों तक अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। पुराणों के अनुसार, इसी दिन सतयुग और त्रेतायुग का प्रारंभ हुआ था। भगवान परशुराम का जन्म भी इसी तिथि को हुआ था। महाभारत में वर्णित है कि इसी दिन युधिष्ठिर को अक्षय पात्र की प्राप्ति हुई थी, जिससे कभी अन्न की कमी नहीं होती थी। अक्षय तृतीया को विवाह, गृह प्रवेश, व्यापार आरंभ, संपत्ति खरीदने, सोना-चांदी या भूमि निवेश जैसे कार्यों के लिए बेहद शुभ माना जाता है। इस दिन बिना किसी मुहूर्त के भी कार्य आरंभ किए जा सकते हैं। भारत त्योहारों की भूमि है, जहां हर पर्व किसी गहरी सांस्कृतिक, धार्मिक और आध्यात्मिक भावना से जुड़ा होता है। इन्हीं पर्वों में से एक है अक्षय तृतीया, जिसे 'अखा तीज' के नाम से भी जाना जाता है।

यह पर्व न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी विशेष भूमिका निभाता है। इस दिन किए गए पुण्य कर्म, दान, जप-तप, उपवास और सेवा कार्य 'अक्षय' यानी अविनाशी फल देने वाले माने जाते हैं। यह दिन सूर्य और चंद्रमा दोनों के उच्च राशि में होने के कारण विशेष रूप से अबूझ मुहूर्त (सर्वश्रेष्ठ शुभ समय) माना जाता है, इसलिए इस दिन कोई भी शुभ कार्य बिना ज्योतिषीय परामर्श के भी किया जा सकता है। अक्षय तृतीया से जुड़ी अनेक पौराणिक घटनाएं हैं, जो इस दिन को अत्यधिक पवित्र बनाती हैं। भगवान परशुराम का जन्म इसी दिन हुआ था, इसलिए इसे परशुराम जयंती के रूप में भी मनाया जाता है। इसी दिन युधिष्ठिर को भगवान सूर्य से 'अक्षय पात्र' प्राप्त हुआ था, जो कभी खाली नहीं होता था। व्यास जी और गणेश जी ने महाभारत की रचना इसी दिन आरंभ की थी। कुबेर ने इसी दिन मां लक्ष्मी की पूजा कर अपार धन प्राप्त किया था। भगवान विष्णु ने नर-नारायण, हयग्रीव और परशुराम के रूप में इसी दिन अवतार लिया। इस दिन श्रद्धालु गंगा स्नान, दान, व्रत और पूजन करते हैं। मां लक्ष्मी-नारायण की विशेष पूजा की जाती है। सोना खरीदना इस दिन की खास परंपरा मानी जाती है, क्योंकि यह 'अक्षय संपत्ति' का प्रतीक होता है। पूजा में तांबे के कलश में जल भरकर भगवान विष्णु को अर्पित किया जाता है। खीर, फल, पंचामृत का भोग लगाया जाता है। गरीबों और ब्राह्मणों को अन्न, वस्त्र, जल और धन का दान दिया जाता है। कन्याओं को भोजन कराना अत्यंत पुण्यकारी माना जाता है। भारत के कई हिस्सों में यह दिन कृषि चक्र से भी जुड़ा है। किसान इसे बीज बोने और नई फसल के लिए कामना करने का दिन मानते हैं। राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र में कन्यादान और विवाह की परंपरा इस दिन विशेष रूप से प्रचलित है। इस दिन सोना खरीदना शुभ माना जाता है।

आभूषण कंपनियां, बैंक और निवेश कंपनियां इस दिन को अवसर के रूप में देखती हैं। लोग नया व्यापार शुरू करते हैं, मकान, ज़मीन या वाहन खरीदते हैं और सोना, चांदी, स्टॉक या म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं। यह न केवल धार्मिक आस्था का परिचायक है, बल्कि लोगों की आर्थिक समझ और परंपरा के समन्वय का प्रतीक भी है। पारंपरिक रूप से अक्षय तृतीया प्रकृति के साथ संतुलन और सामंजस्य का पर्व रहा है। यह गर्मी के मौसम की शुरुआत में आता है, जब जल संरक्षण, वृक्षारोपण, और पक्षियों के लिए पानी रखने जैसे कार्यों को बढ़ावा दिया जाता है। कई सामाजिक संगठनों द्वारा इस दिन जल से सेवा (वॉटर बैंकिंग) और हरित अभियान चलाए जाते हैं। शहरी जीवन की भागदौड़ में यह एक ऐसा विराम है, जो हमें प्रकृति के साथ एक बार फिर से जुड़ने का अवसर देता है। आज के समय में जब लोग तेजी से उपभोक्तावाद और भागमभाग की ओर बढ़ रहे हैं, अक्षय तृतीया हमें आध्यात्मिक संतुलन, दया और सद्कर्मों की निरंतरता की याद दिलाता है। यह पर्व सिखाता है कि केवल बाहरी संपत्ति नहीं, बल्कि अक्षय मूल्य सच्चाई, करुणा, दानशीलता और धर्म ही जीवन को समृद्ध बनाते हैं। अक्षय तृतीया केवल एक पर्व नहीं, बल्कि संवेदनशीलता, पुण्य और सकारात्मक आरंभ का उत्सव है। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि जीवन में जो भी शुभ कार्य करें, वह केवल भौतिक नहीं बल्कि आध्यात्मिक और नैतिक उन्नति की ओर भी अग्रसर हो। आज जब हम अक्षय तृतीया मनाएं, तो एक वचन खुद से करें कि हम न केवल अपने लिए, बल्कि समाज और पर्यावरण के लिए भी कुछ 'अक्षय' छोड़कर जाएं।

**जो करे सेवा जल की, वृक्ष लगाए प्यार,**
**उसके जीवन में रहे अक्षय सुख-संसार।**

## अक्षय तृतीया



**डॉ. सत्यवान सौरभ**

**वैशाख की उजली बेला आई,**
**धूप सुनहरी देहरी पर छाई।**
**अक्षय तृतीया का मधुर निमंत्रण,**
**पुण्य-सुधा में डूबा आचमन।**

**न मिटने वाला पुण्य का सूरज,**
**हर मन में भर दे स्वर्णिम किरण।**
**सच की थाली, धर्म का दीपक,**
**दान की बूंदें, जीवन समर्पण।**

**परशुराम की वीरगाथा बोले,**
**गंगा की लहरें चरणों में डोले।**
**युधिष्ठिर को अक्षय पात्र मिला,**
**सत्य का दीप फिर से खिला।**

**मां लक्ष्मी के पग जब आंगन आएं,**
**निर्धन के भी भाग्य मुस्काए।**
**जो दे अन्न, जल और वस्त्र,**
**उसके पुण्य हों कभी न क्षीण शस्त्र।**

**सोने से ज्यादा सोचा जाए,**
**करुणा का सौदा किया जाए।**
**पंछियों को जल, वृक्षों को जीवन,**
**अक्षय हो फिर मानव का चिंतन।**

**ना हो केवल सोने की पूजा,**
**धूल में भी खोजें आत्मारूप सूझा।**
**बिन मुहूर्त जो शुभ हो जाए,**
**ऐसा हर दिन क्यों न हो पाए?**

**खरीदें नहीं केवल आभूषण,**
**उतारें मन के भी आडंबर।**
**आस्था के संग हो सेवा,**
**तभी फले पुण्य का अमर अंतः करण।**

**ओ धन के व्यापारी, सुन ले बात,**
**अक्षय वह जो दे इंसानियत का साथ।**
**सोना-चांदी फिर भी छूटेंगे,**
**पर प्रेम, परोपकार कभी न टूटेंगे।**

**इस तिथि पर कर लो संकल्प,**
**हर कर्म हो सच्चा और सरल।**
**अक्षय बने हर दिन की चेतना,**
**पुण्य हो जीवन की प्रेरणा।**

## तनाव बरकरार
### पाक ने शुरू की मोर्चाबंदी



# युद्ध सामग्री लेकर तुर्की का विमान पहुंचा पाक

**नगर।** पहलगाम अटैक के जवाब में भारत के संभावित हमले को देखते हुए पाकिस्तान ने एलओसी के पास से आतंकियों को हटने का आद. ेश दिया है। ये इलाके कश्मीर में घुसपैठ के लिए जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों के लॉन्चिंग पैड माने जाते हैं। पाकिस्तानी सेना को डर है कि भारत इन ठिकानों को निशाना बना सकता है। अभी तक कितने आतंकियों को हटाया गया है, इसकी सटीक संख्या सामने नहीं आई है। लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक यह संख्या 30-50 के बीच हो सकती है।

पाकिस्तानी सेना ने इन आतंकियों को अपने बंकरों और सुरक्षित ठिकानों में शिफ्ट किया है। सूत्रों के अनुसार, ये लॉन्चिंग पैड दुध. नियाल, अथमुकाम, लीपा, फारवर्ड कहूटा और कोटली जैसे एलओसी के पास के इलाकों में हैं। इधर, जम्मू-कश्मीर सरकार ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद सभी ट्रेकिंग एक्टिविटीज पर रोक लगा दी है। सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि दक्षिण और उत्तर कश्मीर के कई ट्रेकिंग रूटों पर आतंकियों की आवा. जाही होती है।

युद्ध की आशंका के बीच 27 अप्रैल की रात तुर्किए के सात सी-130 हरक्यूलिस सैन्य विमान कराची और इस्लामाबाद पहुंचे। इनमें से 6 इस्लामाबाद और एक कराची के पाकिस्तान एयरफोर्स बेस फैसल पर उतरा। यह युद्ध सामग्री लेकर आए हैं। पाकिस्तानी सेना के कई टैंक (जैसे अल-खालिद) और फाइटर जेट (जैसे जेएफ-17) पुराने और सीमित क्षमता वाले हैं। ऐसे में पाकिस्तान युद्ध सामग्री जुटाने में लगा हुआ है। अरब सागर में जंगी जहाजों से मिसाइल टेस्टिंग भारतीय नौसेना ने अरब सागर में अपने जंगी जहाजों से कई मिसा. इलों का टेस्ट किया। यह टेस्ट पूरी तरह सफल रहा। नौसेना ने कहा कि वह दिन-रात देश की रक्षा के लिए तैयार है। समुद्र में कहीं भी कोई खतरा हो, हम उसका आसानी से सामना कर सकते हैं।

## पाक ने लॉन्चिंग पैड से लगभग 50 आतंकियों को हटाकर बंकरों में भेजा



## रूसी सेना ने नष्ट किए यूक्रेन के 91 ड्रोन

**मॉस्को।** रूस की वायु रक्षा प्रणालियों ने सोमवार देर रात 40 यूक्रेनी ड्रोन नष्ट कर दिए। रूस के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि कुल मिलाकर स्थानीय समयानुसार 28 अप्रैल रात आठ बजे से 29 अप्रैल को सुबह छह बजे तक वायु रक्षा प्रणालियों ने 91 यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट कर दिया। मंत्रालय ने कहा, बीती रात रूस के वायु रक्षा प्रणालियों ने 40 यूक्रेनी फिक्स्ड-विग ड्रोन नष्ट कर दिए इनमें रियाज़ान क्षेत्र में 11 ड्रोन, निज़्नी नोवगोरोड क्षेत्र में आठ ड्रोन, ओर्योल क्षेत्र में सात ड्रोन, क्रीमिया गणराज्य में चार ड्रोन, काला सागर में चार ड्रोन, मास्को क्षेत्र में दो ड्रोन, बेलगोरोड क्षेत्र में दो ड्रोन, कलुगा क्षेत्र में एक ड्रोन और ब्रांस्क क्षेत्र में एक ड्रोन है।

# पैगंबर मोहम्मद पर विवादित ऑडियो वायरल, सीरिया में हिंसा

## जरामाना में भड़की हिंसा में चार लोगों की मौत

**दमिश्क।** सीरिया की राजधानी दमिश्क के एक उपनगर जरामाना में मंगलवार को ड्रूज समुदाय के स्थानीय बंदूकधारियों और सरकार समर्थक लड़ाकों के बीच झड़प हो गई, जिसमें कम से कम चार लोग मारे गए।

यह झड़प एक सोशल मीडिया ऑडियो क्लिप के चलते शुरू हुई, जिसमें एक व्यक्ति ने इस्लाम के पैगंबर मुहम्मद को लेकर बयानबाजी की गई। इस ऑडियो को एक ड्रूज़ मौलवी से जोड़ा गया, लेकिन मौलवी ने इस आरोप से इंकार किया। बढ़ते विवाद को देख ड्रूज़ मौलवी मारवान किवान ने एक वीडियो जारी कर अपना स्पष्टीकरण दिया। किवान ने कहा कि वह उस ऑडियो के लिए जिम्मेदार नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि मैंने ऐसा कुछ नहीं कहा और जिसने भी यह ऑडियो बनाया है, वह सीरियाई समाज में संघर्ष को भड़काना चाहता है। हालांकि सीरियाई आंतरिक मंत्रालय ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है और बयान जारी कर बताया कि शुरुआती जांच में यह पाया गया कि मौलवी इस ऑडियो के लिए जिम्मेदार नहीं हैं।

साथ ही मंत्रालय ने लोगों से कानून का पालन करने और सुरक्षा को खतरे में डालने वाले किसी भी कृत्य से बचने की अपील की। ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स के अनुसार, इस झड़प में चार लोग मारे गए, जबकि एक्टिविस्ट मीडिया समूह सुवेदा 24 के अनुसार, पांच लोग मारे गए और 12 घायल हुए हैं। गौरतलब है कि ऐसी झड़पें हाल के दिनों में सीरिया के ड्रूज समुदाय और सरकारी बलों के बीच बढ़ते तनाव का हिस्सा हैं। जहां बीते एक मार्च को इस्राइल ने भी जरामाना की सुरक्षा के लिए अपनी सेना को तैयार रहने का आदेश दिया था, क्योंकि यह इलाका सीरियाई बलों के हमलों का शिकार हो सकता था।

# पुस्तकालय से धर्मनिरपेक्ष लेखकों की किताबें लूटी

**ढाका।** बंगलादेश में एक इस्लामी संगठन ने ढाका के तंगाली जिले के एक पुस्तकालय में लूटपाट कर उन पुस्तकों को चुरा लिया जिनके बारे में उनका दावा है कि वे नास्तिकों द्वारा लिखी गई हैं। इनमें नोबेल पुरस्कार विजेता कवि रवींद्रनाथ टैगोर और काजी नजरुल इस्लाम की पुस्तकें भी शामिल थी जिन्हें देश में राष्ट्रीय महत्व का प्रतीक माना जाता है। इस्लामी चरमपंथ के बढ़ते प्रभाव और बंगलाद. ेश के धर्मनिरपेक्ष- बहुलवादी ताने-बाने के क्षय को दर्शाते हुए कट्टरपंथियों ने तंगैल धनबारी के उपजिला में खुलेआम एक पुस्तकालय में लूटपाट की। स्थानीय पुलिस ने उन्हें रोकने का कोई प्रयास नहीं किया। खिलाफत मजलिस नामक एक कट्टरपंथी समूह ने इस आधार पर पुस्तकें चुराई कि इस जगह पर काजी नजरुल इस्लाम, रवींद्रनाथ टैगोर, जफर इकबाल, हुमायूं आजाद, हुमायूं अहमद आदि जैसे नास्तिक लेखकों की पुस्तकें रखी हुई हैं।

लगभग 400 पुस्तकें चुरा ली। इस बीच इस लूटपाट को सही ठहराते हुए समूह के धनबारी उपजिला संगठन सचिव गोलम रब्बानी उर्फ रिशाद अमीन ने सोशल मीडिया पर लिखा कि धनबारी में नास्तिकता के लिए कोई जगह नहीं होगी। यह हमारा अंतिम बयान है। हमें एक ऐसी फैक्ट्री मिल गई है जो नास्तिक बनाती है। उन्होंने कहा कि अपनी फैक्ट्री बंद करो और तुरंत धनबारी छोड़ दो। तुम लंबे समय से सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करके पाखंड करते आ रहे हो। अब तुम्हें यह मौका नहीं मिलेगा। चलो साफ हो जाओ। लूटपाट की इस घटना के बारे में बताते हुए पुस्तकालय के महासचिव दुर्जय चंद्र घोष ने कहा, रात में धार्मिक वेश धारण किए 20-25 लोग पुस्तकालय में घुस आए और तरह-तरह की धमकियां देने लगे।

# विदेश में चार दिन से लापता भारतीय छात्रा मृत मिली

**ओटावा।** कनाडा में अध्ययन के लिए गई भारतीय छात्रा वंशिका कनाडा के ओटावा में रहस्यमयी परिस्थितियों में मृत पाई गई है। ओटावा स्थित भारतीय उच्चायोग ने इसकी पुष्टि की है। उच्चायोग ने कहा, हमें ओटावा में भारतीय छात्रा सु. वंशिका की मौत की सूचना मिलने पर बहुत दुख हुआ है। मामले को संबंधित अधिकारियों के समक्ष उठाया गया है। हम शोक संतप्त परिजनों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए उनके और स्थानीय सामुदायिक संघों के साथ निकट संपर्क में हैं। स्थानीय पुलिस के अनुसार, मौत के कारणों की जांच की जा रही है। पंजाब के डेरा बस्सी की मूल निवासी व आम आदमी पार्टी नेता देविदर सिंह की बेटी वंशिका डिप्लोमा कोर्स करने के लिए ढाई साल पहले ओटावा गई थी।

# अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता आतंकवाद के खिलाफ जीरो टोलेरेंस का सबूतः भारत

**न्यूयॉर्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र में कहा है कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जिस तरह से अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ने एकजुटता दिखाई है, वह आतंकवाद के खिलाफ जीरो टोलेरेंस का सबूत है। योजना पटेल ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमला, 26/11 के मुंबई हमले के बाद आम नागरिकों पर हुआ सबसे बड़ा आतंकी हमला है। भारत दशकों से सीमापार आतंकवाद का पीड़ित रहा है और हम अच्छी तरह से समझ सकते हैं कि आतंकी घटनाओं का पीड़ितों, परिवारों और समाज पर क्या असर होता है। संयुक्त राष्ट्र के आतंकवाद रोधी कार्यालय में आयोजित हुए विक्टिम ऑफ टेरेरिज्म एसोसिएशन नेटवर्क कार्यक्रम में योजना पटेल ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद जिस तरह से वैश्विक समुदाय ने भारत का समर्थन किया, हम उसकी तारीफ करते हैं। पहलगाम के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर, इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस आदि ने हमले कड़ी निंदा की।


## आतंकवादी हमले में 20 से अधिक लोगों की मौत

**अबुजा।** नाइजीरिया के पूर्वोत्तर राज्य बोर्नो में हुए एक आतंकवादी हमले में 20 से अधिक लोग मारे गए हैं। वैनगार्ड समाचार पोर्टल ने एक सूत्र के हवाले से सोमवार को यहां बताया कि हमले में शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण (आईईडी) का इस्तेमाल किया गया था। सूत्र ने कहा, मृतकों में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। कुछ लोगों के मुताबिक मृतकों की संख्या 20 से ज्यादा है और कई अन्य घायल भी हुए हैं।

## अमेजन ने अंतरिक्ष में भेजी उपग्रहों की पहली खेप

**लॉस एंजिल्स।** अमेजन ने वैश्विक ब्रॉडबैंड पहुंच का विस्तार करने के प्रयासों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सोमवार को अपने प्रोजेक्ट कुइपर के लिए उपग्रहों का पहली खेप लॉन्च की। उपग्रहों को अमेरिका के फ्लोरिडा राज्य में केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से यूनाइटेड लॉन्च अलायंस एटलस वी रॉकेट के जरिए शाम 7:01 बजे लॉन्च किया गया। अमेजन के अनुसार, केए-01 कोडनेम वाले इस मिशन की योजना पृथ्वी से 450 किलोमीटर की ऊंचाई पर 27 उपग्रहों को तैनात करने की है। यह मिशन अमेजन के प्रोजेक्ट कुइपर की शुरुआत का प्रतिनिधित्व करता है, जिसके तहत पृथ्वी की निचली कक्षा में 3,000 से अधिक उपग्रहों का एक समूह तैनात किया जाएगा। इसका उद्देश्य दुनिया भर के ग्राहकों और समुदायों को उच्च गति वाली निर्बाध इंटरनेट पहुंच प्रदान करना है।

# कनाडा के चुनाव में रचा गया इतिहास, मार्क कार्नी होंगे पीएम



**ओटावा।** खालिस्तान समर्थक और कनाडा के मशहूर नेता जगमीत सिंह को बड़ा झटका लगा है। कनाडा के आम चुनाव में जगमीत की एनडीपी पार्टी की करारी हार हुई है। जगमीत खुद भी चुनाव हार गए हैं। हार के बाद जगमीत ने अपने पद से इस्तीफा देने की घोषणा की है। कनाडा के स्थानीय मीडिया के मुताबिक एनडीपी को पूरे चुनाव में सिर्फ 7 सीटों पर जीत मिली है। जगमीत खुद की सीट पर तीसरे नंबर पर पहुंच गए, जिसके बाद उनके राजनीतिक करियर खत्म होने की चर्चा भी शुरू हो गई। शुरुआती नतीजे के बाद जगमीत ने कार्यकर्ताओं से बात की। जगमीत ने कहा- मैंने मूवमेंट को कमजोर नहीं पड़ने दिया, लेकिन जनता ने इसे स्वीकार नहीं किया। मैं निराश जरूर हूं, लेकिन हारा नहीं। आगे कोशिश करूंगा। जगमीत ने भावुक होकर अपने इस्तीफे की घोषणा की। 2021 के चुनाव में जगमीत की पार्टी को 25 सीटों पर जीत मिली थी। जगमीत की पार्टी सरकार में किंगमेकर की भूमिका में थी। सिख समुदाय से ताल्लुक रखने वाले जगमीत सिंह की गिनती कनाडा के बड़े राजनेताओं में होती है। राजनीति में आने से पहले जगमीत वकालत करते थे। इसी दौरान वे खालिस्तान मूवमेंट को लेकर सक्रिय रहे। जगमीत पर खालिस्तान समर्थकों को कानूनी सहायता मुहैया कराने का आरोप है। भारत ने जगमीत को बैन कर रखा है। जगमीत कनाडा में अपने सिख राजनीति को चमकाने के लिए खालिस्तान मूवमेंट का सहारा लिया। कनाडा में सिख को अल्पसंख्यक समुदाय का दर्जा है। यहां की सिखों की कुल 2।1 प्रतिशत आबादी है। जस्टिन ट्रूडो की लिबरल पार्टी फिर से सत्ता में वापस आ रही है। लिबरल पार्टी 166 सीटों पर जीतती नजर आ रही है। कनाडा में सरकार बनाने के लिए 172 सांसदों की जरूरत होती है।

# अमेरिका का 500 करोड़ का विमान समुद्र में डूबा



**वाशिंगटन।** अमेरिकी नौसेना का एक एफ/ए-18 ई सुपर हॉर्नेट फाइटर जेट एयरक्राफ्ट कैरियर से फिसलकर लाल सागर में गिर गया है। यह हादसा सोमवार 28 अप्रैल को हुआ है। यह फाइटर जेट एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस हैरी एस। ट्रूमन पर तैनात था। यूएस नेवी के मुताबिक यह हादसा तब हुआ जब नौसेना के जवान विमान को हैंगर में खींचकर ले जा रहे थे। इसी दौरान विमान हैंगर डेक से फिसलकर समुद्र में गिर गया। साथ में उसे खींचने वाला वाहन भी पानी में चला गया। विमान की कीमत 6 बिलियन डॉलर यानी करीब 500 करोड़ है। नेवी के मुताबिक विमान को खींच रहे जवानों को जैसे ही खतरे का अंदेशा हुआ वे पीछे हट गए। हादसे में किसी तरह का जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन एक सैनिक को चोट आई हैं। एफ/ए-18 ई सुपर हॉर्नेट अमेरिकी नौसेना का एक मॉडर्न मल्टीरोल फाइटर जेट है। इसे खासतौर पर एयरक्राफ्ट कैरियर से उड़ान भरने के लिए डिजाइन किया गया है। यह एक ही सीट वाला विमान है। यह हवा से हवा तथा हवा से जमीन पर हमला करने में सक्षम है। इसकी अधिकतम स्पीड लगभग 1900 किमी/घंटा है और यह करीब 2,300 किमी की रेंज तक उड़ सकता है। सुपर हॉर्नेट में एडवांस्ड एवियोनिक्स, रडार जैमिंग सिस्टम, और सटीक गाइडेड हथियार ले जाने की क्षमता है। यह अमेरिकी नौसेना के स्ट्राइक मिशन, टोही अभियानों और समुद्री सुरक्षा में अहम भूमिका निभाता है। कई अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा है कि यह हादसा एयरक्राफ्ट कैरियर को मोड़ने की वजह से हुआ है। रॉयटर्स ने एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से बताया कि एयरक्राफ्ट कैरियर ने हूती विद्रोहियों के हमले से बचने के लिए अपनी दिशा अचानक बदली थी।

हालांकि यह साफ नहीं है कि विमान इसी वजह से गिरा है या इसके पीछे कोई और वजह थी। हूती विद्रोहियों ने 28 अप्रैल को एक बयान में कहा था कि उन्होंने अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर और उसके साथ मौजूद युद्धपोतों को निशाना बनाया था। हूती विद्रोहियों ने इसे अमेरिकी नरसंहार का जवाब कहा था। अमेरिका पिछले कई महीनों से यमन में हूती विद्रोहियों के खिलाफ हमले कर रहा है। अब तक अमे. रिकी हमले में सैकड़ों लोग मारे गए हैं।

## मोदी ने कार्नी को प्रधानमंत्री चुने जाने पर बधाई दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कनाडा के संसदीय चुनाव में लिबरल पार्टी की जीत और मार्क कार्नी को देश का नया प्रधानमंत्री चुने जाने पर उन्हें बधाई दी है। मोदी ने एक्स पर अपनी एक पोस्ट में लिखा कि कनाडा के प्रधानमंत्री के रूप में आपके चुने जाने और लिबरल पार्टी को उनकी जीत पर बधाई। भारत और कनाडा साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, कानून के शासन के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता और लोगों के बीच जीवंत संबंधों से बंधे हैं। मोदी ने कहा कि मैं हमारी साझीदारी को मजबूत करने और हमारे लोगों के लिए अधिक से अधिक अवसरों का उपयोग करने के लिए आपके साथ काम करने के लिए तत्पर हूं।

Contact for admission
Seats are Limited
Low Neet Score.... Low Budget Student's (Don't Worry)
Register Today....and Get Discount
Complete Your MBBS in just 20 to 23 Lakhs (Approx) Including
Tuition Fee, Hostel Fee, Food 3 Times, Visa Ext., Insurance Medical, Transportation, Laundry & FMGE Coaching By Experts Regularly (No Extra, No Hidden Charges
➢Russia
➢Georgia
➢Kazakistan
➢Kyragyzstan
➢Uzbekistan
➢Iran
➢Bangladesh
➢Nepal
➢China
➢Europe
➢Egypt
➢Armenia
➢U.K.
➢Canada
➢U.S.A.
Anjum Kaleem
8384872313
9457439020
No need to go Delhi or NCR, Come to Bijnor
100% Sure and Safe
India's Leading Education Consultancy
M.B.B.S./M.D BHMS, BAMS BDS, BUMS
Since 2010
ABROAD ADMISSION & COUNSELLING FOR INDIA
Top Govt. Universities NMC, WHO, WFME, UNESCO, US Assmebly Approved Universities
Indian Hostel And Mess Available
Lowest Price Packages
www.mbbsbijnor.com
M.B.B.S. ABROAD CONSULTANCY
Office Add. : Moin ka Chauraha Opposite Tiranga Enterprise, Chahshreen B-21, Bijnor

झाईयाँ व दाग-धब्बों के लिए अचूक उपाय
असर केवल 7 दिनों में
गोरेपन की क्रीम
Fair Snow™
Cream & Soap
For Men & Women
फेयर स्नो क्रीम व साबुन की विशेषताएँ
• चेहरे का सांवलापन • आँखों के काले घेरे
• काले रंग के निशान • झाँईयां या झुर्रियाँ
• चोट/जले का निशान • मुहाँसों के निशान
अधिक गोरापन पाने के लिए दिन में दो बार फेयर स्नो स्क्रब सोप व माश्चराईजर सोप से चेहरा वॉश करें व रात में क्रीम का प्रयोग करें।
Customer Care No. +91-9756686426

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108